CMYK

अधिकतम :25°C
न्यूनतम: 10°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, रविवार 16 नवम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 225 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## संक्षिप्त समाचार

### बिहार चुनाव नतीजे स्ट्राइक रेट अविश्वसनीय: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों को अभूतपूर्व, अविश्वसनीय और संदिग्ध बताते हुए कहा है कि इस बारे में डाटा एकत्र कर सभी पहलुओं की गहनता और ठोस सबूतों के साथ व्यापक पड़ताल की जाएगी। बैठक में राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और अजय माकन भी मौजूद रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर शनिवार को इस बारे में वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई, जिसमें कहा गया है कि बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम एकपक्षीय रहे हैं और इसे देखते हुए सवाल उठने लाजमी हैं। उनका कहना था कि चुनाव परिणामों को लेकर गहन पड़ताल की आवश्यकता है। इसलिए इस पूरे प्रकरण की जांच होगी और इससे जुड़े काम दो सप्ताह के भीतर शुरू कर दिए जाएंगे।

### सियासत से अलग हुई लालू की बेटी रोहिणी आचार्य

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य ने राजनीति छोड़ने का ऐलान किया है। इतना ही नहीं उन्होंने अपने परिवार से दूरी बनाने की भी घोषणा कर दी है। रोहिणी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं राजनीति छोड़ रही हूं और अपने परिवार से भी नाता तोड़ रही हूं। यह वही बात है, जो संजय यादव और रमीज़ ने मुझसे कहने को कहा था।


# बिहार ने सांप्रदायिकता का जहर ठुकराया: मोदी

**सूरत, वार्ता**

**पीएम मोदी ने** सूरत में बिहार के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार का टैलेंट दुनिया में हर जगह है। यहां के लोग दुनिया की राजनीति को समझते हैं। बिहार ने सांप्रदायिकता के जहर को ठुकरा दिया।

पंडोरी माता को गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के आदिवासी समुदाय अपनी कुलदेवी मानते हैं। पीएम ने डेडियापाडा में 4 किमी लंबा रोड शो भी किया। इस दौरान आदिवासी समुदाय के हजारों लोग सड़क किनारे नजर आए। इसके बाद उन्होंने 9700 करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात पहुंचे। उन्होंने कहा कि मैं देश का पहला पीएम हूं, जो भगवान बिरसा मुंडा के घर गया था। उनके परिवार के लोगों के साथ मेरा मिलना जारी है। उन्होंने आगे कहा कि देश में 6 दशक तक राज करने वाली कांग्रेस ने आदिवासियों को उनके हाल पर छोड़ा था। यहां कुपोषण, स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा का अभाव रहा। पीएम ने इससे पहले सूरत में बन रहे मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का जायजा लिया। इसके बाद नर्मदा जिले के डेडियापाडा पहुंचे और देवमोगरा मंदिर में पंडोरी माता की पूजा की। मोदी ने कहा कि एनडीए ने हमेशा आदिवासी समाज के लोगों ने शीर्ष पदों पर बिठाया है। छत्तीसगढ़ के सीएम राज्य का कायाकल्प कर रहे हैं। उड़ीसा सीएम जनजातीय समाज के हमारे माझी जी उड़ीसा का विकास कर रहे हैं। हमने कई राज्यों में आदिवासी सीएम दिए। भाजपा ने कई राज्यों में आदिवासी को जगह दी। मंगूभाई पटेल एमपी के राज्यपाल हैं। सोनोवाल जी शिपिंग मिनिस्ट्री संभाल रहे हैं। भीड़ में मौजूद बच्ची की लाई पेंटिंग एसपीजी जवानों से लेने को कहा कि साथ ही बच्चे से कहा- मैं आपको चिट्ठी लिखूंगा।

**जमानती नेताओं ने चुनाव में इसे खूब फैलाया लेकिन लोगों ने इसे नकार दिया**



**पीएम ने 9700 करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया**

### दिल्ली ब्लास्ट मामले में बंगाल से MBBS छात्र गिरफ्तार

**कोलकाता।** बीते दिनों दिल्ली में लालकिले के पास हुए धमाके के मामले में एनआईए ने जांच तेज कर दी है। इसके तहत जांच एजेंसी ने पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर से एक एमबीबीएस छात्र जानिसुर उर्फ निसार आलम को आतंक संगठनों से कथित संबंधों के शक के आधार पर गिरफ्तार किया है।

# फरीदाबाद से जब्त विस्फोटक से श्रीनगर थाने में धमाका, नौ की मौत, 32 घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात करीब 11.22 बजे बड़ा धमाका हुआ। 9 लोगों की मौत हो गई है, 32 लोग घायल हैं। इनका 92 आर्मी बेस और एसकेआईएमएस सौरा हॉस्पिटल में इलाज जारी है। अधिकारियों के मुताबिक, ब्लास्ट उस समय हुआ जब पुलिस व्हाइट कॉलर आतंकी मॉडयूल मामले में जब्त विस्फोटक के सैंपल ले रही थी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या पुलिस स्टेशन में पूरा 360 किलो विस्फोटक रखा गया था या फिर कुछ हिस्सा ही लाया गया था। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने कहा कि यह एक हादसा था। सैंपलिंग के वक्त ब्लास्ट हुआ। मारे गए 9 लोगों में से एक इंस्पेक्टर, 3 फॉरेंसिक टीम मेंबर, 2 क्राइम ब्रांच फोटोग्राफर, 2 राजस्व अधिकारी और एक दर्जी शामिल है। दरअसल यह विस्फोटक हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार डा. मुजम्मिल गनई के किराए के घर से जब्त किया गया था। गनई को दिल्ली ब्लास्ट केस में पहले ही अरेस्ट किया जा चुका है। 10 नवम्बर को दिल्ली में लालकिला के पास कार ब्लास्ट में 13 लोगों की मौत हो गई थी। नौगाम पुलिस स्टेशन में हुए ब्लास्ट में मारे गए दर्जी मोहम्मद शफी पैरी को शनिवार को दफनाया गया। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि श्रीनगर ब्लास्ट में थाने की आसपास की जिन भी -शेष पृष्ठ दो पर



**मृतकों में एक इंस्पेक्टर, तीन फॉरेंसिक टीम मेंबर, दो क्राइम ब्रांच फोटोग्राफर, दो राजस्व अधिकारी और एक दर्जी शामिल**

**व्हाइट कॉलर आतंकी मॉडयूल मामले में जब्त विस्फोटक के सैंपल लेते समय अमोनियम नाइट्रेट में जोरदार ब्लास्ट हुआ**

### नौगाम थाने में विस्फोट दुर्घटनावश हुआ: गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर के नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात हुए विस्फोट को दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना बताते हुए कहा है कि यह जब्त किये गये विस्फोटक पदार्थों और रसायनों को परीक्षण के लिए भेजे जाने से पहले हुआ जिसके कारणों की जांच की जा रही है और इसे लेकर अनावश्यक अटकलें नहीं लगाई जानी चाहिए।

# 200 डाक्टर और मेडिकल छात्र रडार पर

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट की जांच में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ा खुलासा किया है। कश्मीर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से जुड़े लगभग 200 डाक्टर और मेडिकल छात्र रडार पर हैं। जैश-ए-मोहम्मद की महिला रिक्रूटर डा. शाहीन के नेटवर्क से उनके संबंधों की जांच हो रही है।

दिल्ली बम ब्लास्ट की जांच आगे बढ़ रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने लिस्ट तैयार की है और एक एक कर सबसे पूछताछ की जा रही है। मामले के तार कश्मीर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के साथ साथ विदेशों से भी जुड़े हैं। सूत्रों के अनुसार, इन डाक्टरों और छात्रों के डा. शाहीन, डा. उमर मोहम्मद से और अन्य आरोपियों से संपर्क रहे हैं और यह जांच की जा रही है कि जा रही है कि कहीं यह व्हाइट कालर मॉड्यूल का हिस्सा तो नहीं। उत्तर प्रदेश के करीब 200 डाक्टर एजेंसियों के रडार पर हैं। गिरफ्तार होने वाली महिला डाक्टर शाहीन ने पाकिस्तान समेत कई देशों में नेटवर्क बनाया था। उसके संपर्क में पाकिस्तान सेना के डाक्टर समेत कश्मीरी मूल के कई और डाक्टर और छात्र थे। यूपी में काम करने वाले कश्मीरी मूल के करीब 200 डाक्टर और मेडिकल स्टूडेंट एजेंसियों के रडार पर हैं। सूत्रों से खुलासा हुआ है कि डाक्टर शाहीन लगातार यूपी में काम करने वाले 30 से 40 डाक्टर के संपर्क में थी। शाहीन वह महिला है, जिसे जैश-ए-मोहम्मद का हिंदुस्तान में महिला विंग का रिक्रूटर माना जा रहा है।

**■ लिस्ट तैयार, एक-एक कर सबसे होगी पूछताछ**







## संक्षिप्त समाचार

### मनोज कुमार सिंह बने राज्य ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को तीन साल के लिए राज्य ट्रांसफॉर्मेशन कमिशन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी का विशेष दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य योजना आयोग1 की अधिसूचना के अनुसार मनोज कुमार सिंह को आयोग में कार्यभार ग्रहण करने के लिए नामित किया गया है। आदेश के मुताबिक उन्हें पूर्व कार्यकारी अनुभव को आधार मानते हुए तीन साल तक मुख्य कार्यकारी स्तर पर सेवाएं देने के लिए अधिकृत किया गया है। इस अवधि में उन्हें वेतन तथा नियमानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### मादक पदार्थों के तस्कर की इमारत को किया ध्वस्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को उधमपुर जिला में मादक पदार्थों के एक कुख्यात तस्कर की करोघें रुपये की इमारत को ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने बताया कि चेनानी तहसील के नरसू निवासी माखन दीन नामक मादक पदार्थ तस्कर की इमारत को ध्वस्त कर दिया गया है। माखन दीन एक आदतन अपराधी है और विभिन्न मामलों में संलिप्त पाया गया है। नशीले पदार्थों की तस्करी में लगातार संलिप्तता के कारण उसे पीआईटी एनडीपीएस के तहत भी हिरासत में लिया गया था और वर्तमान में वह जम्मू के कोट भलवाल केंद्रीय कारागार में बंद है। पुलिस ने बताया कि जांच अधिकारी ने पाया कि माखन दीन ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर नरसू चेनानी में राष्ट्रीय राजमार्ग द्धएनएचत्र्क 44 पर करोड़ों रुपये की पांच व्यावसायिक संपत्तियां और एक आवासीय संपत्ति का निर्माण किया था।

# फैसलों में मिश्रित हिन्दी-अंग्रेजी के प्रयोग पर आपत्ति

**प्रयागराज, वार्ता**

■ **हाईकोर्ट ने कहा- ट्रायल कोर्ट हिंदी या अंग्रेजी में लिखें फैसले, न हों दोनों भाषाओं का मिश्रण**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने परीक्षण न्यायालयों (ट्रायल कोर्ट) के फैसलों में हिंदी-अंग्रेजी मिश्रित भाषा के प्रयोग पर आपत्ति जताई है। कोर्ट ने कहा है कि फैसले पूरी तरह से हिंदी या अंग्रेजी में हों।

मिश्रित भाषा में फैसले लिखना पूरी तरह से गलत और अस्वीकार्य है। इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा और न्यायमूर्ति अजय कुमार द्वितीय की खंडपीठ ने आगरा की सत्र अदालत के 54 पन्नों के फैसले को अवांछनीय परंपरा का अभूतपूर्व उदाहरण बताया। साथ ही इस आदेश की प्रति मुख्य न्यायाधीश को भेजने और प्रदेश के सभी न्यायिक अधिकारियों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि हिंदी भाषी राज्य में फैसलों को हिंदी में लिखने का उद्देश्य यह है कि सामान्य वादी-प्रतिवादी भी अदालत की बात और उसके तर्क को समझ सके। यदि निर्णय का आधा हिस्सा अंग्रेजी और आधा हिंदी में होगा, तो आम हिंदी भाषी व्यक्ति फैसले का अभिप्राय समझ नहीं पाएगा। अदालत ने पाया कि संबंधित फैसले में 199 पैरा में से 63 अंग्रेजी, 125 हिंदी और 11 में दोनों भाषाओं के मिले-जुले शब्द थे। कुछ पैरा तो ऐसे थे, जिनमें आधा वाक्य हिंदी और आधा अंग्रेजी में लिखा गया था। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि निर्णय हिंदी में लिखा जा रहा हो, तो उच्च न्यायालय या सुप्रीम कोर्ट के अंग्रेजी उद्धरण को कोट करना उचित है, लेकिन इसका हिंदी अनुवाद भी जरूर दिया जाए। वहीं अंग्रेजी भाषा में लिखे निर्णय में हिंदी में दर्ज मरने से पहले के बयान (डाइंग डिक्लेरेशन) को जस का तस लिखा जा सकता है। मामला आगरा के बरहन थाना क्षेत्र का है। ट्रायल कोर्ट ने 2021 में दहेज हत्या के मामले में पति रवि को बेगुनाह करार देते हुए बरी कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ मृतका अंकिता के पिता वेद प्रकाश त्यागी ने हाईकोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले पर मुहर लगाते हुए अपील खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि मृतका की मौत विवाह के सात वर्ष के भीतर जरूर हुई थी और विषाक्तता से हुई थी, लेकिन दहेज की मांग से जुड़ीं क्रूरताओं का कोई ठोस प्रमाण रिकॉर्ड पर नहीं आया। गवाहों के बयान भी परस्पर विरोधी पाए गए। साथ ही पति द्वारा पत्नी को अस्पताल ले जाना, खर्च वहन करना और अंतिम संस्कार करना उसके सद्भावपूर्ण आचरण को दर्शाता है। साक्ष्यों के अनुसार अभियोजन मृत्यु से ठीक पहले क्रूरता या उत्पीड़न साबित करने में विफल रहा।

### अपर्याप्त कोष के आधार पर जीपीएफ का भुगतान न करने पर कोर्ट हैरान

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक सेवानिवृत्त सहायक अध्यापिका की सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) का भुगतान श्कोष की अपर्याप्तताश्‍ के आधार पर रोके जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि वित्त एवं लेखा अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आगरा का वेतन तत्काल प्रभाव से तब तक के लिए रोक दिया जाए, जब तक कि याची के जीपीएफ राशि का ब्याज सहित भुगतान नहीं हो जाता। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की एकलपीठ ने मीना कुमारी शर्मा की याचिका पर दिया है। याची 31 मार्च 2023 को सहायक अध्यापक के पद से सेवानिवृत्त हुई थी। उन्हें अभी तक जीपीएफ (37 लाख 27 हजार 9 सौ 66 रुपये) का भुगतान नहीं किया गया है। इसे लेकर उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की।

## आयोग ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर कांग्रेस को दिया जवाब

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूची में तीन लाख नए नाम जोड़ने संबंधी कांग्रेस के सवाल पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि मतदान से दस दिन पहले तक सूची में नए नाम जोड़ने का नियम है और उसी के तहत 30 सितम्बर की सूची के मुकाबले छह अक्टूबर की मतदाता सूची में तीन लाख नए मतदाता जोड़े गए हैं।

आयोग ने एक सप्ताह के भीतर मतदाता सूची में तीन लाख नए जाड़ने को लेकर कांग्रेस के सवालों का जवाब देते हुए कहा है कि आयोग के नियमों में मतदान से दस दिन पहले तक यदि कोई मतदाता नाम जोड़ना चाहता है, तो उसे मतदाता सूची में जोड़ने का विधान है। आयोग ने कहा है कि बिहार में अतिरिक्त तीन लाख मतदाताओं के बढ़ने को लेकर कांग्रेस ने जो सवाल उठाया है उस पर स्पष्टीकरण देना जरूरी है। चुनाव आयोग के अनुसार मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने 6 अक्टूबर को प्रेस नोट में बिहार में कुल मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ और मतदान के बाद की विज्ञप्ति में 7.45 करोड़ बताई है। कांग्रेस ने अतिरिक्त तीन लाख वोटरों को बढ़ने को लेकर जो सवाल उठाए हैं उन पर स्पष्टीकरण जरूरी है। आयोग ने कहा कि छह अक्टूबर को बताई गई 7.42 करोड़ निर्वाचकों की संख्या, 30 सितम्बर को निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित थी।

## अतीक के गुर्गों से मुक्त कराई गई 48 बीघा सरकारी जमीन

**प्रयागराज, वार्ता**

■ **जमीन की कीमत करीब 80 करोड़ रुपये बताई जा रही**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मृतक अतीक अहमद के गुर्गों के द्वारा कब्जे से 48 बीघा सरकारी जमीन मुक्त करा ली गई है। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के नसीरपुर सिलना गांव में अतीक के गुर्गों ने सरकारी जमीन पर कब्जा किया हुआ था, जिसको आज शनिवार को एसडीएम सदर अभिषेक कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत मुक्त कराया गया।

इस जमीन को अब ग्रामसभा के नाम पर दर्ज कराया जाएगा। अतीक अहमद के गुर्गों से कब्जा मुक्त कराई गई जमीन की कीमत करीब 80 करोड़ रुपये बताई जा रही है। नसीरपुर सिलना की खतौनी 1428-33 फसली वर्ष की आराजी संख्या 29 रकबा 1-7010 श्रेणी 3 के रूप में दर्ज मिलने की जांच कराई गई। उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था नियमावली 1952 के नियमों के तहत कार्रवाई करते हुए एसडीएम सदर ने मौजा नसीरपुर सिलना परगना व तहसील सदर में दर्ज को 14 गाटे को चिन्हित किया, जिनका कुल रकबा 8-7550 हेक्टेयर यानि कुल 38 बीघा जमीन पर कब्जा पाया गया था।

इस पूरी जमीन से खातेदारों के नाम निरस्त ग्राम सभा के नाम पर दर्ज कराया गया, जमीन अवैध कब्जे से मुक्त करने के बाद तहसीलदार सदर के जरिए राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को भूमि की सुरक्षा का निर्देश दिया गया है। बताया जा रहा है। सरकारी जमीन पर अतीक के करीबी अमानुल्ला, इश्तियाक अहमद, एकबाल अहमद, गुलाम गौस, एकलाख अहमद व मोहम्मद बिटनिया के नाम पर दर्ज है।

### बिहार में महागठबंधन के फ्लाप होने पर उठे गंभीर सवाल

# समाजवादी पार्टी को लेना होगा बड़ा सबक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ **भाजपा की रणनीति पर गहराई से गौर करना होगा वहीं कांग्रेस से दोस्ती पर मंथन भी जरूरी हुआ**

■ **अखिलेश यादव ने बिहार में महागठबंधन की हार के लिए एसआईआर को जिम्मेदार ठहराया**

**लखनऊ।** बिहार में महागठबंधन के फ्लाप होने पर सपा को भी इससे सबक लेना होगा। भाजपा की रणनीति पर जहां गहराई से गौर करना होगा, वहीं कांग्रेस से दोस्ती पर मंथन भी जरूरी है। बिहार के नतीजों के बाद सपा के अंदर से ही ये बातें उठने लगी हैं। हालांकि सपा नेतृत्व ने बिहार के नतीजों के लिए एसआईआर को जिम्मेदार ठहराया है।

उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। राजनी. ति के जानकार कहते हैं कि भाजपा दोतरफा मार कर रही है। एक, मुफ्त में लाभ वाली योजनाओं पर उसका जोर है, तो दूसरा विपक्षी पार्टियों पर कानून-व्यवस्था को लेकर चोट कर रही है। सपा को इन दोनों बातों को ध्यान में रखना होगा। उसे खुलकर कहना होगा कि जो कानून के साथ, पार्टी उनके साथ। बिहार चुनाव में भाजपा नेतृत्व ने लालू राज की अराजकताओं को याद दिलाकर वोटरों को अपने पक्ष में करने में सफलता हासिल की। बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस के साथ काफी असहज स्थिति रही। कई जगह पर दोनों दल आमने-सामने आ गए। अधिकांश राज्यों में कांग्रेस का न संगठन बचा है और न ही जनाधार, जबकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अधिकांश राज्यों में कांग्रेस का न संगठन बचा है और न ही जनाधार। बिहार चुनाव ने एक बार फिर इसे साबित कर दिया। अब यह दीगर है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को लेकर यही बात नहीं कही जा सकती है। इसलिए उत्तर प्रदेश के लिए अपनी रणनीति तय करते समय कांग्रेस को लेकर सपा नेतृत्व को इन बातों को ध्यान में रखना होगा। पूर्व में रहीं सपा सरकारों के काम जनता के मन में पार्टी के लिए सकारात्मक भाव पैदा कर सकते हैं, लेकिन कानून-व्यवस्था के सवाल पर चुनाव से पहले जनता का भरोसा जीतना सपा के लिए भी किसी चुनौती से कम नहीं होगा। जानकार कहते हैं कि विगत लोकसभा चुनाव में सपा बेहतर परिणाम देकर खुद की रणनीति की सफलता साबित कर चुकी है, लेकिन ध्यान रखना होगा कि कानून- व्यवस्था लोकसभा चुनाव का नहीं, बल्कि राज्यों के चुनाव का विषय ज्यादा होता है। बिहार में राजद ने जितनी सीटें जीतीं, उसमें सपा का 16 प्रतिशत योगदान रहा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 25 विधानसभा क्षेत्रों में आठ दिन लगातार जनसभाएं कीं। इसमें से महज चार सीटों पर ही राजद जीती। शेष 21 सीटों पर एनडीए की आंधी चली।

### बिहार विधानसभा चुनाव ने मायावती को फिर दिया झटका

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती को एक बार फिर निराशा हाथ लगी है। बिहार में बसपा को केवल एक सीट पर विजय मिली है, जिसने पार्टी को सो. चने पर मजबूर कर दिया है। बिहार में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बसपा के सतीश कुमार सिंह यादव और भाजपा के अशोक कुमार सिंह के बीच कांटे की टक्कर में, बसपा उम्मीदवार ने अपने प्रतिद्वंद्वी से मात्र 30 वोटों से जीत हासिल की। इस बार बिहार में बसपा ने जिन 192 सीटों पर चुनाव लड़ा, उनमें से रामगढ़ एकमात्र सीट है, जिस पर उसने जीत हासिल की। सतीश यादव को 72,689 वोट मिले, जबकि भाजपा उम्मीदवार को 72,659 वोट मिले। हालांकि मतगणना के दिन यादव शुरू से ही बढ़त बनाए हुए थे, लेकिन अंतर कम होता गया। मतगणना के दूसरे-आखिरी दौर तक, यादव केवल 175 वोटों से आगे थे। इस सीट का अंतिम परिणाम शुक्रवार देर रात घोषित किया गया, क्योंकि मतगणना का आखिरी दौर असामान्य रूप से लंबा चला।



**सेंसेक्स** 84466.51
**निफ्टी** 25875.80



**सोना रु.** 125980
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 160100
प्रति किलो



## जेम्स और आभूषणों का निर्यात अक्टूबर में 31 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली, वार्ता**



अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के बाद अक्टूबर में भारत से जेम्स और आभूषणों के निर्यात में करीब 31 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई।

जेम्स एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) के अनुसार अक्टूबर 2025 में देश का जेम्स और आभूषण निर्यात 216.81 करोड़ डॉलर (19,172.89 करोड़ रुपये) रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 312.25 करोड़ डॉलर (26,237.1 करोड़ रुपये) के मुक. ाबले 30.57 प्रतिशत कम है। इसी तरह, आयात 19.2 फीसदी घटकर 127.68 करोड़ (11,299.6 करोड़ रुपये) रहा। जीजेईपीसी ने बताया कि अमेरिका, यूरोप और चीन जैसे प्रमुख बाजारों में सुस्त आर्थिक वृद्धि, उच्च ब्याज दर, सतर्क उपभोक्ता खर्च और वैश्विक अस्थिरता के कारण यह गिरावट आई है। इसके अलावा सोने और हीरे की कीमतों में उतार-चढ़ाव, सीमित वित्तपोषण और प्रयोगशालाओं में बने हीरों के कारोबार में समायोजन भी निर्यात-आयात को प्रभावित कर रहे हैं।

काउंसिल द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार कट और पॉलिश हीरे का निर्यात अक्टूबर में 27 प्रतिशत घटकर 102.60 करोड़ डॉलर रह गया। आयात में भी सालाना आधार पर 35.76 प्रतिशत की गिरावट रही और यह 13. 30 करोड़ डॉलर रहा। रफ डायमंड्स का आयात अप्रैल-अक्टूबर 2025 में 6.57 प्रतिशत घटकर 645.16 करोड़ डॉलर हो गया। प्रयोगशाला में तैयार पॉलिश हीरे का निर्यात अक्टूबर में 34. 9 फीसदी घटकर 9.44 करोड़ डॉलर रह गया। अप्रैल-अक्टूबर में कुल निर्यात 12.95 प्रतिशत घटा और 68. 12 करोड़ डॉलर रहा। सोने के आभूषणों की बात करें, तो अक्टूबर में सामान्य सोने के आभूषणों का निर्यात 38.95 फीसदी घटकर 28.91 करोड़ रुपये रहा। इसमें अप्रैल-अक्टूबर में 29.7 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। सोने के जड़ित आभूषणों के निर्यात में अमे. रिकी टैरिफ के कारण अक्टूबर में 21. 4 प्रतिशत की कमी देखी गई। चांदी के आभूषणों का निर्यात अप्रैल-अक्टूबर के दौरान 71.78 करोड़ डॉलर रहा। यह पिछले वर्ष के 65.30 करोड़ डॉलर से 9.93 प्रतिशत अधिक है।

### यूपी में अब तक 3.12 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शनिवार तक धान क्रय केंद्रों से 3.12 लाख मीट्रिक टन धान की सरकारी खरीद की जा चुकी थी। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि धान खरीद की नियमित समीक्षा हो रही है। आंकड़ों के मुताबिक शनिवार दोपहर तक धान खरीद सत्र में पंजीकृत होने वाले किसानों की संख्या 3.93 लाख पार कर गई। वहीं अब तक 3.12 लाख मीट्रिक टन की भी खरीद हो चुकी है। सरकार ने 4000 धान क्रय केंद्र का लक्ष्य रखा था, जिससे आगे बढ़ते हुए किसानों की सुविधा के लिए 4143 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। वहीं धान लेकर पहुंच रहे किसानों के लिए क्रय केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। खाद व रसद विभाग के मुताबिक शनिवार दोपहर तक 53,330 किसानों से 3.12 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। वहीं धान खरीद विपणन सत्र 2025-26 के लिए 3,93,389 किसानों ने शनिवार तक पंजीकरण भी करा लिया है। सरकार के प्रयासों का नतीजा है कि 4143 धान क्रय केंद्र भी स्थापित हो चुके हैं।

## चावल, गेहूं, चीनी, दालें सस्ती, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत घट गई। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालें भी सस्ती हुईं। वहीं खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

चावल की औसत कीमत 37 रुपये घटकर 3,818.29 रुपये प्रति क्विंटल पर रह गई। गेहूं भी 14 रुपये गिरकर 2,857.13 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत में दो रुपये की नरमी रही और यह 3,312.86 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में आज घट-बढ़ देखी गई। मूंगफली तेल की औसत कीमत 212 रुपये और वनस्पति की 74 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। वहीं सरसों तेल 34 रुपये और सोया तेल 38 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त में रहा। पाम ऑयल की कीमत 21 रुपये प्रति क्विंटल और सूरजमुखी तेल 27 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मूंग दाल औसतन 35 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत 93 रुपये और चना दाल की 60 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। उड़द दाल 26 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। तुअर दाल के दाम भी 123 रुपये प्रति क्विंटल घटे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7857.75 रुपये, मसूर काली 8098.83 रुपये, मूंग दाल 10089.10 रुपये, उड़द दाल 10372.10 रुपये, तुअर दाल 10506.18 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.13 रुपये और चावल 3818.29 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़: चीनी एस 4325.08 रुपये और गुड़ 5009.40 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17764.83 रुपये, मूंगफली तेल 17490.10 रुपये, सूरजमुखी तेल 15678 रुपये, सोया तेल 13767.49 रुपये, पाम ऑयल 12487.72 रुपये और वनस्पति 14430.48 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## आगरा में सुरक्षा एजेंसियों ने मॉकड्रिल से परखे सुरक्षा इंताजम

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में कैप्टन शुभम गुप्ता मेट्रो स्टेशन पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। शुक्रवार की रात में मॉकड्रिल में दिखाया गया कि एक संदिग्ध व्यक्ति मेट्रो स्टेशन के अंदर विस्फोट के इरादे से विस्फोटक सामान लेकर घुसा है। मौके पर मौजूद एसएसएफ के जवान ने स्टेशन सुरक्षा प्रभारी को सूचना दी उसके बाद मेट्रो स्टेशन पर हाई अलर्ट कर दिया गया।

एसएसएफ की क्यूआरटी टीम एक्शन में आई और छह टीमें बना कर मेट्रो स्टेशन पर सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान एक व्यक्ति को सांकेतिक रूप से गिरफ्तार करके पुलिस को सौंपा जिसके पास प्रतीकात्मक विस्फोटक सामान था। करीब एक घंटे तक इस तरह से मॉकड्रिल की गई। दरअसल दिल्ली में लाल किला के नजदीक हुए ब्लास्ट के मद्देनजर पूरे देश में हाई अलर्ट है लिहाजा मुख्य और महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा में लापरवाही न हो उसके लिए मॉकड्रिल की जा रही है। आगरा में मेट्रो ट्रेन संचालित है और बड़ी तादात में देशी और विदेशी पर्यटक ताजमहल देखने आते हैं। ऐसे में कोई लापरवाही न हो और किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा बल सतर्क हैं लिहाजा एसएसएफ के जवानों ने मेट्रो स्टेशन पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**फरीदाबाद से जब्त...** इमारतों को नुकसान हुआ है। उसकी भरपाई राज्य सरकार करेगी। नौगाम पुलिस स्टेशन ब्लास्ट मामले पर, जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि यह हमारी गलती है, जिन्हें इस विस्फोटक की बेहतर समझ है, हमें उनके साथ पहले बात करनी चाहिए थी कि इसे कैसे संभालना है, खुद ही हाथ-पांव मारने के बजाय आप नतीजा देख ही चुके हैं, 9 लोगों की जान चली गई। उन्होंने कहा कि वहां कई घरों को नुकसान हुआ। हम अभी दिल्ली में चल रही उस आलोचना से बाहर नहीं आए हैं, जहां हर कश्मीरी पर उंगली उठाई जा रही है। वह दिन कब आएगा जब वे स्वीकार करेंगे कि हम भी भारतीय हैं और हम इसके जिम्मेदार नहीं हैं। उन लोगों से पूछिए जो जिम्मेदार हैं कि इन डाक्टरों को यह रास्ता क्यों अपनाना पड़ा? कारण क्या था? इसकी पूरी तरह जांच और अध्ययन की आवश्यकता है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शनिवार को नौगाम पुलिस स्टेशन विस्फोट में घायल लोगों से मिले। उन्होंने उजाला सिग्नस अस्पताल का दौरा किया। एलजी मनोज सिन्हा ने घायलों की सेहत के बारे में जानकारी ली और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई है।

## आतंकी धमकी देने वालों का पता लगाएगा ट्रिपल आईटी का एआई बेस्ड सॉफ्टवेयर



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज का ट्रिपल आईटी संस्थान एक ऐसा सिस्टम तैयार करने जा रहा है, जो आतंकी धमकी देने वालों की तह तक जाएगा। इसके लिए यहां के एक्सपर्ट एआई बेस्ड साफ्टवेयर बनाने जा रहे हैं। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से करीब 4.73 करोड़ का बजट भी स्वीकृत कर दिया गया है। इस तरह का यह देश का पहला सिस्टम होगा।

इससे पलक झपकते ही साइबर टेररिज्म को आसानी से नाकाम किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि दुनिया के किसी भी कोने से बैठ कर कोई भी यदि भारत पर बुरी नजर रखता है, तो वह बच नहीं पाएगा। धमकी देने वाला व्यक्ति कहां पर छिपा बैठा हुआ है। उसकी जानकारी तत्काल यह सिस्टम आसानी से पता लगा सकेगा, कि यह धमकी कहां से आई है। ट्रिपल आईटी के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रो. बृजेंद्र सिंह की देखरेख में इस पर काम शुरू कर दिया गया है। प्रो. वृजेंद्र सिंह ने बताया कि मिनिस्ट्री आफ इलेक्ट्रानिक एंड टेक्नोलॉजी एंड इंफार्मेशन की तरफ से यह प्रोजेक्ट संस्थान को दिया गया है। देखा जा रहा है कि आजकल साइबर सिस्टम का दुरुपयोग बहुत किया जाता है। बहुत सारी असामाजिक गति. विधियां होती रहती हैं। कहीं बम से उड़ाने की धमकी दी जाती है, तो कहीं अन्य तरह की धमकियां मिलती रहती है। इसका पता लगाने के लिए सरकार को तमाम एजेंसियों को लगाना पड़ता है। समय के साथ काफी पैसे भी खर्च होते हैं। बाद में यह पता चलता है कि फेक काल्स थी या फर्जी सूचनाएं हैं। इससे लोगों में डर का माहौल भी पैदा हो जाता है। प्रो. सिंह ने बताया कि जो एजेंटिक एआई बेस्ड सिस्टम तैयार किया जा रहा है। इसमें तत्काल आसानी से धमकी देने वालों को लोकेट किया जा सकता है। इतना ही नहीं लोकेट करने के बाद सुरक्षा एजेंसियों को रियल टाइम में अलर्ट भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें हम वीपीएन-एलएलएम (लार्ज लैंग्वेज मॉडल) टाइप का सिस्टम डेवलप कर रहे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री से दो गिरफ्तार, भेजे जेल

**सरधना पुलिस व सर्विलांस टीम को मिली बड़ी सफलता**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना सरधना पुलिस व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, का शनिवार को पुलिस लाइन में खुलासा हो गया। पुलिस ने दो आरो. पियों को गिरफ्तार किया है।

घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पिठलोकर से नाहली जाने वाले रास्ते पर स्थिति ट्यूबवेल के पीछे गन्ने के खेत में अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। सूचना पर थाना सरधना पुलिस व सर्विलांस सेल मेरठ द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से भारी मात्रा में निर्मित एवं अर्द् धनिर्मित तमंचे असलाह एवं अवैध असहलों को बनाने के उपकरणों की बरामदगी की गई। इस दौरान एक अभियुक्त मौके से फरार हो गया है जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार पकड़े गये आरोपी जान मोहम्मद उर्फ जानू पुत्र हाशिम निवासी ग्राम नवाबगढी थाना सरधना व आस मोहम्मद उर्फ आशू पुत्र रशीद निवासी ग्राम पिठलोकर थाना सरधना है। पुलिस ने मौके से नौ तंमचे 315 बोर, चार तंमचे 315 बोर निर्मित, एक पोना 12 बोर, एक तंमचा 12 बोर, एक ड्रिल मशीन, आठ रेती, लोहे का शिंकजा, प्लास, हथौडी, आदि बरामद किये है। पुलिस के अनुसार जान मौहम्मद का इससे पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है।

# बीएलओ फेल या प्रशासन का खेल

**एसआईआर के फार्म ढूंढते फिर रहे हैं मतदाता, लोग हो रहे हैं परेशान**

**किसी का फार्म गायब तो किसी का सूची में नाम नहीं**

**शाहवेज खान/ शाह टाइम्स**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में चुनाव आयोग के आदेश पर एसआईआर का काम चल रहा है। प्रशासन का कहना है कि बीएलओ घर- घर जाकर मतदाताओं को फार्म देंगे लेकिन बीते चार नवंबर से शुरू हुई एसआईआर की प्रक्रिया के 10 दिन बीतने के बाद भी मतदाताओं को उनके फार्म उपलब्ध नहीं हो रहे हैं लोगों का कहना है की अलग-अलग क्षेत्र में बीएलओ का अता पता नहीं है अगर बीएलओ कहीं मिल रहे है या उनसे फोन पर संपर्क हो रहा है तो वह आधी अधूरी जानकारी और आधे अधूरे कागजों के साथ उपस्थित हो रही है।

कही मतदाता सूची में मतदाता का नाम नहीं है तो कहीं बीएलओ के पास मतदाताओं के फार्म ही नहीं है। अनगिनत ऐसे लोग हैं जिन्हें अभी तक बीएलओ ने फार्म उपलब्ध नहीं करए हैं। बीएलओ का कहना है कि उनके पास जिनके फार्म हैं उन्हें दे देंगे लेकिन जिनके फार्म नहीं हैं उनके फार्म उपलब्ध नहीं कर सकते, वहीं कुछ लोगों का कहना है कि 2003 की मतदाता सूची में उनका नाम है लेकिन उनके फार्म बीएलओ के पास नहीं है साथ ही कुछ लोगों का कहना है के उनके वोट तो बन गई है लेकिन उन्होंने अपने मकान बेचकर दूसरी जगह घर बना लिया है ऐसे में उनके फार्म का कुछ आता पता नहीं है। टोटल मिलाकर एसआईआर की प्रक्रिया में या तो बीएलओ काम करने में फेल हो रहे हैं या फिर यह प्रशासन काम कराने में नाकाम हो रहा है। जिस तरीके से एसआईआर की प्रक्रिया में कार्य चल रहा है उससे बड़ी तादात में सही मतदाताओं के वोट भी कट सकते है। हालांकि जनता एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर बेहद गंभीर है लेकिन प्रशासन इस प्रक्रिया को लेकर ज्यादा गंभीर है या नहीं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मतदाताओं को जब फार्म ही उपलब्ध नहीं होंगे तो वह फार्म कैसे भरेंगे। अगर प्रशासन मतदाताओं की इस बड़ी समस्या पर ध्यान दें तो शायद जनता के बीच प्रशासन की गंभीरता को भी समझा जा सकता है। लोगों का कहना है कि वह अपने फार्म और मतदाता सूची लेकर बेहद परेशान है। कहीं बीएलओ अभी तक गायब है तो कहीं मतदाता सूची से नाम ही गायब है तो कहीं मतदाताओं के फार्म ही गायब है। अब इसे प्रशासन का फेलियर कहें या फिर बीएलओ की लापरवाही, फिलहाल दोनों ही बातों में मतदाताओं का ही नुकसान है।

## मतदाताओं को जागरूक कर रहे एडवोकेट जीशान सिद्दीकी



मेरठ के अधिवक्ता जीशान सिद्दीकी यूट्यूब पर और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को कानून की जानकारी से अवगत कराते रहते हैं जब से एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हुई है तभी से वह इसको लेकर जनता को जागरुक कर रहे हैं। 2003 की वोटर लिस्ट में मतदाताओं का नाम कैसे ढूंढे कैसे बीएलओ को ऑनलाइन अपनी शिकायत भेजें या फिर मतदाता किस तरीके से ऑनलाइन एसआईआर की प्रक्रिया में शामिल हो सकता है इसको लेकर वह लगातार जनता को जागरुक कर रहे हैं जीशान का कहना है कि वकील के पास काफी जानकारी होती है और इस जानकारी को जनता तक पहुंचने का सही समय है लोगों को पता होना चाहिए कि एसआईआर की प्रक्रिया बेहद गंभीर है। हर किसी को इसमें अपनी भागीदारी निश्चित करनी है वरना आने वाले समय में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने जनता से अपील की है कि वह सोशल मीडिया के माध्यम से या फिर उनकी वीडियो के माध्यम से या किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति के माध्यम से एसआईआर की प्रक्रिया को समझें और इस प्रक्रिया को हर तरीके से पूरा करें।

# 26 को होगी जिला सैनिक बंधु की मासिक बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन राकेश शुक्ला ने बताया कि पूर्व सैनिकों एवं शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला सैनिक बन्धु की नवम्बर 2025 की मासिक बैठक डीएम की अध्यक्षता में 26 नवम्बर को दिन बुधवार दोपहर एक बजे कलेक्ट्रेट सभागार मेरठ में आयोजित की जायेगी। उन्होंने जिला सैनिक परिषद कार्यकारिणी मेरठ व जिला सैनिक बन्धु मेरठ के पदेन व गैर सरकारी सदस्यों से उक्त बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने जनपद मेरठ के पूर्व सैनिकों शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों को सूचित किया है कि अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु 21 नवम्बर तक अपना प्रार्थना पत्र कार्यालय की मेल पर या कार्यालय में हस्तगत करा दे। यह भी अवगत कराना है कि 26 को कार्यालय में पब्लिक डिलिंग नही की जायेगी, प्रार्थना पत्र पर ही विचार होगा।

# हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर 26 को सांसद के घर धरना देंगे अधिवक्ता

**कल पश्चिम उत्तर प्रदेश में बंद रखेंगे अधिवक्ता, रजिस्ट्री कार्यालय में भी नहीं होगा काम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हाई कोर्ट बैंच स्थापना केन्द्रीय संघर्ष समिति की बैठक शनिवार को बार भवन बार एसोसिएशन जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर कैराना में आहुत की गयी, सभा की अध्यक्षता हाई कोर्ट बैंच स्थापना केन्द्रीय संघर्ष समिति के चेयरमैन संजय शर्मा अध्यक्ष मेरठ बार एसोशिएसन, बार एसोसिएशन कैराना सहअध्यक्षता रामकुमार वशिष्ठ एडवोकेट एंव संचालन राजेन्द्र सिंह राणा संयोजक हाई कोर्ट बैंच स्थापना केन्द्रीय संघर्ष समिति महामन्त्री मेरठ बार एसोसिएशन मेरठ एंव सहसंचालन राजकुमार चौहान एडवोकेट द्वारा किया गया। सभा में शामली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजपाल, मुजफ्फरनगर बार एसोसिएशन के महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल, मुजफ्फरनगर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनुप सिंह, सिविल बार एसोसिएशन मु.नगर के अध्यक्ष सुनील कुमार मित्तल, सिविल बार एसोसिएशन सहारनपुर के अध्यक्ष अभय सैनी, सिविल बार एसोसिएशन सहारनपुर के महासचिव अजय कौशिक, सिविल बार एसोसिएशन मवाना मेरठ के अध्यक्ष श्याम सिंह प्रधान, कलैक्ट्रेट बार एसोसिएशन सहारनपुर के अध्यक्ष ठाकुर राजीव सिंह, कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन सहारनपुर के महासचिव सरोत्तन सिंह, बार एसोसिएशन सरधना के अध्यक्ष विक्रम सिंह त्यागी, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन बुलन्दशहर के अध्यक्ष सुमन राघव, बार एसोसिएशन नकुड के अध्यक्ष यशपाल सिंह, बार एसोसिएशन नकुड के महासचिव मुरसलीन राणा, बार एसोसिएशन रामपुर के अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू, बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर के अध्यक्ष प्रमेन्द्र भाटी, प्रत्यासी स्नातक एमएलसी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर महामन्त्री अजीत नागर, बार एसोसिएशन मेरठ के पूर्व महामन्त्री जितेन्द्र सिंह बना, बार एसोसिएशन के सदस्य विनोद गौतम एंव वैभव पंवार आदि अधिवक्तागणो ने अपने- अपने विचार व्यक्त किये। सभा में उपस्थित पश्चिम उत्तर प्रदेश की विभिन्न जनपदो एंव तहसील बार से आये पदाधिकारीगण ने अपने विचारो से अवगत कराया तथा अन्य बार एसोसिएशन के पदाधिकारी जो किसी कारणवश उक्त सभा में नहीं पहुंच पाये उन्होने वुर्चअल समर्थन व्यक्त करते हुए चेयरमैन संयोजक के दुरसंचार पर अपना पूर्ण समर्थन एंव सहयोग प्रदान किया तथा चेयरमेन संयोजक के दुरसंचार पर बार एसोसिएशन हापुड़ के अध्यक्ष संजय कुमार कंशल, बार एसोसिएशन अमरोहा के अध्यक्ष सलीम खान तथा बार एसोसिएशन मुरादाबाद एण्ड लाईब्रेरी के अध्यक्ष आनन्द मोहन गुप्ता बार एसोसिएशन बागपत के अध्यक्ष सुभाष सिंह तोमर ने अपना पूर्ण समर्थन एक सहयोग प्रदान किया। विचारण विमर्श के उपरान्त सर्व सम्मती से निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किये गये कि पश्चिम उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदो की बार एसोसिएशन 26 नवंबर को अपने अपने सांसदो के घर पर धरना देकर उनसे अनुरोध करेगे कि संसद सत्र में सभी सांसद पश्चिम उत्तर प्रदेश मे हाई कोर्ट बैच की मांग को लेकर पट्टी के साथ मांग करेगें तथा पश्चिम उत्तर प्रदेश के समस्त अधिवक्तागण कार्य से विरत रहेगे। इसके अलावा कल यानी सोमवार को पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बैच स्थापना हेतु सभी संगठनो एवं जनता के सहयोग से पश्चिम उत्तर प्रदेश सम्पूर्ण बन्द किया जायेगा। जिसमें रजिस्ट्री कार्यालय भी आवश्यक रूप से बन्द रहेंगे। यह कि हाई कोर्ट बैच स्थापना केन्द्रीय संघर्ष समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश की आगामी बैठक की तिथि प्रत्येक जनपदो व तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारी से वार्ता कर अवगत करा दिया जायेगा।

# किठौर नगर पंचायत ने एसआईआर रजिस्ट्रेशन के लिए की बेहतर व्यवस्थाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** नगर पंचायत ने SIR फार्म रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं।



चेयरमैन सलमान मुनकाद अली ने बताया कि इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य नागरिकों को त्वरित सुविधा प्रदान करना है, ताकि उन्हें पंजीकरण के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। चेयरमैन के निर्देश पर नगर पंचायत कर्मचारियों और BLO बूथ लेवल ऑफिसर की ड्यूटी निर्धारित की गई है। ये कर्मचारी विभिन्न वार्डों पर उपस्थित रहकर नागरिकों की सहायता करेंगे। इसमें फार्म भरने, दस्तावेजों की जांच, ऑनलाइन अपलोडिंग और अन्य तकनीकी कार्यों में मदद शामिल है। इन सुविधा केंद्रों पर कई प्रमुख सेवाएं उपलब्ध होंगी। इनमें फार्म भरने में स्टाफ की सीधी मदद, आवश्यक दस्तावेजों की सूची और उनका सत्यापन, ऑनलाइन पंजीकरण के लिए कंप्यूटर मोबाइल सहायता, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए प्राथमिकता सेवा, घर-घर जाकर एसआईआर फार्म संबंधी जागरूकता और तत्काल जानकारी के लिए हेल्प डेस्क की स्थापना शामिल है। इसके अतिरिक्त, नगर पंचायत द्वारा सूचना बोर्ड भी लगाए जा रहे हैं। इन बोर्डों पर आवश्यक निर्देश, समय-सारणी और संपर्क नंबर उपलब्ध होंगे, जिससे नागरिकों को बार बार पूछताछ करने की आवश्यकता नहीं होगी। चेयरमैन सलमान मुनकाद अली ने कहा कि नगर पंचायत की पूरी टीम नागरिकों की सेवा के लिए तत्पर है। उनका लक्ष्य है कि किसी भी व्यक्ति को रजिस्ट्रेशन फार्म भरने के दौरान कोई परेशानी न हो। उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील की कि वे निर्धारित समय से पहले इन सुविधाओं का लाभ उठाएं और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं, ताकि प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा सके। नगर पंचायत का दावा है कि नई व्यवस्था से पंजीकरण प्रक्रिया सभी कस्बे वासियों के लिए अधिक सहज, तेज और नागरिक हितैषी होगी।

# अपने आप को पंजाबी समाज का प्रदेश अध्यक्ष बताने वाले के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पंजाबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष निशांत कुमार परुथी उनके पुत्र ऋषभ परुथी, पंकित परुथी, संचित परुथी व भाई जनक राज भतीजे निखिल परुथी मयंक महाजन वअन्य लोगों के गैर जमानती वारंट जारी हुए है। बताया जा रहा है कि इन लोगों को होली पर झगड़ा करने पर थाना सदर बाजार में मुकदमा अपराध संख्या 66 / 2025 जिसमें पुलिस द्वारा चार्ज शीट कोर्ट भेज दी गई थी कोर्ट द्वारा कई बार संबंध व जमानती वारंट हो जाने के बाद भी यह सभी लोग कोर्ट में पेश नहीं हुए। शनिवार को कोर्ट द्वारा इन सभी लोगों के खिलाफ बिना जमानती वारंट जारी किए गए इन लोगों पर पहले भी कई मुकदमे दर्ज है। बताया जा रहा है कि होली के पर्व पर हुए झगड़े में कोई भी आरोपी कोर्ट में नहीं पहुंच रहा है। कानून का मजाक उड़ाने वाले सभी आरोपियों पर कोर्ट ने कार्रवाई करते हुए गैर जमानती वारंट जारी हुए हैं।

# स्वामी प्रभुपाद को भारत रत्न दिलाए जाने की रखी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** संस्कृति विकास मंच ने शनिवार को एक ज्ञापन डीएम को सौंपा है। उनका कहना था कि स्वामी प्रभुपाद ने इस्कॉन की स्थापना करके दुनिया को एक शांतिप्रिय विचार दिया है। उनके इस कार्य से करोड़ों लोगों को प्रेम और प्रसन्नता मिली है दुनिया के हर नगर और हर देश तक भारतीय संस्कृति और ज्ञान का प्रचार तथा संस्कृति की स्थापना करके भारतीय दर्शन को पूरे विश्व में स्थापित किया है। इसलिए उन्हें सम्मानित करना चाहिये।

# नेशनल खिलाड़ियों को सम्मानित कर ऋषभ एकेडमी ने बढ़ाया उत्साह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऋषभ क्रिकेट एकेडमी ने शनिवार को खिलाड़ियों और खेल सहयोगियों को सम्मानित किया गया। नेशनल हॉकी खिलाड़ी प्रभा ठाकुर, नेशनल कुश्ती खिलाड़ी नीरू शर्मा और खेलों में विशेष योगदान देने पर रजनीश कौशल को शॉल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, सचिव डॉ. संजय कुमार जैन और कोच अतहर अली ने सम्मान प्रदान किया। अतहर अली ने बताया कि कार्यक्रम में कैंट विधायक अमित अग्रवाल, मनोहर सर्राफ, वरुण अग्रवाल, विनीत सरीन, सुभाष राजपूत आदि का योगदान रहा। उन्होंने बताया कि रविवार को दो क्रिकेट मैच आयोजित किए जाएंगे।

# राष्ट्रपति भवन में सीवीपीएस व ऑल सेंट्स स्कूल के छात्रों का सम्मान जनक संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल के छात्रों को बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

विद्यालय निदेशिका डॉ. हिमानी अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह, सीनियर कोऑर्डिनेटर मीनू कपूर तथा शिक्षिकाएं ध्वनि जैन और डॉ. मो. निका मावी के नेतृत्व में कक्षा 7 के अमय, कक्षा 8 की साक्षी पिलानिया तथा कक्षा 9 के अनुभव और निहाल राष्ट्रपति भवन पहुंचे। राष्ट्रपति ने छात्रों से आत्मीय वार्ता की और उनसे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम भी सुना, जिसकी उन्होंने विशेष प्रशंसा की। विद्यार्थियों ने लिप्पन आर्ट में तैयार किया। राष्ट्रपति का हस्तनिर्मित पोर्ट्रेट भेंट किया, जिसे उन्होंने अत्यंत पसंद किया और बच्चों की रचनात्मकता को सराहा। राष्ट्रपति ने बच्चों को सतत् सीखने, राष्ट्र निर्माण में योगदान देने एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के पालन की प्रेरणा दी। यह अनूठा अनुभव बच्चों के व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगा। विद्यालय प्रशासन ने राष्ट्रपति भवन व अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।





## ऑल सेंट्स स्कूल के छात्रों की राष्ट्रपति से विशेष भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बाल दिवस के अवसर पर ऑल सेंट्स स्कूल बच्चा पार्क के छात्रों ने प्रिंसिपल डॉ. डॉली ऑगस्टीन और शिक्षिका श्वेता शर्मा के साथ राष्ट्रपति भवन जाकर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से विशेष भेंट की। राष्ट्रपति ने बच्चों से उनके अध्ययन के बारे में पूछा। छात्रों ने राष्ट्रपति को उनकी उपलब्धियों पर लिखी एक प्रेरणादायक कविता स्मृति-चिह्न के रूप में भेंट की, जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्नेहपूर्वक स्वीकार किया।

# स्पोर्ट्स मेरठ भारत का मॉडल स्पोर्ट्स हब पर किया वर्कशॉप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत की खेल अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कौशल विकास और उद्यम शीलता मंत्रालय, स्पोर्ट्स, फिजिकल एजुकेशन, फिटनेस एंड लेजर स्किल्स काउंसिल एसपीएफईएल एससी तथा ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट (बीएटी) ने स्पोर्टएज मेरठ स्पोर्ट्स एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट फॉर ग्रोथ एंड एक्सीलेंस पर आधारित एक वर्कशॉप की घोषणा की। यह वर्कशॉप मेरठ को भारत के मॉडल स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित करने की दिशा में एक प्रमुख पहल है।

इस पहल का उद्देश्य मेरठ की समृद्ध खेल विरासत का उपयोग करते हुए आर्थिक विकास को गति देना, कौशल-आधारित आजीविकाओं को प्रोत्साहित करना और विशेष रूप से महिलाओं एवं युवाओं में स्थानीय प्रतिभा को संवारना है। एसपीएफईएल एससी इस कार्यक्रम को क्षेत्रीय कौशल आवश्यकताओं, उद्योग साझेदारी और मानकों के अनुरूप स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जबकि कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय केंद्र और राज्य के विभिन्न मंत्रालयों, उद्योग संगठनों तथा खेल संघों के साथ समन्वय स्थापित कर इस पहल में समन्वय और विस्तार सुनिश्चित करेगा। वर्कशॉप में सरकार, उद्योग, वित्त और विकास क्षेत्रों से जुड़े अनेक हितधारकों ने भाग लिया, जो एक सशक्त और समावेशी खेल अर्थ व्यवस्था के निर्माण की साझा दृष्टि रखते हैं।

# कमिश्नरी चौराहे पर चला चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को दोपहर तक कमिश्नरी चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने कार चालकों को रोककर डिग्गी आदि की चेकिंग की। इसके अलावा दो पहिया वाहनों को भी चेक किया गया। इस दौरान फायरिंग की आवाज कर रही बुलैट मोटरसाइकिलों को पकड़कर सीज किया गया।

# शोभित विवि में भारतीय ज्ञान प्रणाली पर राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, द्वारा आयोजित भारतीय ज्ञान प्रणाली पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल समापन अत्यंत सारगर्भित, विचारोत्तेजक और शोध समृद्ध सत्रों के साथ हुआ। इस सम्मेलन ने भारतीय ज्ञान परंपरा के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, उसके वैश्विक महत्व और आधुनिक परिप्रेक्ष्य में उसकी प्रासंगिकता को नई ऊर्जा प्रदान की। द्वितीय दिवस का शुभारंभ पद्मश्री डॉ. भारत भूषण त्यागी के प्रेरक कीनोट एड्रेस से हुआ, जिसमें उन्होंने वेदों की अंतर्कष्टि और भारतीय चिंतन की गहराई पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में परिवर्तन विचारों की गुणवत्ता से आता है।



उन्होंने बताया कि सोच को सशक्त करने से समाधान स्वत: निर्मित होते हैं और आज के समय में चिंतनशीलता भारतीय समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शोभित विवि के इस महत्वपूर्ण प्रयास की सराहना करते हुए इसे भारतीय ज्ञान परंपरा को पुर्नस्थापित करने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम बताया। कीनोट के बाद आयोजित तकनीकी सत्रों में देशभर के विद्वानों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय हरियाणा के डीन बिजेंद्र सिंह ने भारतीय ज्ञान और आधुनिक शिक्षा के समन्वय पर विचार साझा किए, जबकि प्रो. डॉ. एम एल सिंघला, पूर्व डीन, एमस दिल्ली विश्व. विद्यालय ने भारतीय प्रबंधन चिंतन और नेतृत्व नैतिकता पर अत्यंत महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। उद्योग विशेषज्ञ अमब्रिश द्विवेदी ने गीता के कृष्टांतों के माध्यम से विकास के लिए इनपुट पर ध्यान केंद्रित करने की अवधारणा को स्पष्ट किया। शोधर्थियों के अनेक शोधपत्रों ने भी सम्मेलन को विद्वतापूर्ण आयाम प्रदान किए, जिनके निष्कर्षों को विश्वविद्यालय आगामी समय में नीति-निर्माण संस्थाओं से साझा करेगा। सम्मेलन के वैलिडिक्टरी सत्र में शोभित विवि के कुलपति, प्रो. डॉ. वी.के. त्यागी, ने अपने प्रेरक संदेश में भारतीय ज्ञान प्रणाली के बढ़ते महत्व को रेखां. कत करते हुए कहा कि वर्तमान युग में IKS केवल एक शैक्षणिक विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण का अनिवार्य आधार बन चुका है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान विज्ञान, दर्शन, चिकित्सा, गणित और प्रबंधन जैसे विविध क्षेत्रों में आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना प्राचीन काल में था। उन्होंने ध्यान केंद्रित करते हुए कहा की शोभित विवि शीघ्र ही इंडियन नॉलेज सिस्टम्स सेंटर की स्थापना करने जा रहा है, जो विश्वविद्यालय की सर्वोत्तम शैक्षणिक पहलों में से एक होगा और शोधकर्ताओं तथा छात्रों को IKS पर अध्ययन, शोध और नवाचार के उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। वहीं, वरिष्ठ शिक्षाविद् और प्रबंधन विशेषज्ञ प्रो. एम.एल. सिंगला ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आधारित सम्मेलन विश्वविद्यालयों को केवल अकादमिक मजबूती ही नहीं देता, बल्कि उन्हें सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों के संवाहक संस्थानों के रूप में स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि शोभित विश्वविद्यालय द्वारा IKS केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप है और यह कदम विवि को देश के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों की श्रेणी में और अधिक मजबूती से स्थापित करेगा। सम्मेलन के दौरान छह अलग-अलग शोध ट्रैकों में उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, जबकि सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति का पुरस्कार आंशिक अग्रवाल को प्रदान किया गया।

समापन अवसर पर प्रतिभागियों, शोधकर्ताओं, वक्ताओं और विशिष्ट अतिथियों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। सम्मेलन संयोजक डॉ. सैल धाका ने आयोजन समिति, फैकल्टी सदस्यों और शोधार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मेलन भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी और वैश्विक शिक्षा व्यवस्था से जोड़ने का प्रेरक मंच सिद्ध हुआ है। इस सफल आयोजन में कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, डॉ. अनिकेत कुमार, डॉ. सुरभि सरोहा, डॉ. मोनिका चौधरी, डॉ. नेहा त्यागी, डॉ. शिवा शर्मा, डॉ. महतो, डॉ. लोमस तोमर, डॉ. निहारिका पिलानिया, डॉ. निकिता, तथा अन्य संकाय सदस्यों ने उल्लेखनीय योगदान दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डाक्टर नेहा यजुर्वेदी द्वारा किया गया। यह दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन इस तथ्य का स्पष्ट प्रमाण है कि भारतीय ज्ञान प्रणाली केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर नहीं, बल्कि आधुनिक विश्व के लिए एक स्थायी, समावेशी और मानव केंद्रित विकास मॉडल का शक्तिशाली विकल्प प्रस्तुत करती है। शोभित विवि द्वारा किया गया यह प्रयास शोध, नवाचार और परंपरा के सुंदर संगम का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा।

# फलावदा में तीन दिवसीय यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

**फलावदा।** कस्बे में शनिवार को बुराड़ी तालाब के समीप ओइम बलराम आर्य फार्म हाउस पर वैदिक संस्कृति के उत्थान को तीन दिवसीय यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम स्थल पर महायज्ञ के लिए विशाल कुंड बनाया गया जिसमें यज्ञ ब्रह्म आचार्य सत्यदेव स्वामी रहे हैं। मुख्य अतिथि चेयरमैन अशोक कुमार सैनी व प्रदीप बिश्नोई, रणधीर फौजी आदि ने वैदिक मंत्रों द्वारा महायज्ञ में आहुति प्रदान करते हुए शुभारंभ कराया है।

आचार्य भरत मुनि ने प्रवचनों में बताया कि राष्ट्र की सनातन वैदिक संस्कृति वेद धर्म, वैदिक शिक्षा, संस्कार और आयुर्वेदो के महत्व पर विचार रखते हुए वैदिक संस्कृति के उत्थान के गौरवशाली इतिहास का वर्णन प्रस्तुत किया गया। वैदिक कन्या गुरुकुल नवलपुर बिजनौर से पहुंची प्राचार्य नीतू शास्त्री ने यज्ञ की महत्वता के बारे बताया कि संसार में बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने के लिए हर परिवार के लोगों को प्राचीन काल वैदिक आर्य पद्धति को अपना कर प्रतिदिन यज्ञ करना होगा। हिंदू सनातन धर्म में सर्वप्रथम शुभ कार्य करने के लिए यज्ञ का सबसे बड़ा महत्व है इसलिए आज के समय में हम सभी को राष्ट्रहित में वैदिक संस्कृति के वेदों को पढ़ना आवश्यक है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बार एसोसिएशन चुनावः ब्रह्म देव त्यागी बने अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद बार एसोसिएशन चुनाव के नतीजे देर रात जारी हुए, जिनका पूरे जिले के अधिवक्ता समुदाय को बेसब्री से इंतजार था। इस बार चुनाव में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, क्योंकि लगभग 3 हजार अधिवक्ताओं ने पूरी सक्रियता के साथ मतदान कर अपने प्रतिनिधियों का चयन किया। मतगणना के दौरान बार परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही और प्रत्याशियों व समर्थकों में उत्साह का माहौल बना रहा। अध्यक्ष पद पर ब्रह्म देव त्यागी ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए निर्णायक बढ़त के साथ जीत हासिल की। उनकी जीत को अधिवक्ताओं ने सकारात्मक परिवर्तन और मजबूत नेतृत्व की उम्मीदों से जोड़कर देखा है। सचिव पद पर वरुण त्यागी ने सफलता प्राप्त की, जिन्हें युवा और ऊर्जावान नेतृत्व के रूप में जाना जाता है। उनके जीतते ही समर्थकों में जश्न का माहौल देखने को मिला।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आदेश कुमार गर्ग ने विजय दर्ज की, जो बार के अनुभवी और सक्रिय सदस्य माने जाते हैं। वहीं कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विनय कुमार पवार ने जीत हासिल की। इन दोनों पदों पर विजेताओं से अधिवक्ता समुदाय को बेहतर समन्वय और बार के कार्यों में तेजी की उम्मीद है।

सह सचिव प्रशासन पद के लिए सुनील कुमार विजयी रहे, जिन्होंने बार संचालन में पारदर्शिता और प्रशासनिक सुधार का वादा किया है। सह सचिव पुस्तकालय पद पर अमित कुमार पाल ने जीत दर्ज की, जिनसे कानूनी संसाधनों के विस्तार और पुस्तकालय सुविधाओं के आधुनिकीकरण को लेकर उम्मीदें जुड़ी हैं।

कोषाध्यक्ष पद पर खुशनुमा परवीन की जीत चर्चा का विषय रही। उनकी जीत को अधिवक्ताओं ने जिम्मेदार वित्तीय प्रबंधन और बार के विकास कार्यों में पारदर्शिता को लेकर सकारात्मक संकेत माना है। चुनाव परिणामों ने गाजियाबाद बार एसोसिएशन में नए नेतृत्व के प्रति अधिवक्ता समुदाय की अपेक्षाओं को स्पष्ट कर दिया है। अब सभी की निगाहें इस नवनिर्वाचित टीम पर हैं, जो आने वाले कार्यकाल में बार के हितों की रक्षा और अधिवक्ताओं की सुविधाओं के विस्तार की दिशा में कार्य करेगी।

## एमएमएच कॉलेज शिक्षक संघ के चुनाव परिणाम घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एमएमएच कॉलेज शिक्षक संघ के चुनाव परिणाम आज घोषित कर दिए गए हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रोफेसर स्मृति रायजादा, सहायक चुनाव अधिकारी प्रोफेसर प्रकाश चौधरी और प्रोफेसर मीना वर्मा ने निर्वाचित पदाधिकारियों के नाम और पदों की घोषणा की। निर्वाचित पदाधिकारियों के नाम और पद निम्नलिखित हैं अध्यक्ष प्रो सुभाषिनी शर्मा उपाध्याय डॉ. विलियम सचिव प्रो. कामना यादव संयुक्त सचिव डॉ. राजपाल त्यागी कोषाध्यक्ष डॉ. मूल चन्द वर्मा कार्यकारिणी सदस्य प्रो. अल्का व्यास, डॉ. निशा अग्रवाल, डॉ. नैपाली, डॉ. गौरव और डॉ. स्वाती ठाकुर कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर संजय सिंह ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि निर्वाचित पदाधिकारियों को अब बड़ी जिम्मेदारी बनती है कि वे कॉलेज और शिक्षक हितों के लिए अपना योगदान दें। कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर आरएसयादव, डीन ऑफ कॉलेज प्रोफेसर प्रकाश चौधरी और सभी विभाग के शिक्षक गणों ने भी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### आईटीएस कॉलेज में नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडियन एसोसिएशन ऑफ ओरल एंड

## मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजिस्ट्स का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज के ओरल पैथोलॉजी एंड माइक्रोबायोलॉजी विभाग के द्वारा 32वें नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडियन एसोसिएशन ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजिस्ट्स (IAOMP) समारोह का उद्घाटन किया गया। इस तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस में देशभर के विभिन्न डेंटल कॉलेजों से 700 से अधिक एमडीएस के विद्यार्थियों के साथ- साथ सभी दंत विभागों के एचओडी तथा दंत चिकित्सक ने भाग लिया।

सम्मेलन की शुरुआत में प्री-कॉन्फ्रेंस कोर्स से हुई, जिसमें डॉ. जयंता चट्टोपाध्याय, डॉ वरूण सूर्या, डॉ रघु धनापाल, डॉ दीपु जॉर्ज मैथ्यू, डॉ प्रेम कार्तिक एवं उनकी टीम ने ओरल पैथोलॉजी के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान दिये। इसके अलावा, डॉ दीपक एवं उनकी टीम ने फोरेंसिक ओडोंटोलॉजी के क्षेत्र मे नवीनतम जानकारी प्रदान की। इस आयोजन का उद्देश्य ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजी में नवीन शोध, क्लीनिकल अपडेट्स तथा एकेडमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है।

उद्घाटन समारोह में मुख्य विशिष्ट अतिथि जस्टिस आर.बी. मिश्रा (रिटायर्ड), प्रोफेसर (डॉ.) महेश वर्मा, कुलपति, गुरु गोंबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, प्रोफेसर संजीव मिश्रा, कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ, डॉ0 श्रीनिवास एस. वानकी, प्रेसिडेंट (IAOMP), डॉ एन. गुरुराज, सेक्रेटरी, (IAOMP) तथा आई.टी. एस-द एजुकेशन के चेयरमैन, डॉ आर. पी. चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा और संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ देवी चरण शेट्टी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद, डॉ श्रीनिवास एस. वानकी इसके बाद डॉ0 एन. गुरूराज के द्वारा सचिव रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी, जिसमें उन्होंने (IAOMP) संघ की महत्वता के बारे में जानकारी दी। इसके बाद मुख्य अतिथि जस्टिस आर.बी. मिश्रा (रिटायर्ड) ने सभा को संबोधित किया और संस्थान को इस सम्मेलन के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा किये और प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

सम्मेलन में डॉ शिवापाथसुंदरम बी. एवं डॉ सुष्मिता सक्सेना को उनके जीवन भर के योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि, प्रोफेसर संजीव मिश्रा ने सभा को संबोधित किया। इसके बाद आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आर पी चड्ढा द्वारा माननीय मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में डॉ0 अंशी जैन ने सभी गणमान्यों अतिथियों एवं सभी प्रतिभागियों को इस कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिये धन्यवाद दिया। अंत में सभी अतिथि वक्ताओं ने तथा सभी प्रतिभागियों ने इस कॉन्फ्रेंस के आयोजन के लिये आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर.पी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

## पीड़ित ने लगाए पुलिस पर लगाए बेहद गंभीर आरोप, लगाई न्याय की गुहार

**गाजियाबाद।** वेव सिटी थाना क्षेत्र में 9 अक्टूबर 2025 को हुई एक बड़ी चोरी अब पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है। पीड़ित प्रमोद कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से न्याय की मांग करते हुए थाना वेव सिटी के पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रमोद के अनुसार उनके घर से 1,60,000 रुपये नकद, 12.25 तोला सोने के आभूषण और लगभग डेढ़ किलो चांदी के गहने चोरी हुए थे। घटना के बाद उन्होंने अपने किराएदार हेमा और उसके पति राजू को संदेह के आधार पर नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी थी। लेकिन पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने न तो घटना की सही तरीके से जांच की और न ही उनकी शिकायत के अनुसार एफआईआर दर्ज की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि चौकी इंचार्ज और अन्य स्टाफ ने उन पर दबाव बनाकर अपनी मनमर्जी से तहरीर लिखवाई। यहां तक कि चौकी इंचार्ज ने उन्हें डराते-धमकाते हुए उसी तहरीर पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया।प्रमोद कुमार के अनुसार पुलिस टीम ने राजू और उसकी पत्नी हेमा को पकड़कर थाने लाया, जहां दोनों ने चोरी की वारदात स्वीकार भी की। उनके मुताबिक आरोपियों ने यह भी बताया था कि उन्होंने गहने सराफ को बेच दिए हैं। इसके बावजूद पुलिस ने उन्हें सिर्फ 97,000 रुपये बरामदगी बताकर सौंपने की कोशिश की।

### बाल दिवस पर स्कूली बच्चों ने संभाली नमो भारत की कमान

**गाजियाबाद।** बाल दिवस के उपलक्ष्य में, एनसीआरटीसी ने एक विशेष आयोजन किया, जहाँ बच्चों ने एक दिन के लिए नमो भारत के संचालन की कमान संभाली। इस अनूठी पहल ने छात्रों को एक अनोखा मौका दिया कि वे नमो भारत की विभिन्न ऑपरेशनल भूमिकाएँ जैसे कि स्टेशन कंट्रोलर, टिकट वितरक, सिक्योरिटी इंचार्ज, एनाउंसर-कम-ट्रेन अटेंडेंट और स्टेशन मेंटिनेंस सहयोगी जैसी विभिन्न भूमिकाएं निभाएँ। इस पहल से बच्चों को भारत की प्रथम नमो भारत ट्रेन की संचालन प्रणाली और उससे जुड़ी विस्तृत जानकारियाँ प्राप्त करने का एक मनोरंजक अवसर और ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त हुआ।



**मोदीनगर। मोदीनगर तहसील के कस्बा निवाड़ी नगर पंचायत परिसर में एसआईआर के फार्म चेक कर जमा करते बीएलओ ममता, पूनम, इंदू, कमलेश, पुष्पेंद्र सिंह। जिसमें सभासद मांगेश्वर, कादिर आदि सभासदों ने भी स्थानीय निवासियों का सहयोग किया।** (छायाः शाह टाइम्स)

## कौशाम्बी में किया गया विकास कार्यों का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** आईजीएल पाइपलाइन द्वारा कौशांबी स्थित केबीसी बैंक्विट हॉल को आईजीएल पाइपलाइन से गैस की सप्लाई का उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल तथा आईपीएल के एजीएम कपिल गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर केबीसी बैंक्विट के प्रबंधक सुनील यादव द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। पार्षद द्वारा इस कार्य के लिए सुनील यादव का आभार प्रकट किया गया बढ़ते हुए प्रदूषण को देखते हुए जनरेटर की जगह आईजीएल गैस का इस्तेमाल किया जा रहा है उसी क्रम में यह कार्य कराया गया।

इस अवसर पर कौशांबी के तमाम जागरूक नागरिक वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारीकरण पप्पू चौपाल के जागरूक नागरिक एवं सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रहे प्लॉट एरिया के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश समाजसेवी पवन सैनी शिक्षाविद उर्मिला अरोड़ा व्यापारी एवं समाजसेवी मनीष जैन वरिष्ठ पत्रकार राकेश जकेतिया बंगाल समाज से गौतम वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटिहार भाजपा नेत्री कामिनी भदोरिया समाजसेवी श्यामवीर भदोरिया एवं समाजसेवी दिनेश यादव ने अपने-अपने विचार रखें कौशांबी में चल रहे विकास विकास कार्यों के लिए कार्य के लिए करने के लिए चल रही विकास कार्यों के लिए पार्षद कुसुम मनोज गोयल की प्रशंसा की।

सभी लोगों ने बिहार में प्रचंड जीत की खुशी खुशी मनाई गई इस अवसर पर गौरव वर्मा सुनील गांधी सुनील अग्रवाल महेंद्र चौधरी अनिल यादव मनीष जैन पवन गुप्ता नरेंद्र सिंह कमल गुप्ता ऐ के महेश्वरी मुनेश चौहान एसके गोयल भाजपा नेत्री रेनू मल्होत्रा पूजा मेहरा प्रियंका अरोरा देवेंद्र महाजन राकेश गुप्ता शिव शंकर उपाध्याय कैलाश गोयल एस आर सिंह मनीष मैरोडिया मुकुल गुप्ता अतुल बंसल महाराज सिंह ओंकार शर्मा पदमचंद गर्ग सतीश रोहतगी केवल सेठी प्रमोद पीबी राजेंद्र सेठी रविंद्र नगर रवि वर्मा नवल चौधरी अशोक गर्ग सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता ट्रॉफी एचएलएम कॉलेज के नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 में एचएलएम कॉलेज गाजियाबाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। पूरे टूर्नामेंट में एचएलएम टीम ने बेहतरीन टीमवर्क, अनुशासन और खेलभावना का परिचय देते हुए अपने जनहीत कॉलेज को मात दी और प्रतिष्ठित चैंपियनशिप कप जीतकर इतिहास रच दिया। फाइनल मुकाबला रोमांच और उत्साह से भरा हुआ था, जिसमें एचएलएम कॉलेज की टीम ने शुरू में बल्लेबाजी करके 324 रन बनाए। दूसरी पारी में जनहीत कॉलेज की टीम ने 236 रन बनाये। इस अवसर पर एचएलएम कॉलेज के चेयरमेन सुनील मिगलानी, वाइस चेयरवुमेन मिस सोनिया मिगलानी और डायरेक्ट डॉ अनुज अग्रवाल, सहायक निदेशक डॉ धीरज शर्मा और बीटेक डायरेक्ट डॉ पंकज कुमार सिंह साथ-साथ अनिल कुमार बाजपेयी तथा प्रतियोगिता संयोजक डॉ अर्जुन सिंह पंवार आदि उपस्थित रहे। कॉलेज के सहायक निदेशक डॉ धीरज शर्मा ने विजेता टीम को ट्रॉपी देकर शुभकामनये दी। इस अवसर पर ग्रुप डायरेक्ट डॉ अनुज अग्रवाल ने टीम को शुभकामनाएँ दी और कहा यह जीत टीम के हर खिलाड़ी की मेहनत, समर्पण और लगातार अभ्यास का परिणाम है। एचएलएम कॉलेज की यह उपलब्धि पूरे संस्थान के लिए गर्व का क्षण है। चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतने के बाद एचएलएम कॉलेज परिसर में उत्साह और उल्लास छा गया।

### उप महापौर बनने पर प्रवीण चौधरी का किया भव्य अभिनंदन

## बिहार में भाजपा की प्रचंड जीत पर मनाई खुशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कवि नगर अग्रसेन वाटिका स्थित उपमहापौर प्रवीण चौधरी का भव्य अभिनंदन किया गया जिसमें शहर के वरिष्ठ समाजसेवियों ने बढ़ चढ़कर के भाग लिया इस अवसर पर वी के अग्रवाल ने बताया कि यह हमारे गाजियाबाद का सौभाग्य है कि ऐसे कर्म सील व्यक्तित्व जो जनता की सेवा में अपने कार्य से पहचाने जाने वाले प्रवीण चौधरी नगर निगम के उपाध्यक्ष पद पर चुने गए यह शहर वासियों का सौभाग्य है।

इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि प्रवीण चौधरी पहले से ही एक जमीनी नेता है जो सभी के दुख सुख में काम आने वाले हैं उसी का फल मिला है कि आज महानगर नगर निगम में उनका उप महापौर के पद पर नियुक्त किया गया है मैं समस्त महानगर टीम को साधुवाद देता हूं।

वरिष्ठ समाज सेवायों ने बिहार में प्रचंड भाजपा की जीत की खुशी में लड्डू भी बांटे, इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद डॉक्टर अनिल अग्रवाल के प्रतिनिधि वरिष्ठ समाजसेवी देवेंद्र हितकारी, पप्पू नगर पार्षद, महाराजा अग्रसेन जनकल्याण सेवा ट्रस्ट के संस्थापक संदीप सिंघल, प्रदीप सिंघल, भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सारस्वत, शिवकुमार शर्मा वरिष्ठ समाजसेवी, हरीश शर्मा वरिष्ठ समाजसेवी, युवा व्यापार मंडल के महामंत्री, विपुल शर्मा, गौरवत्यागी, शिवम शर्मा पार्षद, संजय अग्रवाल, लोकेश सिंघल, ओम प्रकाश गुप्ता, गौरवअग्रवाल, डी डी गर्ग, लवकेश अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, अरविंदगुप्ता, हेमंत कंसल, जितेंद्र भटनागर आदि उपस्थित रहे।

## बैटरी चोरी करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**साहिबाबाद।** थाना इंदिरापुरम पुलिस ने बैटरी चोरी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की 10 बैटरी और चोरी करने वाले उपकरण तथा घटना में प्रयुक्त की गई यह कार बरामद की है मिली जानकारी के अनुसार थाना इंदिरापुरम पर अक्षय कुमार पुत्र चरण सिंह निवासी गली नंबर 8 जगजीवन नगर शाहदरा दिल्ली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी की अज्ञात चोर द्वारा सेक्टर 16ए वसुंधरा स्थित इंडाफास्ट स्वैप एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड से 11 बैटरी चोरी कर ली गई है। इस संबंध में थाना इंदिरापुरम पुलिस ने बीएनएस की धारा 305 में मुकद्दमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू की।

## डीजीआर स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डीजीआर पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में भव्य और प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में भाग लिया, जिनका उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, अनुशासन और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कमांडिंग ऑफिसर पियूष कुमार सिंह सम्मिलित हुए। विद्यालय के चेयरमैन गुल. बीर सिंह और डायरेक्टर /प्रिंसिपल डॉ सोनल चौधरी ने अपने सन्देश में बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर NCC कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और सहभागिता के लिए प्रमाण पत्र वितरण किया गया। साथ ही, विद्यालय की विभिन्न शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

## भाजपा सरकार की प्रचण्ड जीत पर लड्डू बांटकर मनाई खुशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** बिहार चुनाव में भाजपा एनडीए सरकार की प्रचण्ड विजयश्री पर भाजपा नेता अंकित गिरि के नेतृत्व में शालीमार गार्डन मार्केट में मिथिलांचल समाज के अजीत पोद्दार, संजीव कुमार झा के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को लड्डू खिलाकर विजयश्री का जश्न मनाया। इस अवसर पर व्यापार मण्डल के सनी शर्मा, रविदत्त शास्त्री, वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश सिंह ठाकुर, किशोर चौधरी, पंकज वार्ष्णेय, कृष्ण कुमार, हनुमंत प्रताप पाण्डेय, ललित कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आईटीएस में एमओयू साइनिंग सेरेमनी का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, मोहन् नगर द्वारा LoQal AI Ventures के सहयोग से एक महत्वपूर्ण साझेदारी (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए तथा I-T-S – LoQal AI Academy का औपचारिक शुभारंभ किया गया। यह पहल छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के क्षेत्र में उन्नत प्रशिक्षण, उद्योग से जुड़े अनुभव और रोजगार के नए अवसर प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। इस कार्यक्रम में आई.टी.एस एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा तथा स्कंस AI Ventures की सह- संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनंता ठाकुर सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ आईटीएस दी एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अनंता ठाकुर , अरुण कुमार - सह-संस्थापक एवं मुख्य प्रौद्योगिकी एवं नवाचार अधिकारी, अमित आनंद - सह-संस्थापक एवं मुख्य संचालन अधिकारी, गौतम मुखर्जी - मैनेजिंग पार्टनर (स्ट्रेटेजी, इनोवेशन एवं टेक्नोलॉजी लीडरशिप), अमिताभ राय - मैनेजिंग पार्टनर (टेक्नोलॉजी ट्रांसफॉर्मेशन एवं डिलीवरी), सतीश राय - मैनेजिंग पार्टनर (लीगल, गवर्नेंस एवं पीपल ट्रांसफॉर्मेशन), सुजाता मेंगने - मैनेजिंग पार्टनर (गवर्नमेंट बिजनेस, स्ट्रेटेजिक अलायंसेज एवं एंटरप्राइज सॉल्यूशंस), आईटीएस के निदेशक, डॉ सुनील कुमार पांडेय, आईटीएस स्नातक परिसर की प्रधानाचार्या डॉ0 नैंसी शर्मा, एमसीए विभाग की संयोजिका प्रो0 पूजा धर के द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

आईटीएस-दी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा ने अपने सन्देश में इस पहल के लिए प्रसन्नता व्यक्त की तथा कहा कि आई.टी.एस. समूह ने हमेशा ही शिक्षा में नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा दिया है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अनंता ठाकुर ने अपने सबोधन में कहा कि यह मंच उद्योग जगत और शिक्षा जगत के बीच संवाद एवं सहयोग को और सशक्त बनाने की दिशा में एक उत्कृष्ट पहल है।

अरुण कुमार - सह-संस्थापक एवं मुख्य प्रौद्योगिकी एवं नवाचार अधिकारी ने I-T-S – द एजुकेशन ग्रुप को इस आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि यह कार्यक्रम भविष्य के युवा नेताओं को सही दिशा प्रदान करेगा। सुजाता मेंगने - मैनेजिंग पार्टनर (गवर्नमेंट बिजनेस, स्ट्रेटेजिक अलायंसेज एवं एंटरप्राइज सॉल्यूशंस) ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह आयोजन शिक्षा और उद्योग के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का सञ्चालन एमसीए विभाग की संयोजिका प्रो पूजा धर ने किया।

# डीएम व एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

## दिव्यांग पेंशन अन्य लाभार्थी पारक योजनाओं के कैंप लगा लाभार्थियों को दिए जा रहे प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजित हुआ। जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बागपत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतें सुनी और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए तीनो तहसीलों संपूर्ण समाधान दिवस में 91 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मौके पर 17 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

तहसील संपूर्ण समाधान दिवस दिवस में जो शासन की नीति है कोई भी प्रार्थना पत्र उसका 7 दिन के अंदर निस्तारण कर दिया जाए। कोई प्रकरण संवेदनशील है तो उसकी समय अवधि 7 दिन और बढ़ाई जा सकती है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले बागपत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सरल और सम लाभ उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से कैंप लगाया जाता है जिसमें पेंशन दिव्यांग राशन कार्ड आदि संबंधित विभाग को स्टाल लगाए जाते हैं और संबंधित लाभार्थी का प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाता है जिसमें तहसील दिवस के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए जाते हैं जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दिव्यांग जनों को प्रमाण पत्र वितरित किए। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता को भी संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा निस्तारण के दौरान उपस्थित रखा जाए ताकि सभी शिकायतों का निराकरण गुणवत्ता परक रूप से सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में दर्ज शिकायतों की मानिटरिंग उत्तर प्रदेश शासन स्तर से सुनिश्चित की जा रही है। अतः सभी अधिकारियों के द्वारा दर्ज शिकायतों का निराकरण पूर्ण गंभीरता के साथ कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में आए संपर्को के निस्तारण की क्रॉस चेकिंग कराए जाने के लिए टीम गठित की उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में अधिकारियों का सुपरविजन अच्छा होना चाहिए। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाले संदर्भों के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त संदर्भों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें कोई भी संदर्भ लंबित नहीं रहना चाहिए। इस अवसर पर एसडीएम बागपत अमरचंद वर्मा, नायव तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकार अंशु जैन सहित आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## पीड़ित परिवार ने की दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जौहड़ी गांव के लोगों ने दबंग लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन देकर अपने प्लाट की चार दिवारी किए जाने की मांग की है। दबंग लोग प्लांट की चार दिवारी नहीं करने दे रहे हैं रोजाना मारपीट करते रहते हैं। ज्ञापन में मीनाक्षी पत्नी कुलदीप जौहड़ी ने बताया कि गांव में जमीन का खसरा नंबर 98 राहुल पुत्र मुकेश ने 11537 का दान पत्र लिया था दान दी गई भूमि पर दबंग लोग चार दिवारी नहीं करने दे रहे हैं। गाली गलौज करते हैं मारपीट करते हैं इसकी शिकायत पुलिस प्रशासन से भी की गई थी। मगर पुलिस प्रशासन ने भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गांव के ही दबंग लोग जान से मारने की भी धमकी दे रहे हैं उन्होंने पुलिस प्रशासन से भी गुहार लगाई है। एसडीएम भावना सिंह ने बिनोली थाना अध्यक्ष को कार्रवाई के लिए निर्देश दिए हैं। मीनाक्षी पत्नी कुलदीप ने बताया कि अगर दबंग लोगों के खिलाफ कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई तो तहसील परिसर में धरना दिया जाएगा।



## खड़ी कार में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** महिला थाने के पास गर्ग एन्क्लेव में खड़ी एक कार में देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि आग लगने से पहले कार में तेज धमाका हुआ था। आग लगने का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय निवासी विकास, राहुल और मनोज ने बताया कि कार में आग लगने के बाद जैसे ही टायर फटे, तेज धमाका हुआ। वे मौके पर पहुंचे और देखा कि कार तेजी से जल रही थी। उन्होंने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड को बुलाया, जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



## ज्ञान, अनुभव व कार्य-नीति को नई पीढ़ी के साथ करें साझाः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बड़ौत में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, शाखा जनपद बागपत के द्विवार्षिक चतुर्थ अधिवेशन में सहभागिता की। विभिन्न विभागों-राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, ऊर्जा, सिंचाई, पंचायत राज एवं अन्य सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार जनपद बागपत में कुल 8,187 पेंशनर्स पंजीकृत हैं, जिनका अनुभव और सेवा-समर्पण समाज के लिए अत्यधिक मूल्यवान है।

अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा निवृत्ति का समय समाज को नई दिशा और प्रेरणादायक नेतृत्व प्रदान करने का अनमोल अवसर है। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स प्रशासन और समाज के बीच एक मजबूत प्रेरक सेतु का कार्य कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित वरिष्ठ सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने ज्ञान, अनुभव और कार्य-नीति को नई पीढ़ी के साथ साझा करें तथा सामाजिक विकास, जन-कल्याण और सुशासन की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं। अधिवेशन के दौरान वरिष्ठ नागरिकों और पेंशनर्स से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। अधिकारियों ने वृद्धावस्था एवं पारिवारिक पेंशन लाभ, डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र के तहत ऑनलाइन सत्यापन, 70 वर्ष एवं अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक हेतु आयुष्मान भारत कार्ड आदि की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने उपस्थित पेंशनर्स से यह भी आहवान किया कि वे प्रदेश सरकार के समर्थ यूपी विकसित यूपी 2047 अभियान में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपने सुझाव भेजें। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण शहरी परिवहन, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा तथा सामुदायिक नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने में वरिष्ठ पेंशनर्स का अनुभव एक अमूल्य पूंजी है और उनके सुझाव प्रगति की दिशा में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी अस्मिता लाल का हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रशासन की सक्रिय भागीदारी से पेंशनर्स के सम्मान, सुविधाओं और कल्याणकारी सेवाओं में निरंतर सुधार हो रहा है।



## मानसिक दिव्यांगता से प्रभावित लोगों के लिए महत्वपूर्ण व सराहनीय पहल की गई शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ज़िले में मानसिक दिव्यांगता से प्रभावित लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल शुरू की गई है। अब प्रत्येक माह के तीसरे सोमवार को जिला चिकित्सालय परिसर में विशेष शिविर लगाकर पात्र व्यक्तियों की जाँच की जाएगी और मानसिक दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। इस शिविर में ऐसे व्यक्ति लाभ प्राप्त कर सकेंगे, जिनमें बौद्धिक विकास में धीमापन, सामाजिक अनुकूलन क्षमता में कमी या अपेक्षित आयु के बाद भी दैनिक कार्यों जैसे नहाना, वस्त्र धारण करना, शौचालय का उपयोग आदि के लिए अभिभावकों पर निर्भरता पाई जाती है। इसके साथ ही उन व्यक्तियों की भी जाँच की जाएगी, जिनमें सीखने में विशिष्ट अक्षमता (एसएलडी) मौजूद हो, जिसके कारण उन्हें पढ़ने, लिखने, शब्दों को पहचानने या गणितीय गणनाओं को समझने में कठिनाई होती है। इसके अलावा स्किज़ाफ्रेनिया, ओब्सेसिव कम्पल्सिव डिसऑर्डर (ओसीडी), बाइपोलर अफेक्टिव डिसऑर्डर जैसी गंभीर मानसिक अवस्थाओं से प्रभावित वे लोग भी शिविर में शामिल हो सकेंगे। जाँच प्रक्रिया को अधिक वैज्ञानिक और पारदर्शी बनाने के लिए गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा से विशेषज्ञ चिकित्सकों और मनोवैज्ञानिकों की टीम प्रत्येक माह निर्धारित दिवस पर इस कैंप में जिला चिकित्सालय में उपस्थित रहेगी। यह टीम अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार आवश्यक मूल्यांकन कर पात्र व्यक्तियों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएगी।

## गली में अवैध रूप से छज्जा निकाले के विरोध में की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हिसावदा गांव के ग्रामीणों ने तहसील में प्रदर्शन कर एक व्यक्ति द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण की शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव का निवासी कर्मवीर अपने मकान के निर्माण के दौरान गली में अवैध रूप से छज्जा निकाल रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस अवैध छज्जे के कारण गली में आवागमन बाधित हो रहा है और भविष्य में भी स्थानीय निवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद इस मामले में कोई समाधान नहीं निकला है। समाधान दिवस के अवसर पर ग्रामीणों ने बागपत तहसील पहुंचकर अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत की। अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कराने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ग्रामीण तेजपाल, मनोज और अमीचंद ने बताया कि उन्होंने इस अवैध निर्माण की शिकायत पहले भी की थी, लेकिन कर्मवीर द्वारा निर्माण कार्य लगातार जारी है। उनका आरोप है कि शिकायत करने पर कर्मवीर उन्हें धमकी भी देता है, जिससे वे काफी परेशान हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं। अधिकारियों ने इस पूरे मामले पर संज्ञान लेते हुए संबंधित थाना पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही, राजस्व विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर पूरे मामले की जांच-पड़ताल करने और नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।



## खतौनी खिड़की पर डीएम ने संभाली कमान, चोक गए किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** किसानों की जमीन से जुड़े दस्तावेजों को प्राप्त करने की प्रक्रिया पारदर्शी और सरल बनाने की दिशा में बागपत तहसील परिसर ने आज एक बहुत ही प्रेरक और दुर्लभ दृश्य देखने को मिला जिसे देख किसान बोल उठे कि डीएम हो तो ऐसी। तहसील दिवस की कार्यवाही सम्पन्न होने के बाद जिलाधिकारी अस्मिता लाल अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के सीधे खतौनी खिड़की की ओर बढ़ीं। सामान्यत अधिकारी केवल व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हैं लेकिन इस बार दृश्य बिल्कुल अलग था। जिलाधिकारी ने न केवल व्यवस्थाओं की समीक्षा की बल्कि स्वयं कंप्यूटर डेस्क पर बैठकर किसानों की खतौनी निकालनी शुरू कर दी और प्रक्रिया को आसान बनाए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खतौनी की लाइन में खड़े किसानों को पहले तो यह लगा कि शायद औपचारिक रूप से निरीक्षण होगा परंतु कुछ ही क्षणों में उनकी यह धारणा बदल गई। जिलाधिकारी ने जिस सहजता और सरलता से सिस्टम में लॉगिन कर किसानों की खतौनी निकाली, उसने किसानों को यह अहसास कराया कि सरकार केवल योजनाएं ही नहीं बना रही बल्कि उन्हें ईमानदारी से लागू करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। एक-एक किसान का नाम पुकारकर उनके दस्तावेज जिलाधिकारी द्वारा अपने हाथों से सौंपना उन किसानों के लिए लंबे समय तक याद रहने वाला क्षण बन गया।



## तहसील में दिया लेखपाल संघ ने धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शनिवार को तहसील परिसर में लेखपाल संघ द्वारा एकदिवसीय धरना दिया गया, जिसमें संघ द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे।

तहसील परिसर पर बैठे लेखपाल संघ द्वारा नारेबाजी की गई। मुख्यमंत्री के नाम दिए गए ज्ञापन में विभिन्न मांगों के समाधान की मांग की गई। इसमें प्रारंभिक वेतनमान उच्चीकरण, पदोन्नति के अवसरों में वृद्धि, एसीपी विसंगति, भत्तों में वृद्धि (स्टेशनरी भत्ता, नियत यात्रा भत्ता के स्थान पर वाहन भत्ता, विशेष भत्ता), पदनाम परिवर्तन, अंतर मंडलीय स्थानांतरण, पेंशन विसंगति आदि रही। इसके अलावा जनसंख्या वृद्धि शहरीकरण भूमि के टुकड़ों में विक्रय वृद्धि आदि कर्म से बढ़ते भूमि विवादों की दृष्टिगत लेखपालों के पदों में वृद्धि कार्यालय एवं राजस्व सहायिका तथा राजस्व पुलिस चौकी की व्यवस्था की भी मांग की गई। धरने की अध्यक्षता अंकित दांगी और संचालन तहसील मंत्री शशांक भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर भारत भूषण, शशांक भारद्वाज, अमित, संजीव, शैलेश यादव, वीरेंद्र बिजेंद्र, मुकुल, गौरव आदि लेखपाल मौजूद रहे।



## बजरंग दल और गोवंश रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव के प्राईमरी पाठशाला में साथी बच्चों को पानी की बोतल में पेशाब पिलाने के मामले को लेकर बजरंग दल और गोवंश रक्षा दल के कार्य कर्ताओं ने स्कूल पहुंच जमकर हंगामा किया और बच्चों के परिजनों को गिरफ्तार करने की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगो को शांत किया और पीड़ित बच्चों मेडिकल के लिए भिजवाया।

ढिकोली गांव के प्राईमरी पाठशाला नम्बर दो में सहपाठी बच्चों ने अपने ही स्कूल के बच्चों की पानी की बोतल मे पेशाब कर पिलाने का आरोप लगा था जिसके बाद शुक्रवार को परिजनों ने स्कूल में पहुंच जमकर हंगामा किया था और आरोपी बच्चों के पीछे जो पडयंत्र करने वाले थे उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की थी जिसके बाद पुलिस ने पहुंच मामला शांत कराया था। शनिवार को फिर बजरंग दल और गोवंश रक्षा दल के कार्यकता प्राईमरी पाठशाला पहुंच जमकर हंगामा किया था और बच्चों के परिजनों को गिरफ्तार करने की मांग की। वही पीड़ित बच्चों के मेडिकल कराने की मांग की सूचना पर पहुंचे। थाना प्रभारी अतर सिंह ने उन्हें समझा बुझा कर शांत किया और पीड़ित तीनों बच्चों को पिलाना मेडिकल के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जो आरोपी होगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की। हंगामा करने वालो में दीपक, अभय मोनू ढाका, हिमांशु, सत्यम ढाका, रोहित, चीनू, तरुण, अक्षय ढाका, अमित ढाका, अंकुश ढाका आदि मौजूद रहे।



## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो व्यक्तियों को टक्कर मार किया घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गौरीपुर मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो व्यक्तियों को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवक घायल हो गए, जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया।

घायल युवकों की पहचान हरियाणा के सोनीपत निवासी जुल्फिकार और उनके साथी निनना के रूप में हुई है। वे बाइक पर सवार होकर बागपत आ रहे थे, तभी एक सफेद रंग की कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार चालक तेजी से मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने कार को रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन वह तेज रफ्तार से निकल गई। मौके पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने दोनों घायल युवकों को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जुल्फिकार को हाथ और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं, जबकि निनना के पैर में फैक्चर हुआ है। दोनों का अस्पताल में उपचार जारी है। पीड़ित परिवार ने कार चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर फरार कार चालक की तलाश कर रही है।

## एक नजर

### जिला विज्ञान क्लब ने बड़ौत के लक्ष्य पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने शनिवार को जिला विज्ञान क्लब के सहयोग से बड़ौत के लक्ष्य पब्लिक स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया एवं उत्कृष्ट मॉडल बनाने वाले नवाचारकों को पुरस्कृत किया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने अपनी वैज्ञानिक अवधारणाओं, शोध क्षमता और नवाचार के मॉडल प्रस्तुत किए जिनका जिलाधिकारी ने गहन निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता, तार्किक सोच और प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान जीवन को बेहतर बनाने वाला व्यवहारिक ज्ञान है। बागपत के संदर्भ में सोच विकसित कर नवाचार करे। अपने आसपास की चीजों का नियमित आकलन करे और जहां भी चीजों को बेहतर करने की संभावना है वहां नवाचार करे। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, बायो-टेक्नोलॉजी, स्पेस साइंस जैसी प्रौद्योगिकी क्रांतियों से भरा हुआ है। ऐसे समय में आवश्यक है कि विद्यार्थी विज्ञान को खोज, अनुसंधान और समाधान की भावना के साथ अपनाएँ। उन्होंने बताया कि नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अटल टिंकरिंग लैब्स और साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ यानी स्टीम से जुड़ी शिक्षा को मजबूत किया जा रहा है जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक विज्ञान सीखने के अवसर मिल रहे हैं। निरीक्षण के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इनमें स्मार्ट डस्टबिन, एंटी स्लीप अलार्म, जीव विज्ञान से जुड़े विषयों पर मॉडल शामिल रहे। जिला विज्ञान क्लब की समन्वयक एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार विजेता डा.प्रीति शर्मा ने विद्यार्थियों को बनाओ, परखो और सुधारो की वैज्ञानिक पद्धति अपनानी के लिए प्रेरित किया और समाधान आधारित दृष्टिकोण अपनाकर नवाचार को जीवन के हर क्षेत्र से जोड़ने के सम्बन्ध में जागरूक किया। विद्यार्थियों का विशेष उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वैज्ञानिक प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती बस जिज्ञासा और सीखने की इच्छा होनी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### मान स्तंभ महोत्सव में याग मंडल विधान का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिगंबर जैन हाई स्कूल एसोसिएशन के तत्वावधान में तीन दिवसीय ऋषभदेव मान स्तंभ महोत्सव के दूसरे दिन आचार्य नयन सागर महाराज के सानिध्य में याग मंडल विधान का आयोजन किया गया। जैन श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से आदिनाथ भगवान की जिन प्रतिमा का सौधर्म इंद्र रोहन जैन के नेतृत्व में अभिषेक किया और दिव्य शांतिधारा की। इसके पश्चात पंडित अशोक जैन शास्त्री के निर्देशन में याग मंडल विधान और वास्तु विधान की पूजन की। कुबेर इंद्र आयुष जैन द्वारा इस अवसर पर रत्न वर्षा भी की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्षा बबीता अश्वनी तोमर भी उपस्थित रही, जिनका प्रतीक चिह्न देकर अध्यक्ष धन कुमार जैन और सचिव धनेंद्र जैन द्वारा सम्मान किया गया। आचार्य निर्मलसागर महाराज के चित्र का अनावरण पंकज जैन अध्यक्ष साध्वृति आश्रम कमेटी द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन वरुण तोमर द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिगंबर जैन पुजारी संघ द्वारा समयसार ग्रन्थ का लोकार्पण भी किया गया। आचार्य नयन सागर महाराज की प्रेरणा और धनेंद्र जैन सचिव के निर्देशन में नगर मे प्रथम बार केवली वृक्ष वाटिका का निर्माण, मान स्तंभ परिसर में किया गया। जहां पर 24 तीर्थंकर भगवान का जीवन परिचय और भक्तामर यंत्रों भी प्रदर्शित किए गए हैं। इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य नयन सागर महाराज ने कहा कि जैन धर्म के 24 तीर्थंकर ने जिन वृक्षों के नीचे बैठकर तपस्या की थी, केवलज्ञान प्राप्त किया था, उन्हें ही केवली वृक्ष वाटिका के द्वारा रोपित किया गया है, जिनके नीचे आज भी बैठकर शांति मिलती है। उन्होंने असी, मसी, कृषि के द्वारा इस जगत के अंधकार को दूर किया था। उन्होंने अपनी पुत्री ब्राह्मी और सुंदरी को अंक विद्या और लिपि विद्या सिखाई। जिन्होंने सारे विश्व को इसका ज्ञान कराया। भगवान ऋषभदेव के पुत्र भरत चक्रवर्ती के नाम पर ही हमारे देश का नाम भारत पड़ा। सभा में धन जैन, प्रवीण जैन, धनेंद्र जैन, राकेश जैन, दिनेश जैन, राकेश जैन, अरविंद, पंकज जैन, विमल जैन, अनिल जैन, अशोक जैन, सचिन जैन, अंकुर जैन, ऋषभ जैन आदि उपस्थित थे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र शकील व उसकी पत्नि अन्जुम से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। रहीसू पुत्र शकूर निवासी लाईन पार वार्ड नं.13 प्रेमपुरी कस्बा व थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र नौशाद व उसकी पत्नि मुस्कान से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। इरसाद पुत्र सलिमुदीन निवासी ग्राम हिलवाड़ी थाना बडौत जनपद बागपत।

# डिवाइडर से टकराई बाइक, दो दोस्तों की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में एनएच-9 पर शनिवार दोपहर भयावह सड़क दुर्घटना हुई जिसमें बाइक सवार दो दोस्तों की जान चली गई। रामा हॉस्पिटल के पास स्थित पेट्रोल पंप के करीब अचानक बाइक का नियंत्रण बिगड़ गया और वाहन तेज रफ्तार में डिवाइडर से टकरा गया।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान 30 वर्षीय सलमान और 38 वर्षीय सोनू शर्मा के रूप में हुई है। दोनों मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव कुर्सी के रहने वाले और घनिष्ठ मित्र बताए गए हैं।





सलमान मूल रूप से हापुड़ के मोहल्ला मजीदपुरा का निवासी था लेकिन शादी के बाद पिछले कई वर्षों से वह ससुराल में रह रहा था। शनिवार को वह मायके परिवार से मिलने हापुड़ जा रहा था और उसके साथ पड़ोसी सोनू शर्मा भी सवार था। घटना के बाद राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। हादसे की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में को. हराम मच गया और क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# मंदिर में चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने कस्बा चौकी क्षेत्र में स्थित प्राचीन मंदिर में हुई चोरी की सनसनीखेज घटना का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली कि मंदिर चोरी का आरोपी वीआईपी स्कूल रोड के पास दिखाई दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नई आबादी की ओर जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने कुछ समय पहले कस्बा चौकी क्षेत्र में स्थित प्राचीन मंदिर में घुसकर शिवलिंग पर स्थापित पीतल का नाग चोरी कर लिया था। यही नहीं, मंदिर के दानपात्र को तोड़कर उसमें रखी नकदी भी निकाल ली थी। इस घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल था,



और ग्रामीणों ने चोरी की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस लगातार इसकी जांच में जुटी हुई थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी की तलाशी के दौरान पुलिस को चोरी किया हुआ तांबे का नाग, दानपात्र से चोरी किए गए 2310 रुपये, एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस और एक पैशन प्लस मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान समीर उर्फ फकरु पुत्र सलीम उर्फ हसरत निवासी मोहल्ला अल्वी नगर, थाना पिलखुवा, जिला हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। मंदिर में हुई चोरी का खुलासा होने के बाद ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरा. ेपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके अलावा यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी ने और कितनी वारदातों को अंजाम दिया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** प्रदेश सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए संचालित संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन गढ़मुक्तेश्वर तहसील में किया गया। डीएम अभिषेक पांडेय और एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सुबह से ही तहसील परिसर में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे, जिन्हें अधिकारियों ने एक-एक कर सुनते हुए गंभीरता से संज्ञान लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस का मूल उद्देश्य जनता को राहत देना है, इसलिए शिकायतें कागजों में न सुलझें, बल्कि धरातल पर वास्तविक समाधान दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर निर्धारित समयसीमा के भीतर ही सभी मामलों का निस्तारण हर हाल में पूरा किया जाए। डीएम अभिषेक पांडेय ने उल्लेख किया कि आईजीआरएस पोर्टल और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतें सरकार की प्राथमिकता हैं। यदि किसी भी शिकायत में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाया गया, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं भी शिकायतों की मॉनिटरिंग करें और समाधान की प्रगति की रिपोर्ट समय-समय पर उपलब्ध कराएं। वहीं एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुलिस संबंधी



शिकायतों की विस्तृत सुनवाई करते हुए स्पष्ट कहा कि किसी भी फरियादी को न्याय मिलने में बाधा नहीं आनी चाहिए। एसपी ने यह भी कहा कि कई बार छोटी-छोटी शिकायतें गंभीर विवादों का रूप ले लेती हैं, इसलिए पुलिस अधिका. रियों को संवेदनशीलता के साथ हर मामले को समझना चाहिए और बिना देरी कार्रवाई करनी चाहिए। कार्यक्रम में सीओ स्तुति सिंह, तहसीलदार, राजस्व विभाग के अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** कोतवाली देहात क्षेत्र के ततारपुर स्थित नए फ्लाईओवर पर शनिवार दोपहर एक भयावह सड़क दुर्घटना हुई, जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। गाज़ियाबाद से मुरादाबाद की ओर जा रहे दो युवकों की बाइक को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने इतनी जोरदार टक्कर मारी कि बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोपहर के आसपास अचानक एक जोरदार धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। जब लोग मौके पर पहुंचे तो सड़क पर टूटे हुए बाइक के पुर्ज़े बिखरे पड़े थे और दोनों युवक सड़क पर गिरे हुए थे। एक युवक



की हालत इतनी खराब थी कि राहगीरों ने उसे छूने तक में हिचक दिखाई। मृतक युवक की पहचान अमेठी निवासी अनिल के रूप में हुई। वह अपने साथी शुभम के साथ किसी जरूरी काम से गाज़ियाबाद से मुरादाबाद की ओर जा रहा था। दोनों ने जैसे ही ततारपुर फ्लाईओवर पर चढ़ाई की, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को उड़ा दिया। तेज टक्कर के कारण बाइक कई मीटर घिसटती चली गई और दोनों युवक दूर जाकर गिरे। अनिल के सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं शुभम घायल अवस्था में तड़प रहा था। हादसे के तुरंत बाद वहां से गुजर रहे लोगों ने घायल शुभम को संभाला और डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस टीम और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद अनिल को मृत घोषित कर दिया, जबकि शुभम की हालत अभी भी नाजुक बताई जा रही है। दुर्घटना करने वाला वाहन बिना रुके मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फ्लाईओवर पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर वाहन की पहचान के लिए तकनीकी टीम को लगाया है। लोगों ने प्रशासन से यहां स्पीड कंट्रोल उपाय, रिफ्लेक्टर, साइन बोर्ड और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी पटनीश यादव ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। आरोपी वाहन की पहचान के लिए फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध चाकू रखने के मामले में आरोपी को न्यायालय ने सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक हापुड़ के निर्देशन में अपराध और अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हापुड़ पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अवैध रूप से चाकू रखने के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी सुभाष के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सजा और अर्थदंड सुनाया है।

शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि थाना बहादुरगढ़ में मुकदमा अपराध संख्या 139/2018, धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत दर्ज मुकदमे में आरोपी सुभाष को पुलिस ने घटना के बाद गिरफ्तार कर आवश्यक साक्ष्य संकलित किए थे। तत्पश्चात पुलिस द्वारा



संपूर्ण विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकारने पर न्यायालय ने आरोपी सुभाष पुत्र भगवत नाई निवासी मोहल्ला पट्टी हजारी, टीचर कॉलोनी, कस्बा व थाना स्याना, जनपद बुलन्दशहर को न्यायालय उठने तक की सजा तथा 2,000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। वही दूसरी और, पुलिस अधीक्षक हापुड़ के निर्देशन में जनपद पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। अवैध हथियार रखने के मामले में हापुड़ पुलिस की प्रभावी पैरवी और समयबफ कार्रवाई के चलते न्यायालय ने आरोपी सुफियान को दोषी करार देते हुए सजा के साथ 3000 अर्थदंड से दंडित किया है।

# पीएम सूर्य घर योजना को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना को सफल बनाने के लिए हापुड़ जिला प्रशासन ने बड़ी पहल शुरू कर दी है। शनिवार को तहसील हापुड़ के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में योजना से जुड़े कंपनी वेंडरों के साथ विस्तृत समीक्षा व विचार-विमर्श बैठक आयोजित की गई।

सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले लाभार्थियों को बैंक लोन दिलाने में जिला प्रशासन सक्रिय सहयोग करेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग सोलर ऊर्जा का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि सभी वेंडर यह सुनिश्चित करें कि पात्र लाभार्थियों के आवेदन समय पर पूरे कराए जाएं। सीडीओ ने बताया कि



यह महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई है, जिसका प्रमुख उद्देश्य देश के एक करोड़ घरों को मुफ्त बिजली प्रदान करना है। सरकार द्वारा घरों पर सोलर पैनल स्थापित कराने के लिए भारी सब्सिडी दी जा रही है, जिससे आम परिवारों को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिल सकेगी। सीडीओ ने सभी संबंधित विभागों और वेंडरों से योजना को जन-जन तक पहुंचाने और अधिक से अधिक पात्र लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए। जिले में जल्द ही बैंक लोन कैम्प भी लगाए जाएंगे ताकि लाभार्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

## एक नजर

### एंटी-रोमियो स्क्वाड की जोरदार कार्रवाई, बाजारों से लेकर कस्बों तक मनचलों में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यूपी सरकार द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत शुक्रवार को हापुड़ पुलिस ने पूरे जनपद में व्यापक और सख्त कार्रवाई को अंजाम दिया। जिले के सभी थानों की एंटी-रोमियो स्क्वाड टीमों और महिला सुरक्षा दलों ने संयुक्त रूप से उन सभी इलाकों में दबिश दी, जहां महिलाओं व बालिकाओं का आवागमन अधिक रहता है।

सुबह से ही शहर के प्रमुख बाजारों पिलखुवा, धौलाना गढ़मुक्तेश्वर, बहादुगढ़, सिम्भावली, बाबूगढ़, हापुड़ नगर और देहात क्षेत्रों में एंटी-रोमियो स्क्वाड की टीमें सक्रिय नजर आईं। भीड़भाड़ वाले स्थानों, बस स्टैंड, कोचिंग संस्थानों, विद्यालयों, पार्कों और चौराहों पर पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। कई स्थानों पर टीमों ने पैदल गश्त और मोटरसाइकिल स्क्वाड के साथ फ्लैग मार्च भी किया, जिससे असामा. जिक तत्वों में जबरदस्त खौफ देखा गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने उन किशोरों व युवकों को रोककर पूछताछ की जो बिना किसी कारण के महिलाओं के आसपास घूमते पाए गए। टीमों ने ऐसे मनचलों को मौके पर ही चेतावनी दी, साथ ही उन्हें दोबारा ऐसी हरकत न करने की सख्त हिदायत भी दी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जनपद में महिलाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के लिए कोई जगह नहीं और किसी भी शिकायत को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई में लिया जाएगा।

### युवती को नहाते हुए युवक पर देखने का आरोप, पीड़िता ने थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने गांव निवासी युवक पर मकान की छत से नीचे कर आकर स्नान के दौरान देखने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।
गांव निवासी युवती ने बताया कि उनके घर का बाथरुम खुला हुआ है। उस पर कपड़ा डाल कर नहाती है। पीड़िता ने बताया कि 14 नवंबर को वह बाथरुम में नहा रही थी। उनके पिता घर के बाहर बैठे हुए थे। तभी गांव निवासी युवक उनके मकान की छत से नीचे आ गया और बाथरुम के सामने खड़ा होकर उनको नहाते हुए अश्लीलता से देखने लगा। इसको देखकर उनकी चींख निकाल गई। इसको सुनकर उनके पिता घर के अंदर आने लगे तो आरोपी उनको देखकर मकान की छत से फरार हो गया। पीड़िता ने थाने पहुंच घटना की तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### किशोरी का अपहरण कर तीन लोगों पर छेड़छाड़ करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने गांव निवासी दो युवक और उनके बहनोई पर नाबालिग बेटी का अपहरण कर दूसरे जनपद में जाने के बाद छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि 12 नंवबर को परिवार के सभी लोग जंगल से पशुओं का चारा लेने के लिए गए थे। घर पर उनकी 15 वर्ष की बेटी अकेली थी। तभी गांव निवासी दो भाई उनके घर पहुंचे और उसकी बेटी को नशीला पेय पदार्थ पिलाने के बाद बाइक पर अपहरण कर जनपद बुलंदशहर के एक गांव में अपने बहनोई के पास ले गए। वहां तीनों आरोपियों ने उसकी बेटी के साथ अश्लीलता करते हुए छेड़छाड़ की। बेटी के घर पर न होने पर जब उन्होंने तलाश की तो आरोपी उसकी बेटी को गांव के जंगल में खेत में छोड़ कर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 3 साल की सजा, 5,000 का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** यूपी पुलिस द्वारा संचालित ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत जनपद हापुड़ में एक और बड़ी सफलता दर्ज की गई है। नाबा. लिग से छेड़छाड़ के गंभीर मामले में प्रभावी, सशक्त और त्वरित पैरवी करते हुए हापुड़ पुलिस ने आरोपी को 3 साल की सज़ा और 5,000 के अर्थदंड से दंडित कराया है।

शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र कुमार त्यागी ने बताया कि घटना 24 जून 2023 की है, जब आरोपी निखिल पुत्र दिनेश, निवासी अशोक नगर, गली नंबर 5, थाना ज्योति नगर, नई दिल्ली ने एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ की दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया था। परि. जनों की तहरीर पर थाना बाबूगढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया था। गंभीर प्रकरण होने के कारण विवेचक द्वारा त्वरित जांच की गई और 29 जुलाई 2023 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया गया। लगातार प्रभावी पैरवी और मजबूत साक्ष्यों के आधार पर, 15 नवंबर को एडीजे/स्पेशल पॉक्सो प्रथम हापुड़ न्यायालय ने आरोपी निखिल को 3 साल की सज़ा व 5,000 का अर्थदंड देने का ऐतिहासिक फैसला सुनाया। इस महत्वपूर्ण सजा दिलाने में शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र कुमार त्यागी, विवेचक निरीक्षक शीलेष कुमार, पैरोकार महिला कांस्टेबल मोनू मलिक व कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल प्रशांत कुमार पाण्डेय का विशेष योगदान रहा।

# नेहरू जयंती पर विश्व ब्राह्मण संघ का कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती यानी बाल दिवस पर शुक्रवार को विश्व ब्राह्मण संघ की ओर से न्यू पन्नापुरी, निकट राजधानी पब्लिक स्कूल में एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेहरू की बच्चों के प्रति स्नेह भावना को केन्द्र में रखते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को ज्ञान, संस्कार और प्रोत्साहन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संयोजन पंडित महेंद्र वशिष्ठ शहर अध्यक्ष, हापुड़ द्वारा किया गया जबकि अध्यक्षता डा. डीके वशिष्ट ने की। संचालन पंडित पंकज शर्मा ने सुचारू रूप से संभाला।
कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पंडित माया प्रकाश शर्मा कार्यकारी




अध्यक्ष, यूपी, नवरत्न त्यागी जिला संरक्षक, पंडित गोपाल शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष यूपी, पंडित नरेश चंद शर्मा एडवोकेट कानूनी सलाहकार, यूपी, डा. डीके वशिष्ट संरक्षक, समाजसेवी पंडित नरेंद्र शर्मा, शहर अध्यक्ष पंडित महेंद्र वशिष्ठ तथा मीडिया प्रभारी मेरठ मंडल पंडित लोकेश शर्मा द्वारा जवाहरलाल नेहरू के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि पंडित माया प्रकाश शर्मा ने नेहरू के व्यक्तित्व व भारतीय राजनीति में उनके योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। पंडित गोपाल शर्मा ने नेहरू के जीवन से जुड़ी एक प्रसिद्ध रेल दुर्घटना का उल्लेख कर वर्तमान परिस्थितियों पर भी चिंतन व्यक्त किया। संयोजक पंडित महेंद्र वशिष्ठ ने कहा कि संगठन सदैव जरूरतमंद एवं असहाय बच्चों की सहायता के लिए तत्पर है और इस दिशा में निरंतर काम कर रहा है। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि पंडित माया प्रकाश शर्मा, शहर अध्यक्ष महेंद्र वशिष्ठ सहित सभी पदाधिकारियों ने लगभग 40 से अधिक बच्चों को चार कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर और कटर सहित एक-एक अध्ययन सामग्री पैकेज सम्मानस्वरूप भेंट किया। बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य और उत्साहपूर्ण बना दिया। विश्व ब्राह्मण संघ का यह आयोजन न केवल बाल दिवस की गरिमा बढ़ाता है, बल्कि सामा. जिक सरोकार और मानवता की भावना को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला साबित हुआ।

# संविलियन विद्यालय में बाल मेला आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के बस्ती स्थित संवि. लियन विद्यालय में आयोजित बालमेले का शुभारंभ वार्ड सभासद मनु शर्मा ने रिबन काटकर किया गया। इस दौरान छात्रा अफसरा, अलीशा, वर्षा ने रंगोली बनाई तो वहीं कुछ छात्राओं ने समूह गान भी प्रस्तुत किया। सभासद मनु शर्मा ने प्रधानाध्यिपका रेखा रानी और स्टॉफ के साथ सभी स्टॉलों का अवलोकन किया। मेले में छात्र-छात्राओं ने सिक्का उछालो भाग्य आजमाओ, आलू व फलों की चांट, चाय समोसे इसके साथ सुन्दर एवं मनोरंजक खेल चम्मच दौड़,कुर्सी दौड़, रिंग दौड़ आदि का आनंद लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर फुर्सत जहां, रेखा रिजवाना आदि मौजूद रहे।

# तंबू निर्माण में बुलबुल टोली को मिला प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** नगर के शिव इण्टर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट शिविर के अंतिम दिन स्काउट प्रशिक्षक ने छात्र-छात्राओं को तंबू निर्माण करना सिखाया। कार्यवाहक

**तीन दिवसीय स्काउट शिविर का समापन**

प्रधानाचार्य ने तंबुओं का अवलोकन करके बच्चों के प्रयास की सराहनाकी।

शनिवार को स्काउट प्रशिक्षक अमन कुमार ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार हम विपदा के समय तंबु आदि का निर्माण कर सकते हैं। स्काउट शिक्षक नरेन्द्र कुमार ने छात्र-छात्राओं को स्काउट का वास्तविक महत्व बताते हुए उन्हें निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करने के बारे में बताया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ.शरद कुमार शर्मा ने बच्चों को समानता, एकता, लगनशील एवं प्रयत्नशील रहने का संदेश देते हुए स्काउट



के नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। तंबु निर्माण करने में छात्राओं की बुलबुल टोली प्रथम, रानी लक्ष्मीबाई टोली द्वितीय व चमेली टोली तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि छात्रों की ईगल टोली को प्रथम स्थान मिला। इस मौके पर जसपाल सिंह, हरिओम शर्मा, विजेंद्र सिंह, गगन अग्रवाल, शैलेन्द्र सिंह, बृजेश कन्नौजिया, चंचल चौधरी, मोनिका सिंह, विशाल अग्रवाल, ज्ञानेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, नवनीत कुमार, मुकेश कुमार, अनिल यादव मौजूद रहे।

# नोएडा में बनेंगे सौर ऊर्जा के उपकरण

## 200 एकड़ में बनेगा प्लांट, 3000 करोड़ से अधिक निवेश की कंपनियां होंगी शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना सिटी के सेक्टर-8 में सौर ऊर्जा के उपकरण तैयार करने के लिए 200 एकड़ में प्लांट बनाया जाएगा। इसके लिए सील सोलर पी6 प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को यमुना प्राधिकरण ने जमीन आवंटित कर दी है। कंपनी पैनल शीट और अन्य संयंत्र तैयार करेगी।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि यह क्षेत्र में नई ग्रीनफील्ड परियोजना होगी। इसे अल्ट्रा मेगा श्रेणी में रखा गया है। इस श्रेणी में तीन हजार करोड़ रुपए या इससे अधिक निवेश करने वाली कंपनियों को शामिल किया जाता है। कंपनी ने यीडा से सेक्टर-8 में प्लांट स्थापित करने के लिए जमीन मांगी थी। इस साल 24 फरवरी को प्राधिकरण ने कंपनी को लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी करते हुए प्रस्ताव शासन को भेज दिया।



**10 जुलाई को जारी किया था पत्र:** बीते 10 जुलाई को इंवेस्ट यूपी ने कंपनी के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए इसका पत्र जारी किया। अब प्राधिकरण ने भी कंपनी को भूमि आवंटित कर दी। कंपनी के पास भारत में 6.7 गीगावॉट से ज्यादा की सोलर परियोजना है। इनमें कुछ चल रहे हैं और कुछ निर्माणाधीन हैं। कंपनी के पास पहले से 3.5 गीगावॉट की टॉप कोन सोलर मॉड्यूल तैयार करने की क्षमता है।

### स्काईमार्क बिल्डिंग के पास गैस पाइपलाइन फटी

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-98 स्थित स्काई मार्क बिल्डिंग के पास आईजीएल गैस की पाइपलाइन अचानक से लीक हो गई। इससे इलाके में अफरातफरी मच गई। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। सूचना पर पुलिस, दमकल कर्मी और आईजीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद गैस सप्लाई बंद कर स्थिति को नियंत्रण में किया। गनीमत रही कि लीकेज के दौरान आग नहीं लगी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। बताया गया कि मौके पर नोएडा प्राधिकरण के ईएंडएम विभाग की ओर से खुदाई का काम किया जा रहा था। इसी दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे तेज गति से गैस निकलने लगी और हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही संबंधित टीम ने तुरंत सप्लाई रोक दी।

इसके साथ ही पाइपलाइन के आसपास के क्षेत्र को घेराबंद कर दिया गया और लोगों को उस दिशा में जाने से रोका गया। दमकल विभाग की टीम ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर मौके पर पहुंची और गैस का स्तर चेक किया।

# संदिग्ध मौत के मामले में न्यायालय ने दिया मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत के मामले में नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस को 48 घंटे के भीतर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने माना कि शिकायतकर्ता के कथनों के आधार पर प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध बनता है, जिसकी निष्पक्ष विवेचना आवश्यक है।

प्रार्थी अदनान अली का कहना है कि उसका भाई अरमान ग्रेटर नोएडा में मोहम्मद फैज के पास वेल्डिंग का काम करता था। आरोप है कि फैज को शक था कि उसकी बहन और अरमान के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसी शक को लेकर फैज ने अरमान के साथ झगड़ा किया, जिसके बाद अरमान कुछ समय के लिए अपने गांव हसनपुर लौट आया। कुछ दिन बाद फैज ने दोबारा अरमान को फोन कर बुलाया और काम पर लौटने को कहा। अरमान 15 अगस्त 2025 को घरवालों को बताते हुए दोबारा ग्रेटर नोएडा के गोदरेज फ्लैट टावर में ठेकेदार इंतजार के पास काम करने चला गया। अदनान के अनुसार 17 अगस्त को अरमान ने अपनी मां नाजरा से बात की थी। उस समय वह बेहद घबराया हुआ लग रहा था। अगले दिन मां द्वारा फोन मिलाने पर कॉल नहीं उठा। 18 अगस्त की शाम फैज ने परिवार को फोन कर बताया कि अरमान गायब है। इस पर अदनान और उसका मौसी का लड़का शाहरुख 19 अगस्त को ग्रेटर नोएडा पहुंचे और गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

24 अगस्त को नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने फोन कर बताया कि अरमान का शव गोदरेज टावर में मिला है। जब परिजन पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों ने अरमान के शरीर पर कई चोटों के निशान देखे। इसके बाद परिजन उस 17वीं मंजिल पर पहुंचे जहां से शव मिला था। उनका दावा है कि कमरे में दीवारों और फर्श पर काफी मात्रा में खून फैला हुआ था। ठेकेदार इंतजार और फैज ने परिजनों से कहा कि वह इस टावर में नहीं रहते और न ही उन्होंने कुछ किया। पुलिस ने उनके द्वारा खींची गई खून से सने कमरे की तस्वीरों की भी जांच नहीं की और मामले को आत्महत्या करार देने की कोशिश की।

परिवार ने 24 अगस्त को थाना नॉलेज पार्क में तहरीर देकर हत्या की एफआईआर दर्ज कराने का प्रयास किया लेकिन उनके अनुसार पुलिस ने ठेकेदार इंतजार के दबाव में रिपोर्ट दर्ज नहीं की। न्यायालय ने माना मामला गंभीर, विवेचना आवश्यक है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कहा कि शिकायतकर्ता के कथनों और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर यह मामला मानव मृत्यु से संबंधित है। प्रथम दृष्ट्या संज्ञेय अपराध है। ऐसे कई तथ्य हैं, जिनकी सच्चाई पुलिस विवेचना से सामने आ सकती है। इसलिए मुकदमा दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं।

### विवाद में कार सवार युवकों ने टैक्सी चालक को पीटा

**ग्रेटर नोएडा।** जारचा के रसूलपुर गांव में एक दुकान के सामने खड़ी टैक्सी नहीं हटाने पर विवाद हो गया। कार में सवार तीन लोगों ने टैक्सी चालक के साथ मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। रसूलपुर गांव में रहने वाले विनीत तोमर अपनी निजी कार टैक्सी में चलाते हैं। शुक्रवार की रात वह अपना काम कर टैक्सी से वापस अपने घर लौट रहे थे। गांव के समीप एक दुकान के सामने गाड़ी खड़ी कर मूंगफली खरीदने लगे। इसी बीच एक गाड़ी में सवार तीन लोग पीछे से आए और गाड़ी हटाने के लिए हॉर्न बजाने लगे। पीड़ित ने कहा की गाड़ी आगे खड़ी कर लो आगे काफी जगह है। इस बात पर इनके बीच विवाद हो गया। पीड़ित ने बताया कि तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की।

# अनावश्यक शटडाउन पर रोक, उपभोक्ता सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता: ऊर्जा मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने अपने गौतमबुद्ध नगर भ्रमण के दौरान कल देर शाम नोएडा में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने गौतमबुद्ध नगर और विशेषकर जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पर विस्तृत दिशा निर्देश दिए।

मंत्री शर्मा ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जेवर एयरपोर्ट एक महत्वपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है, इसलिए यहां 24×7 निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी प्रकार का अनावश्यक शटडाउन न लिया जाए, ताकि उपभोक्ताओं एवं औद्योगिक इकाइयों को किसी



असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शटडाउन केवल अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में ही, और पूर्व सूचना के साथ लिया जाए।

बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री ने नोएडा में विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक दक्ष एवं उपभोक्ता-हितैषी बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने घोषणा की कि नोएडा में एक अत्याधुनिक एवं नवीनतम कमर्शियल ऑफिस भवन बनाया जाएगा, जिसमें विभाग के सभी अधिकारी एक ही परिसर में साथ बैठ सकेंगे। इससे विभागीय समन्वय, कार्यक्षमता तथा उपभोक्ता सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

मंत्री श्री शर्मा ने विद्युत लाइनों के रखरखाव, ट्रांसफॉर्मर क्षमता वृद्धि, बिलिंग एवं राजस्व वसूली प्रणाली को मजबूत करने सहित कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए और फील्ड कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

इस समीक्षा बैठक में एमडी पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम, एसई, अधिशासी अभियंता, तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मॉल परिसर में कई बार हंगामा करने पर तीन पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-75 स्थित स्पेक्ट्रम मॉल में कई बार हंगामा करने और मॉल प्रबंधक व संचालक के साथ अभद्रता करने के मामले में कथित थाई महिला समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मॉल के ऑपरेशन मैनेजर अमित त्यागी की शिकायत पर मॉल परिसर में कियोस्क संचालित कर रहे गगन मल्होत्रा, अजरा सेंवाला और शिमोना के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

कोतवाली सेक्टर-113 पुलिस मामले की जांच कर रही है। मॉल के मैनेजर अमित त्यागी ने पुलिस से शिकायत की है कि मॉल के ग्राउंड फ्लोर पर कुछ कियोस्क बने हैं, जिसमें 2 से 3 कियोस्क अजरा सेंवाला किराए पर लेकर संचालित कर रही है। ये अपने को थाइलैंड का निवासी बाताती है। जिनकी बेटी और अन्य पार्टनर गगनदीप भी उनके साथ काम करते हैं। ये लोग आसपास के कियोस्क संचालकों के साथ भी मारपीट करते हैं। इनकी कई शिकायतें पहले भी मिल चुकी थीं। ऐसे में इनको समझाने का प्रयास किया लेकिन हर बार एंबेसी में शिकायत दर्ज करवाने और मॉल को बंद करवाने की धमकी देती हैं। 25 मई 2025 को बारिश के कारण इनका कियोस्क अस्तव्यस्त हो गया, जिसके बाद इन तीनों ने मिलकर जमकर हंगामा किया। कोतवाली प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### विदेशी नम्बर से धमकी, फेक इंस्टा आईडी बनाकर बदनाम करने का आरोप

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नॉलेज पार्क कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले युवक को विदेशी नंबर से धमकी भरे संदेश भेजने और उसकी फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर सोशल मीडिया पर बदनाम करने का मामला सामने आया है।

कोंडली बांगर गांव सेक्टर-149 में रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि विदेशी नंबर से उन्हें पिछले कुछ दिनों से लगातार भद्दे, अपमानजनक और धमकी भरे व्हाट्सएप संदेश भेजे जा रहे हैं। आरोपी द्वारा उनके नाम व फोटो का इस्तेमाल कर फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाए गए हैं। 6 फरवरी 2025 से आरोपी ने व्हाट्सएप पर अश्लील भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी देना शुरू किया। इसके बाद फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर पीड़ित की तस्वीर लगाई गई और उस पर बेहद आपत्तिजनक तथा अश्लील स्टेटस पोस्ट किए गए। आरोपी न सिर्फ उनके खिलाफ गलत जानकारी फैला रहा है, बल्कि उनकी मोबाइल संपर्क सूची में मौजूद लोगों तक भी भ्रामक संदेश पहुंचा रहा है। जिससे उनकी सामाजिक छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा है। आरोपी उनकी गति. विधियों पर नजर रखकर उन्हें लगातार डराने का प्रयास कर रहा है। आरोपी ने दूसरी फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उनके परिवार को भी निशाना बनाया। इस आईडी से पीड़ित की पत्नी और परिवार के सदस्यों के बारे में अत्यंत भद्दी, आपत्तिजनक और चरित्रहनन वाली बातें लिखकर भेजी गईं। कोतवाली प्रभारी सर्वेशौ कि केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

### आईजीएल कर्मी बनकर सेवानिवृत्त कर्नल से 30 लाख की ठगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** साइबर जालसाजों ने आईजीएल कर्मी बनकर सेवानिवृत्त कर्नल का मोबाइल हैक कर खाते से 30 लाख रुपये निकाल लिए। जालसाजों ने कनेक्शन कटने की बात कहकर एपीके फाइल भेजकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया।

पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। सेक्टर-28 में रहने वाले सेवानिवृत्त कर्नल ने पुलिस से शिकायत की है कि उनके पास सात नवंबर को राहुल नामक शख्स का फोन आया और खुद को आईजीएल कर्मी बताया। उसने कहा कि आपका आईजीएल बिल बकाया है और कुछ देर में ही कनेक्शन कट जाएगा। दो घंटे में बिल जमा नहीं करने पर कनेक्शन कटने की चेतावनी दी। कर्नल ने बिल जमा होने का दावा किया। तब तक जालसाज ने उन्हें एपीके फाइल भेजकर कहा कि इसमें बकाया बिल है।

इस पर पीड़ित ने एपीके फाइल खोला तब मोबाइल हैक हो गया। अगले दिन जब पीड़ित के पास रकम कटने की जानकारी आई तब उन्होंने बैलेंस चेक किया। इसमें पता चला कि ठगों ने मोबाइल हैक कर तीन क्रेडिट कार्ड्स व बैंक खाते की जानकारी हासिल की और ठगी को अंजाम दिया। पीड़ित ने तत्काल बैंक शाखा, एनसीआरपी पोर्टल और साइबर क्राइम थाना पुलिस से शिकायत की। एडीसीपी साइबर शैव्या गोयल का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर खातों की जांच की जा रही है।

# बिहार में मिले चुनाव परिणाम से सभी पार्टियों को सबक लेना होगा: रवि शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 22 आर डब्लू ए संरक्षक, ब्राह्मण रक्षा दल के मुख्य संरक्षक एवं समाजवादी पार्टी से प्रदेश सचिव पंडित रवि शर्मा ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिले प्रचंड बहुमत और महागठबंधन की बुरी हालत पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि सभी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टियों को इस चुनाव से सबक लेना चाहिए। अगर चुनाव जीतना है तो सर्व समाज को साथ लेकर चलना होगा, किसी जाति व धर्म विशेष को लेकर चुनाव लड़ तो सकते हैं लेकिन जीत की कोई गारंटी नहीं होगी। इसलिए ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, सभी को साथ लेकर चलना होगा। देश हित की



बात करनी होगी। युवाओं के लिए रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान करना ही होगा। जनता की समस्याओं को उठाने के लिए सड़कों पर उतरना होगा। एसी के कमरों में बैठकर राजनीति करनी अब महंगी पड़ेगी।

### योग सत्र में लोगों ने ठहाके लगाए

**नोएडा।** सेक्टर-21 जलवायु विहार के सामुदायिक केंद्र में शुक्रवार को जेवीसीसी लाफ्टर क्लब का 11वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में 20 मिनट का लाफ्टर योग सत्र हुआ। इसमें एक्यूप्रेशर, गहरी श्वास-प्रश्वास क्रियाएं, बच्चों जैसी खिलखिलाहट और सामूहिक हंसी तकनीकें का अभ्यास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपोलो अस्पताल के सीईओ राज रैना रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शेखर मेनन द्वारा शंख ध्वनि से हुआ। इस अवसर पर क्लब के संस्थापक सेवानिवृत कमोडोर अशोक सहनी ने बताया कि क्लब की शुरुआत 2014 में 15 सदस्यों के साथ हुई थी। आज यह क्लब पूरे एनसीआर के 220 से अधिक सदस्यों का एक जीवंत समुदाय बन चुका है।

# प्राधिकरण ने गेल की साधारण ब्याज मांग ठुकराई

- 88 **लाख लीज पर** 6.5 **करोड़ चक्रवृद्धि ब्याज चुकाना होगा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने गेल (इंडिया) लिमिटेड की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें उसने सेक्टर 16ए स्थित अपने संस्थागत भूखंड पर बकाया लीज रेंट के ब्याज की गणना साधारण ब्याज के आधार पर करने का अनुरोध किया था। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि मौजूदा ब्याज मांग पूरी तरह से लीज डीड की शर्तों के अनुरूप है। इसे पूर्व प्रभाव से बदला नहीं जा सकता।

यह मामला सेक्टर 16ए के 17,466 वर्गमीटर के संस्थागत भूखंड से जुड़ा है, जिसे तीन जुलाई 1986 को गेल को आवंटित किया गया था। लीज डीड एक जनवरी 1992 को निष्पादित हुई और दो अप्रैल 1992 को भूखंड का कब्जा सौंपा गया। यह भूखंड मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट स्थापित करने के लिए दिया गया था और आवंटन से संबंधित सभी किस्तों का भुगतान गेल पहले ही कर चुका है। समस्या तब उत्पन्न हुई जब कंपनी ने 'एन्हांस्ड लीज रेंट' का भुगतान नहीं किया, जिसे प्राधिकरण की नीति के अनुसार हर 10 साल में 50 प्रतिशत बढ़ाया जाता है।

**88 लाख लीज रेंट , 6.5 करोड़ ब्याज:** 1992-93 से 2025-26 तक लीज रेंट का बकाया लगभग 88 लाख हो गया है। जबकि प्राधिकरण की वित्तीय नीति के तहत चक्रवृद्धि ब्याज जोड़ने पर कुल ब्याज 6.5 करोड़ तक पहुंच गया है। गेल ने नौ जून 2025 को भेजे गए पत्र में अनुरोध किया था कि ब्याज की गणना चक्रवृद्धि के बजाय साधारण ब्याज पर की जाए।

कंपनी ने दलील दी कि 2015 में नोएडा प्राधिकरण बोर्ड की 187वीं बैठक में सेक्टर एक के दो अन्य भूखंडों पर साधारण ब्याज लागू किया गया था। इसलिए सेक्टर 16ए के मामले में भी समान राहत दी जानी चाहिए। तीन अक्टूबर को हुई बोर्ड बैठक में अधिकारियों ने लीज डीड की उस धारा की ओर ध्यान दिलाया जिसमें वार्षिक लीज रेंट मूल प्रीमियम के 2.5 प्रतिशत के आधार पर तय किया गया है।

चूंकि सेक्टर 16ए के इस भूखंड के लिए कभी भी सप्लीमेंट्री डीड निष्पादित नहीं हुई। इसलिए लीज रेंट पुराने आधार पर चलता रहा। प्राधिकरण ने कहा कि आवंटियों के साथ समानता और कानूनी शर्तों के अनुसार वित्तीय निर्णय होने चाहिए। बोर्ड ने प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि ब्याज मांग पूरी तरह वैध है। इसलिए गेल को 6.5 करोड़ से अधिक का चक्रवृद्धि ब्याज ही देना होगा।

# कंपनी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-54 में सड़क पर कूड़ा फेंकने और जलाने के मामले में प्राधिकरण ने शनिवार को कंपनी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। बताया जा रहा है कि कंपनी किसी दूसरी जगह है, वहां से कूड़ा लाकर सेक्टर-54 में फेंका जा रहा था। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इंदु प्रकाश और गौरव बंसल के नेतृत्व में टीम ने शनिवार को औद्योगिक क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सामने आया कि मास्टर प्लान रोड नंबर-2 पर सेक्टर-54 के सामने मैसर्स अग्रवाल पैकर्स एंड मूवर्स लिमिटेड के बैग्स में कूड़ा भरा हुआ था।

इन बैग्स के आधार पर प्राधिकरण की टीम ने जांच की तो पता चला कि यह कंपनी सेक्टर-60 के बी ब्लॉक में है।



कंपनी पहुंचने पर वहां पर नजर आया कि ग्रैप के नियमों का उल्लंघन कर सड़क पर ही कूड़ा डालकर उसको जलाया जा रहा था। ऐसे में कंपनी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# यूपी में मूर्तिकार को भूषण अवॉर्ड देने आई महाराष्ट्र सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व अजीत पवार शुक्रवार शाम नोएडा पहुंचे। उन्होंने सेक्टर-19 स्थित मूर्तिकार राम सुतार के आवास पर उन्हें 'महाराष्ट्र भूषण 2024' से सम्मानित किया।

100 साल के राम सुतार इन दिनों अस्वस्थ चल रहे हैं। स्वास्थ्य कारणों से वह मुंबई में आयोजित सम्मान समारोह में नहीं जा सके थे। मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री, संस्कृति मंत्री आशीष सैलार खुद उनके घर पहुंचे और उन्हें राज्य का सबसे बड़ा सम्मान दिया।

देवेंद्र फडणवीस ने 20 मार्च को विधानसभा में मूर्तिकार राम सुतार को राज्य का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'महाराष्ट्र भूषण' देने की घोषणा की थी। इसके तहत 25 लाख रुपए और एक स्मृति चिह्न दिया गया। ब्ड फडणवीस ने कहा, अपनी कला के बूते राम सुतार ने पूरी दुनिया में अलग पहचान बनाई। इस दौरान गौतमबुद्धनगर के भाजपा सांसद डॉक्टर महेश शर्मा भी साथ थे।

**मूर्तिकार राम सुतार धुले महाराष्ट्र के रहने वाले:** राम सुतार के बेटे और मूर्तिकार अनिल सुतार ने कहा, पिता को घर आकर सम्मानित करने के लिए वह महाराष्ट्र सरकार के आभारी हैं। पिता राम सुतार ने इसी साल फरवरी में 100 साल की आयु पूरी की है। महाराष्ट्र के गोंडूर गांव में एक गरीब परिवार में 19 फरवरी 1925 को जन्मे राम सुतार ने अपना स्टूडियो नोएडा में ही बनाया है। वह वर्ष 1990 से यहीं रह रहे। पद्मश्री और पद्मभूषण से सम्मानित राम सुतार ने कई ऐतिहासिक मूर्तियां और स्मारक बनाए। महात्मा गांधी की साढ़े तीन सौ से अधिक मूर्तियां उन्होंने गढ़ी हैं।

# तीनों तहसीलों में 142 शिकायतें दर्ज, 11 का हुआ समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर की तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 142 शिकायतें दर्ज हुई, 11 का अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारण किया गया।

डीएम मेधा रूपम ने सदर तहसील में जनता की समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समस्याओं का निराकरण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का जनता को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जनता की शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए शासन गंभीर है। अत: अधिकारी निस्तारण में कोताही न बरतें और प्राथमिकता के साथ प्रत्येक शिकायत का मौके पर जांच कर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। वहीं डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिकारियों का स्पष्टीकरण जारी करने एवं एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

सदर तहसील में कुल 8 शिकायतें दर्ज की गई, जिसके सापेक्ष 2 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। इस अवसर पर डीएम द्वारा तम्बाकू मुक्त युवा 3.0 अभियान का शुभारंभ भी किया गया। इस दौरान एचएल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवकांत



द्विवेदी ने बताया कि इस अभियान के तहत जनपद के सभी शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार ने तंबाकू मुक्त युवा पीढ़ी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी गाँवों को भी तंबाकू मुक्त बनाया जाएगा। तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की डॉ. श्वेता खुराना ने तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों के मानकों की जानकारी दी और बताया कि 100 गज के दायरे में तंबाकू की बिक्री दंडनीय है। नशा छोड़ने के लिए मानस हेल्पलाइन 1933 की जानक. ारी भी साझा की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को तंबाकू व नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई गई।

इसी क्रम में दादरी तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 84 शिकायते दर्ज की गई, जिसके सापेक्ष 7 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 50 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसके सापेक्ष 2 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

# घर पर सफाई करने आई महिला आभूषण लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाना क्षेत्र के सेक्टर-12 स्थित एक घर में 10 दिन पूर्व सफाई करने आई महिला लाखों के आभूषण चोरी करके फरार हो गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-12 में रहने वाले गणेश चंद्र ने पुलिस को बताया कि पांच नवंबर को एक महिला उनके घर पर सफाई का काम मांगने के लिए आई। उसने अपना नाम रेखा बताया। उन्होंने महिला को काम की जानकारी दी और पहचान पत्र लाने के लिए कहा। अगले दिन छह नवंबर को परिवार के लोग पहली मंजिल पर थे। सुबह करीब 11 बजे से 11.30 बजे के बीच नीचे आए तो देखा अलमारी खुली हुई है।

घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। जांच करने पर पता चला कि कीमती आभूषण चोरी हो गए। पीड़ित का कहना है कि महिला ने ही उनके घर से आभूषण चोरी किए हैं।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# तहसील दिवस में डीएम ने सुनी क्षेत्र की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को जिले की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने एसई और बीए के अनुपस्थित पाए जाने पर कड़ी नारा. जगी व्यक्त की और दोनों अधिका. रियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए है। इसके अलावा कई अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस भी भेजा गया है।



शनिवार को शामली कलक्ट्रेट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने फरयादियों की समस्याओं को सुना। उनके समक्ष कुल 35 शिकायतें आई, जिनमें से 2 का निस्तारण मौके पर किया गया। वही संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों की लापरवाही खुलकर सामने आई। तहसील शामली में डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने जनसमस्याओं की सुनवाई के दौरान अनुपस्थित पाए गए ठै। बीएसए और एसई विद्युत विभाग का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए।डीएम ने जिला उद्योग केंद्र, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग सहित कई अनुपस्थित विभागीय अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश भी दिए। डीएम ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस सरकार की प्राथमिकता का कार्यक्रम है, ऐसे में किसी भी विभाग की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण अनिवार्य रूप से किया जाए। इस मौके पर एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह, एसडीएम अर्चना शर्मा, एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन, सीएमओ डा. अनिल कुमार मौजूद रहे। वही कैराना तहसील में एडीएम सत्एन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ। उनके समक्ष कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 3 का निस्तारण मौके पर किया जा सका। इस अवसर पर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज मौजूद रही। तहसील ऊन में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सीडीओ विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। यहां कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुई, लेकिन एक भी शिकायत का निस्तारण मौके पर नहीं हो पाया। इस दौरान एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी, तहसीलदार ललिता चौधरी मौजूद रहे।

## शादी में डीजे बजाने और सड़कों पर महिलाओं के नृत्य पर आपत्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आर्य जाट महासभा के पदाधिकारियों ने सौरम पंचायत का समर्थन किया। उन्होने शादियों में डीजे बजाने और महिलाओं के सड़कों पर नाचने पर आपत्ति जताई है। शनिवार को आर्य जाट महासभा द्वारा गांव सौरम में सामाजिक कुरी. तियों को लेकर आयोजित होने वाली तीन दिवसीय सर्वखाप पंचायत का समर्थन किया गया है। पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी 16,17 और 18 नवंबर को जिला मुजफ्फरनगर के गांव सोरम में सामाजिक कुरीतियों को लेकर एक सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत का आयोजन होगा। आर्य जाट महासभा इस महापंचायत का समर्थन करती है।

उन्होने शादी समारोह में दान दहेज और डीजे को प्रतिबंधित लगाने पर बल दिया। कहा कि शादियों के दौरान महिलाओं के सड़कों पर नृत्य पर पाबंदी लगाए जाए।मृत्यभोज पर प्रतिबंध लगाया जाए। खाप चौधरियों को अपना आपसी विवाद समाप्त कर समाज हित में कार्य करनी चाहिए।

## अल्पाइन पब्लिक स्कूल में चिल्ड्रन फेयर का भव्य आयोजन, बच्चों की प्रतिभा और उमंग ने जीता दिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** मोहल्ला सैय्यादान स्थित अल्पाइन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में भव्य चिल्ड्रन फेयर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साह, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए। कॉस्मेटिक, स्टेशनरी, पेस्ट्री.केक, चना चाट, समोसे, गोलगप्पे,क्रीम रोल, कॉटन कैंडी,और अन्य आकर्षक आइटमों से सजे स्टाल मेले की विशेष आकर्षण बने रहे।छात्र.छात्राओं ने स्वयं स्टालों को सजाकर ग्राहकों से संवाद करते हुए बिक्री की कला भी सीखी। अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों ने बच्चों की हौसलाअफजाई के लिए स्टालों से खूब खरीदारी की। पूरे स्कूल परिसर में बाल दिवस का उल्लास और उत्साह देखने को मिला।स्कूल प्रबन्धक शहजाद अहमद ने बताया कि बाल दिवस पर आयोजित यह मेला बच्चों को व्यवहारिक अनुभव देने तथा उनमें नेतृत्व, प्रबंधन और उद्यमशीलता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से



आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा,मेले से होने वाली आय छात्रों में ही वितरित की जाएगी, ताकि उन्हें अपने प्रयासों का प्रत्यक्ष अनुभव मिल सके।

इस अवसर पर प्रबंधक शहजाद अहमद, प्रधानाचार्य परवीन कुमार, तथा अध्यापिकाएं साबरीन, निधि, प्रीति, राबिया, तमन्ना, दीपांशी, नेहा और निदा उपस्थित रहीं।

शिक्षकों ने बच्चों को मार्गदर्शन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।मेले के दौरान आकर्षक सजावट, बच्चों की चहल-पहल और उत्साह से भरे माहौल ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। चिल्ड्रन फेयर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलता रहा, जिसमें शिक्षा, मनोरंजन और सीख का सुंदर संगम देखने को मिला।

# कैराना में एडीएम सत्येंद्र कुमार सिंह ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** एडीएम शामली सत्एंद्र कुमार सिंह ने कैराना तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याएं सुनी। इस दौरान विभिन्न मामलों से सम्बंधित 24 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।



शनिवार को तहसील मुख्यालय पर स्थित सभागार कक्ष में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर जिला. धिकारी शामली सत्एंद्र कुमार सिंह ने की। इस दौरान एडीएम ने क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना। इस अवसर पर अवैध कब्जा, जमीनी विवाद आदि विभिन्न मामलों से संबंधित कुल 24 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से तीन शिकायती-पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को यथाशीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। एडीएम ने शिकायतों के धरातलीय, पारदर्शी, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए है। कार्यक्रम में एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, तहसीलदार अर्जुन चौहान, आपूर्ति निरीक्षक मदनपाल सिंह व शौदान सिंह, बीडीओ कैराना बृजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## राजस्व को हानि पहुंचाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दो वार्ड सभासदों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर नगर पालिका परिषद शामली के द्वारा हॉट मिक्स सडक का शहर में मानक के अनुसार निर्माण न कराने व राजस्व को हानि पहुंचाने का आरोप लगाया है। शनिवार को सभासद निशीकांत संगल व सभासद अनिल उपाध्याय ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि नगर पालिका द्वारा शहर के बीचो-बीच नगर पालिका गेट के ठीक सामने व हनुमान धाम रोड पर हाट मिक्स सडक का निर्माण कराया गया है जो मानक के विपरीत बनाई गई हैं। अभी एक सप्ताह भी नही हुआ है जो रोडियों निकल-निकल गडढे हो गए है। तारकोल की जगह शिरा व काली राख डाली गई है। जबकि ए सडके पहली ही ठीक थी लेकिन राजस्व को नुकसान पहुंचाने के इरादे से मिलीभगत से करोडो का खेल किया गया है। उसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

## कैराना में कार्य बहिष्कार करके धरने पर बैठे लेखपाल, सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** लेखपालों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार करके तहसील मुख्यालय पर धरना दिया। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन-पत्र सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे एडीएम सत्येंद्र सिंह को सौंपा है। शनिवार को क्षेत्र में तैनात लेखपाल तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने प्रात: करीब दस बजे अपनी विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार कार्यालय के सामने उत्तर-प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले धरना शुरू कर दिया। दोपहर करीब दो बजे धरनारत लेखपालों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक आठ सूत्रीय ज्ञापन-पत्र सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एडीएम शामली सत्एंद्र कुमार सिंह को सौंपा। लेखपालों के धरने के चलते तहसील में अपने कार्य के लिए पहुंचे फरियादी परेशान दिखाई दिए।

## एक नजर

### फल व्यापारी को मिली जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** कस्बे की सब्जी मंडी में एक व्यापारी ने दो व्यक्तियों पर उधार दिए गए रूपए वापस नहीं देने सहित मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के विरूद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बा निवासी सरताज ने बताया कि पीड़ित की कस्बे के कैराना मार्ग स्थित नई सब्जी मंडी में फल फूट की दुकान है। पीड़ित के पास बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव सेनपुर निवासी दो भाई कई महा पूर्व आए थे और पीड़ित से आम बेचने की बात कह कर हजारों रूपए उधार ले गए थे। कई महा बीत जाने के बाद जब पीड़ित ने अपने रूपए मांगे तो आरोपियों ने कुछ दिन बाद रूपए देने का वादा किया। शनिवार को पीड़ित ने जब दोनों भाइयों से अपने रूपयों की मांग की तो आरोपियों ने रूपए देने से मना करते हुए पीड़ित के साथ गाली गलौज करते हुए रूपए मांगने पर जान से मारने की धमकी दे दी। पीड़ित ने दोनों आरोपी भाइयों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए अपने रूपयों को बरामद करने की गुहार लगाई है।

### विवाहिता ने लगाया पति और ससुरा. लियों पर मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग नई बस्ती निवासी एक महिला ने अपने पति सहित ससुरालयों पर मारपीट कर घर से निकलने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। मुजफ्फरनगर के थाना सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव निरमाना निवासी महिला नजमा पुत्री जरीफ ने बताया कि उसकी शादी थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग नई बस्ती निवासी मेहरबान पुत्र शददा के साथ हुई है। पीड़िता का आरोप है कि शनिवार को पति सहित ससुरालियों के लोगों ने गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट की और मारपीट करते हुए पीड़िता को घर से निकाल दिया। मारपीट की जानकारी होने पर जब मायके पक्ष के लोग पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की पीड़िता महिला ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पत्नी की तलाश को पति ने मांगी दस हजार की घूस,शिकायत को एसपी से मिला पीडित पति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव ऊदपुर में अरविंद पाल पुत्र रघवीरा ने एसपी शामली को एक शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते सितम्बर माह से पत्नी संदिग्ध परिस्तिथियों मे लापता हो गई। पीडित ने चौसाना पुलिस को मामले की शिकायत की लेकिन आरोप है कि कोई सुनवाई नही हो सकी।

इसके बाद पीडित सिपाही मुकेश कुमार के सम्पर्क मे आया और दस हजार रूपयो मे पत्नी को तलाशने की डील की गई। पीडित ने अपने प्रार्थनापत्र मे आरोप लगाया है कि पेसे लेने के बाद भी पीडित को पत्नी नही मिल सकी। पीडित पति रिश्वत की शिकायत एसओ झिंझाना ने कार्यवाही करते हुए पीडित के पैसे वापस करा दिए। लेकिन इसके बाद फिर सिपाही ने पैसों को वापस ले लिया। पीडित ने पुलिस अधीक्षक शामली व मुख्यमंत्री को मामले की शिकायत की है।

## गाली गलौज कर धमकी देने का आरोप,फोन में कैद हुई ऑडियो रिकॉर्डिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी एक महिला ने अपनी पुत्री के प्रेमी पर पीड़िता के दो पुत्रों को जान से मारने की धमकी देने और षड्यंत्र रचकर झूठे मुकदमे में फसने सहित आदि कई गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सहित ऑडियो देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बा निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री बीए, बीएड की छात्रा थी और चार महा पूर्व घर से बिना बताए गायब हो गई थी। पीड़िता ने थाने पर पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी पुलिस जांच के दौरान पीड़ितों का पता लगा कि उसकी पुत्री कस्बा निवासी एक युवक के पास है पीड़ितों ने पुलिस कार्रवाई से इनकार कर दिया था। आरोप है कि विगत शुक्रवार की शाम को उसकी पुत्री के प्रेमी ने उसके बड़े पुत्र को फोन पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। थोड़ी देर के बाद आरोपी ने उसके छोटे पुत्र को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि तेरी बहन को भगाकर अपने पास रख रखा है तुम्हे शर्म आनी चाहिए। आरोपी द्वारा की गई धमकी का मामला पीड़ित ने अपने फोन में रिकॉर्ड कर लिया। शनिवार को पीड़ित महिला ने थाने पर पहुंचकर आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर और ऑडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# खेल प्रतियोगिता संपन्न, विजेताओं को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के दिल्ली. सहारनपुर हाइवे स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शनिवार को सफल समापन हो गया। समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।



प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। लॉन्ग जंप में हितेश मलिक प्रथम एवं आस्तिक मलिक द्वितीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में नेहा ने प्रथम तथा एंजेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर में हर्ष प्रथम और वैभव द्वितीय रहे। वहीं जूनियर में वर्तिका प्रथम तथा गुंजन द्वितीय स्थान पर रहीं।खो-खो प्रतियोगिता में कक्षा तीन की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्रो में कक्षा चार की टीम विजेता रही। वॉलीबाल प्रतियोगिता में कक्षा 11 के छात्रों ने बाजी मारी।समापन समारोह में प्रबंधक कृष्ण पाल सिंह एवं प्रधानाचार्य अजय कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



## गुज्जरपुर में गन्ना ट्रक रोककर दबंगों ने किया हमला, युवक गंभीर घायल

**झिंझाना।** ग्राम ऊदपुर निवासी वेदपाल पुत्र अतर सिह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह ट्रासपोटर है और गन्ना ढुलाई का कार्य करता है। 11 नवंबर की रात करीब 10 बजे उसका ट्रक ड्राइवर आमिर अजीजपुर सेंटर से गन्ना लेकर मिल जा रहा था। जब ट्रक ग्राम गुज्जरपुर पहुंचा तो गन्ने में केविल उलझने से ट्रक रुक गया। इसी दौरान कुछ दबंगों ने ट्रक को जबरन रोक लिया। ड्राइवर की सूचना पर वेदपाल अपने भाई सचिन के साथ मौके पर पहुंचे तथा स्थिति जान ही रहे थे कि अचानक तोफिक, गुलाब, मंजूरा, जूरा, आजाद समेत 8 से 10 अज्ञात लोग धारदार हथियार और तमंचे लेकर आ गए और हमला कर दिया। हमले में सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी फरार हो गए।

# सेंट आरसी में वार्षिक खेल उत्सव का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित वार्षिक खेल उत्सव का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ चेयरमैन अरविंद संगल ने किया।

समापन दिवस पर अरविंद संगल, मीनू संगल एवं प्रधानाचार्य उज्मा जैदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सभी हाउसों को हरी झंडी दिखाते हुए प्रतियोगिताओं की शुरुआत की। इसके बाद विद्यार्थियों ने मशाल प्रज्वलित कर आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। किड्स शॉपर्स स्पोर्ट्स एजेंसी, दिल्ली के निर्देशन में प्ले ग्रुप से कक्षा 8 तक के बच्चों ने टनल रेस, रोल द बॉल, हर्डल रेस, बैलेंस द रॉकेट, हूप एंड हर्डल, सुल्तान रेस, मेक द पिरामिड, डबल रेस, स्विस बॉल, जंप इन द हूप, बैलेंस ऑन नोज, आर्मी रेस, टायर रेस, वेट लिफ्टिंग सहित कई प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। अभिभावक प्रतियोगिता के परिणाम में रस्सीकूद में वर्षा प्रथम, पूजा गर्ग द्वितीय, जोली शर्मा तृतीय रही। स्टार रेस पुरुष वर्ग में जयकुमार प्रथम, जिसान द्वितीय, डॉ। राजीव वशिष्ठ तृतीय रहे। बैलेंस द हूप ऑन नोज में कोमल प्रथम, प्रियंका द्वितीय, मती अंजू तृतीय रही। बैडमिंटन प्रतियोगिता अंडर-17 में गर्ल्स सिंगल्स अंशिका निर्वाल प्रथम, सारा द्वितीय और नित्या तृतीय रही। बॉयज सिंगल्स में प्रियांशु डिस्कवरी हाउस, अर्पित लैगेसी हाउस वंश स्प्रिट हाउस ने बाजी मारी। कार्यक्रम में किड्स शॉपर्स स्पोर्ट्स टीम से प्रिया त्यागी, विकास राजा, विजय बालियान, अभिषेक तरार, राज त्यागी, नीतीश, निखिल, किरण पाल, पूजा कुमारी आदि ने प्रभावी योगदान दिया।

## जनजातीय गौरव दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित

**कांधला।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गृह विज्ञान की प्रवक्ता डॉ। लक्ष्मी गौतम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के स्वाभिमान, संस्कृति की सुरक्षा और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने हेतु सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचा. लित की जा रही हैं। इनमें शिक्षा हेतु एकलव्य आवासीय मॉडल विद्यालय, विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएं, टैरिफेड योजना, स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान भारत योजना तथा जनजातीय स्वास्थ्य मिशन प्रमुख हैं।उन्होंने बताया कि सरहुल जैसे जनजातीय त्योहारों को देशभर में प्रोत्साहित किया जा रहा है। डॉ। गौतम ने कहा कि आदिवासी समाज पर्यावरण के सच्चे संरक्षक हैं और पर्यावरण संरक्षण में उनका योगदान अद्वितीय है।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ। श्याम बाबू ने धरती आबा बिरसा मुंडा के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय आंदोलन में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

### राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के शक में खुफिया विभाग सतर्क

**झिंझाना।** राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के आरोप में कस्बे के आजाद को लेकर खुफिया विभाग की गतिविधियां तेज हो गई हैं। गुजरात एटीएस द्वारा 9 नवंबर को आतंकी गतिविधियों के आरोप में संलिप्त कस्बा निवासी आजाद की गिरफ्तारी के बाद से खुफिया विभाग उसकी कॉल डिटेल्स खंगालने में जुट गया है, जिन मोबाइल नंबरों पर आजाद की बातचीत हुई थी, अब उन सभी नंबरों की गहनता से जांच की जा रही है। अधिकारी लगातार संबंधित नंबरों पर संपर्क कर जानकारी जुटा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, खुफिया विभाग उन सभी लोगों से पूछताछ कर रहा है, जिनसे आजाद का कभी फोन पर संपर्क हुआ था। इससे कस्बे में दहशत का माहौल बना हुआ है और लोग किसी भी तरह की जानकारी साझा करने से बचते दिख रहे हैं।

# वेस्ट यूपी हाईकोर्ट बैंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति की बैठक आयोजित





पश्चिमी उत्तर-प्रदेश के विभिन्न जनपदों एवं तहसीलों से बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं अधिवक्ता मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद न्यायालय परिसर में स्थित कैराना बार भवन में पश्चिमी उत्तर-प्रदेश हाईकोर्ट बैंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति की बैठक आहूत की गई, जिसमें वेस्ट यूपी के विभिन्न जिलों से बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान पश्चिमी उत्तर-प्रदेश में उच्च न्यायालय खंडपीठ स्थापित किए जाने की मांग को लेकर आगामी 26 नवंबर को सांसदों के आवास के सामने धरना देने तथा 17 दिसंबर को वेस्ट यूपी में सम्पूर्ण बंद रखने समेत तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए।

शनिवार को बार भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता पश्चिमी उत्तर-प्रदेश हाईकोर्ट बैंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति के चेयरमैन संजय शर्मा तथा संचालन संयोजक राजेन्द्र सिंह राणा ने किया। जबकि सह-अध्यक्षता बार एसोसिएशन कैराना के अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ठ तथा सह-संचालन महासचिव राजकुमार चौहान ने किया। इस दौरान तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए।

पहला, पश्चिमी उत्तर-प्रदेश में उच्च न्यायालय खंडपीठ स्थापित किए जाने की मांग को लेकर आगामी 26 नवंबर को सभी जनपदों के अधिवक्ता अपने-अपने सांसदों के आवास के सामने धरना देंगे तथा उनकी मांग संसद सत्र में उठाने का अनुरोध करेंगे। इस दिन अधिवक्तागण पूर्णत: कार्य विरत रहेंगे। दूसरा, 17 दिसंबर को सभी संगठनों व आम जनता के सहयोग से वेस्ट यूपी में सम्पूर्ण बंद रखा जाएगा, जिसमें रजिस्ट्री कार्यालय भी शामिल है। तीसरा,

पश्चिमी उत्तर-प्रदेश हाईकोर्ट बैंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति की आगामी बैठक की तिथि सभी जनपदों व तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से वार्ता करने के पश्चात अवगत करा दी जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने तीनों प्रस्तावों का एक सुर में समर्थन किया। वहीं, जो पदाधिकारी बैठक में नहीं पहुंच पाए, उन्होंने दूरभाष के माध्यम से प्रस्तावों पर सहमति जताई। इस अवसर पर

## नोमान के परिवार से मिले पूर्व विधायक नवाजिश आलम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** दिल्ली में हुए भीषण धमाके में कस्बा निवासी नौमान 18 वर्ष की मौत हो गई थी, जबकि उसका चचेरा भाई कैराना निवासी अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे से पूरे कस्बा सहित क्षेत्र में शोक की लहर है। शनिवार को बुढ़ाना पूर्व विधायक नवाजिश आलम अपने समर्थकों के साथ नौमान के घर पहुंचे तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

सपा के पूर्व विधायक ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर दुख साझा किया। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दु:खद और स्तब्ध करने वाली है। परिवार की हर संभव मदद की जाएगी और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने मृतक नोमान के बड़े भाई फरमान के बारे में भी जानकारी ली। फरमान को एक किडनी नहीं है तथा दूसरी में चिकित्सकों ने इन्फेक्शन बताया, जिसे ट्रांसप्लांट के जरिए खराब किडनी को बदला जाएगा। सांत्वना देने वालों में आईएमआई के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इनाम, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नौशाद ठेकेदार, कामिल, सिद्दीक, तस्लीम आदि कस्बा के हिंदू मुस्लिम, सामाजिक कार्यकर्ता एवं व्यापारीगण परिवार का ढांढस बंधा रहे हैं।

## एक नजर

### खाटू श्याम की पैदल यात्रा पर निकले अमित



**नगीना।** खाटू श्याम प्रेमी अमित विश्नोई 1900 किलोमीटर की पैदल यात्रा के लिए वैष्णो देवी धाम के लिए रवाना हुये। मौहल्ला विश्नोई सराय निवासी स्व. मास्टर तेज सिंह विश्नोई के 42 वर्षीय पुत्र अमित विश्नोई बाबा खाटू श्याम के पक्के भक्त हैं। वो नगीना सहित बिभिन्न तीर्थ स्थलों से बाबा खाटू श्याम धाम तक की पैदल यात्रा करते रहते हैं। अमित विश्नोई अपनी प्रथम 1600 किलोमीटर की पैदल यात्रा नगीना से खाटूश्याम तक, दूसरी 1700 किलोमीटर की पैदल यात्रा जागेश्वर धाम से खाटू श्याम तक तथा तीसरी 1600 किलोमीटर की पैदल यात्रा बद्रीनाथ से खाटू श्याम तक कर चुके हैं। अमित विश्नोई अब अपनी चौथी पैदल यात्रा के लिए शुक्रवार को अपने विश्नोई सराय स्थित निवास स्थान के निकट विश्नोई मंदिर से वैष्णो देवी धाम के लिए रवाना हुये। उनको परिजनों, शुभचिंतकों व खाटूश्याम प्रेमियों ने ढोल बाजे के साथ यात्रा की शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

### विवेकानंद में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**झालू।** विवेकानंद पब्लिक स्कूल स्थित मोहल्ला कानूनगोयान जो विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की प्रेरणा का स्रोत है। विद्यालय में बाल दिवस के मौके पर सांस्कृतिक प्रोग्राम एवं विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी और गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के सभी छात्र एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विशेष कर नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी एक्टिविटी से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विजेता छात्र एवं छात्राओं को प्रबंधक इरफान अहमद, अध्यक्ष आसिफ इकबाल और प्रधानाचार्य ने सम्मानित करते हुए उनको उज्जवल भविष्य की कामनाएं दी। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नसरीन अंसारी, तबस्सुम राना, शैला अंसारी, जाकिया, शीबा, रिजवाना, सुजाता, आसिफा, सिमरन, फिजा, सानिया, फरहीन, निशा, शाजिया अनम, जीनत, अर्जुमा, तबस्सुम, तरन्नुम आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

### शुगर मिल में वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर



**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल बरकतपुर में गन्ना ढोने वाले वाहन बुग्गी, ट्रालियों और ट्रकों पर सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए रिफ्लेक्टर लगाए। इस दौरान सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह मौजूद कृषकों और ड्राइवरों से कहा कि हम सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु को एक खबर समझकर नजरअंदाज कर देते है, जबकि यह रंजिशन हुई हत्याओं से बहुत ज्यादा सड़क दुर्घटना में मरने वालों की है। हमें अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा हेतु सड़क पर ध्यानपूर्वक वाहन चलाना चाहिए। इस दौरान मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह, थाना निरीक्षक नजीबाबाद राहुल सिंह, नांगल थानाध्यक्ष सतेंद्र सिंह, ट्रैफिक निरीक्षक रविनैन, बृजकुमार, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, दिनेश कुमार, मौहम्मद युनुस, विकास पुंडीर आदि मौजूद रहे।

### पालिका टीम ने किया डोर टू डोर सर्वे



**किरतपुर।** मुरादाबाद मंडल आयुक्त के निर्देश पर नगरीय निकायों का परिसीमन तैयार किए जाने को लेकर नगर पालिका परिषद किरतपुर ने वार्ड-वार सर्वे शुरू कर दिया है। अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता के निर्देशानुसार पालिका टीम ने 14 नवम्बर को वार्ड अंबेडकरनगर में डोर-टू-डोर सर्वे कर आवश्यक विवरण एकत्र किए। परिसीमन हेतु निकाय की भौगोलिक स्थिति, इतिहास, स्थानीय कला, सांस्कृतिक कार्यक्रम/मेले तथा सांख्यिकीय जानकारी जुटाई जा रही है। इसी क्रम में पालिका ने नगर में सर्वे अभियान प्रारम्भ किया है। सर्वे के दौरान नोडल अधिकारी हसन मुस्तफा (प्रधान लिपिक) टीम के साथ मौजूद रहे। टीम में लेखा लिपिक सुरेंद्र सिंह, कर निरीक्षक ज्ञानेश्वरा नन्द, टीसी बाबूराम, गोपाल दत्त शर्मा, सफाई नायक सुंदर, प्रशांत, विजयपाल, मुस्तकीम सहित पालिका कर्मचारी शामिल रहे।

### वांछित अकील गिरफ्तार



**किरतपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना किरतपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना पुलिस के अनुसार वाद संख्या 4308/24 धारा 406, 504, 506 में वांछित चल रहे अकील पुत्र हमीद निवासी मौहल्ला कुरैशियान, कस्बा व थाना किरतपुर को गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि आरोपी नगर का एक प्रॉपर्टी डीलर है और लंबे समय से वारंटी चल रहा था। गिरफ्तारी की कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक नगर तथा क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद के पर्यवेक्षण में की गई।

### क्रेडिट गारंटी योजना की घोषणा से जोश

**नगीना।** अमेरिका द्वारा भारत से निर्यात होने वाली अधिकतर वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया, जिससे भारत से अमेरिका होने वाला निर्यात प्रभावित हुआ। निर्यात को दोबारा इसी रफ्तार से शुरू करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने कारोबारियों की मदद के लिए 20 हजार करोड़ की क्रेडिट गारंटी योजना लागू करने की घोषणा की। केंद्र सरकार की इस घोषणा से नगीना के काष्ठकला उद्योग के भी दोबारा उसी रफ्तार से दौड़ने की उम्मीद जगी है। इस योजना के तहत राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड की ओर से सदस्य ऋणदाता संस्थानों को 100 प्रतिशत क्रेडिट गारंटी कवरेज दिया जाएगा। ताकि पात्र निर्यातकों को 20 हजार करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सुविधाएं दी जा सकें।

### चोरी की बाइक रखने पर दो साल की सजा

**नगीना।** अपर जिला जज अनुपम सिंह ने चोरी की बाइक रखने के मामले में बढ़ापुर के कुलबीर उर्फ कुलदीप उर्फ पंकज उर्फ नंदू को दोषी पाकर दो साल की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 2500 रुपए का जुर्माना लगाया है। एडीजीसी क्षितिज अग्रवाल ने बताया कि 22 जून 2020 को नगीना देहात थाने में तैनात तत्कालीन दरोगा सत्येंद्र सिंह ने गश्त के दौरान बढ़ापुर थाना क्षेत्र के जमालपुर ढिकली गांव के कुलवीर उर्फ कुलदीप उर्फ पंकज उर्फ नंदू को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# ज्वेलर्स के घर शामली पुलिस की दबिश

## सूचना लीक हो जाने से आरोपी चर्चित ज्वेलर्स घर से फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सराफा बाजार में शुक्रवार देर रात एक बार फिर पुलिस की सक्रियता देखने को मिली, जब शामली कोतवाली पुलिस ने अचानक दबिश दी। यह दबिश उसी चर्चित और विवादों में घिरे ज्वेलर्स के घर पर दी गई, जिसके खिलाफ लगातार शिकायतें मिलती रही हैं। हालांकि पुलिस का पहुंचना भी बेअसर साबित हुआ, क्योंकि कार्रवाई से पहले ही जानकारी लीक हो जाने के चलते आरोपित मौके से फरार हो चुका था।

गौरतलब है कि देर रात करीब 11 बजे के आसपास शामली पुलिस टीम धामपुर कोतवाली पहुंची, जहां जनपद के अधिकारियों को एक अहम मामला दर्ज कराने की जानकारी दी गई। इसके बाद पुलिस सीधा फल चौराहा स्थित उस ज्वेलर्स के घर पहुंची, जिसकी दुकान पिछले कुछ समय से कई मामलों में सुर्खियों में रही है।

पुलिस के पहुंचने तक घर का मुख्य गेट खुला मिला, लेकिन अंदर ज्वेलर्स मौजूद नहीं था। टीम ने घर के कई कमरों की तलाशी ली तथा परिजनों से पूछताछ की, लेकिन कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की दबिश की सूचना किसी तरह पहले ही ज्वेलर्स तक पहुंच गई थी, जिसके चलते वह घर से निकल भागने में कामयाब हो गया।

यह पहला मौका नहीं है जब यह ज्वेलर्स पुलिस कार्रवाई हुई हो। करीब एक माह पूर्व आंध्र प्रदेश की विशाखापट्टनम पुलिस भी इसी ज्वेलर्स की दुकान पर छापामारी के लिए पहुंची थी। उस समय भी कार्रवाई शुरू होने से पहले मामला 'मैनेज' होने की चर्चाएं जोर पकड़ गई थीं और पुलिस बैरंग लौट गई थी।

शहर के लोगों का कहना है कि कई बार अलग-अलग जनपदों की पुलिस यहां आती है, लेकिन हर बार जांच अधूरी रह जाती है और टीमों को निराश होकर वापस लौटना पड़ता है। इससे नगर में यह सवाल उठ रहे हैं कि आखिर सूचना बार-बार कैसे लीक हो जाती है और आरोपित कार्रवाई से बच कैसे जाता है। कुछ लोग इसे पुलिस की 'ईमानदार छवि' पर सवाल चिन्ह के रूप में देख रहे हैं।

शनिवार को पूरे दिन ज्वेलर्स की दुकान बंद रही, जिससे बाजार में अटकलों और चर्चाओं का दौर तेज बना रहा। लोग यह जानने को उत्सुक थे कि आखिरकार इस बार किस मामले में बाहर से पुलिस आई और आगे क्या कार्रवाई होगी।

देर रात की इस पूरी घटना के बाद से सराफा बाजार में दहशत और चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। स्थानीय व्यापारी भी अपनी-अपनी दुकानों पर खड़े होकर देर रात तक इस घटना को लेकर बातें करते रहे।

## 'एक शाम: बागी सुल्ताना के नाम' कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** एक शाम बागी सुल्ताना के नाम कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

तिरुपति बालाजी कॉलोनी में अतिथियों द्वारा गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ आरंभ कार्यक्रम में सबसे पहले वरिष्ठ पत्रकार अमन कुमार त्यागी ने सुलताना के जीवन पर प्रकाश डाला और उसे अंग्रेजी शासकों के विरुद्ध बागी बताते हुए आमजन का हमदर्द बताया।

अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार डा. पंकज भारद्वाज ने कहा कि सुल्ताना के जीवन पर शोधकार्य होना चाहिए। वह केवल उन्हीं लोगों को लूटता था जो अंग्रेजी सरकार के पिट्ठू थे। देश-विदेश में सुलताना का नाम पहचाना जाता है और बिजनौर /नजीबाबाद की पहचान उसी के नाम से होती है।

मुख्य अतिथि डॉ.अनिल शर्मा 'अनिल' ने कहा कि सुल्ताना ने तत्कालीन शासन का विरोध धर्मान्तरण कराने और ईसाईयत को बढ़ावा देने की वजह से किया। सौ बरसों के बाद आज भी जिसकी चर्चा होता है। विशिष्ट अतिथि डॉ.भूपेन्द्र कुमार ने कहा कि सुल्ताना महिलाओं की इज्जत करता था, उसने जीवन में महिलाओं की इज्जत की रक्षा की, बहुतों की शादी में धन दिया।

मुख्य अतिथि डा. इलियास ने सुल्ताना पर गजल प्रस्तुत की, जबकि नागेन्द्र मधुकर ने एक कविता और गजल प्रस्तुत की। संयोजक संचालक कुमार मोनू रुबा, कारी शाकिर रिजवी, डा. आफताब नोमानी ने भी सुल्ताना पर केंद्रित काव्य पाठ किया जबकि स शिक्षक सुधीर राणा, दारा सिंह तोमर, आलोक त्यागी, गोविंद सिंह बौद्ध, राकेश मोहन भारती, बब्बन जैदी आदि वक्ताओं ने सुल्ताना के व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के पश्चात गोविंद सिंह बौद्ध ने सभी को अल्पाहार कराकर अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के पश्चात बाहर से आए अतिथियों को वह किला भी दिखाया गया, जिसमें सुल्ताना अपने साथियों के साथ रहा था।

## फ्यूचर चिल्ड्रन एकेडमी में स्पोर्ट्स मीट का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शिवाला कलां।** फ्यूचर चिल्ड्रन एकेडमी में आयोजित दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट 2025 का समापन आज उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि लखपत सिंह (SHO, शिवाला कलां) रहे, जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता बच्चों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

इस स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ 14 नवंबर को विद्यालय के मैनेजर संघर्ष चौहान, विद्यालय की वाइस चेयरपर्सन श्रीमती कल्याणी चौहान तथा प्रिंसिपल अश्वनी कुमार शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल अनुराग यादव और स्कूल कोऑर्डिनेटर सुलभ चौहान भी उपस्थित रहे।




विजेताओं को मेडल देकर किया सम्मानित

दो दिनों तक चले इस खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। योग, कबड्डी, वॉलीबॉल, रेस, लंबी कूद, गेंद फेंक, रस्साकशी ,बोरी दौड़, खो-खो सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों में खेल भावना और टीम वर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम बेहद सफल रहा।

विद्यालय के पीटीआई होमपाल सिंह एवं अमर सिंह ने बच्चों को खेल के नियमों की विस्तृत जानकारी दी और पूरे कार्यक्रम में मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन समारोह में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और विद्यालय प्रशासन द्वारा आयोजित इस खेल महोत्सव की प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे।

## बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी डा. उदिता राजपूत के निर्देशन में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई, जिसको देश भर में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि प्रस्तुत की गई तथा अल्पायु में उनके द्वारा किए गए महान कार्यों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. अशोक कुमार ने भगवान बिरसा मुंडा के एक साधारण आदिवासी बिरसा मुंडा से भगवान बनने की कथा का वर्णन किया और साथ ही सभी को प्रेरित किया कि किस तरह से साधन विहीन स्थिति में होते हुए भी हम बेहतर कार्य कर सकते हैं।

उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि किस तरह से भगवान बिरसा मुंडा ने अन्य आदिवासियों को जल, जमीन तथा जंगल के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने अपने उद्बोधन में सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमें सभी महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए और अपने कर्तव्य पथ पर बढ़ते रहना चाहिए।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक गण शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

## गन्ना भुगतान में बिन्दल शुगर मिल चांगीपुर ने मारी बाजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** बिंदल शुगर मिल गन्ना पेराई सत्र 2025-26 की पहले शुरूआती पखवाड़े में किसानों के खरीदे गए गन्ने का भुगतान कर अब तक जनपद में ही नहीं अपितु पूरे उत्तर प्रदेश में गन्ना भुगतान के मामले में प्रथम स्थान पर है।

मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह ने देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश की बिंदल शुगर मिल चांगीपुर ने प्रदेश में सबसे पहले गन्ना किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान किया। बिंदल शुगर मिल चांगीपुर नें अपने किसानों का 5 नवंबर से 12 नवंबर तक खरीदे गन्ने का समस्त गन्ना मूल्य भुगतान प्रदेश सरकार द्वारा घोषित रू. 400/- प्रति कु. के हिसाब से कृषकों के खाते में भेजने की प्रक्रिया का शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया कि इस पेराई सत्र से पूरे प्रदेश की सभी चीनी मिलों के गन्ना किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान चीनी मिल द्वारा सीधे कृषकों के खाते में किया जाएगा।

इस अवसर पर बिंदल शुगर मिल के अधिशासी जितेंद्र कुमार मलिक ने कृषकों से अपील की कि वह पूर्व के वर्षों की तरह इस वर्ष भी चीनी मिल का सहयोग करते हुए साफ सुथरा ताजा, जड़-पत्ती एवं अगोला रहित गन्ना ही चीनी मिल में आपूर्ति करें।

इस दौरान गन्ना समिति नूरपुर के सचिव प्रदीप कुमार शर्मा, मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह, आईटी हेड शशि शर्मा, समिति के लेखाकार मोहित कुमार एवं उप प्रबंधक आईटी मनजीत त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## ऑल सेंट के विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** बाल दिवस पर आल सेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभाशाली छात्रों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में मुलाकात कर शिष्टाचार और आत्मविश्वास के साथ अपने विचार एवं अनुभव साझा किये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के आल सेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य पी.एस. चौहान और शिक्षिका जैनब बानो के नेतृत्व में छात्रों का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति भवन पहुंचा, जहां बच्चों का उत्साह देखने योग्य था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बच्चों का आत्मीयता और सौहार्द के साथ स्वागत किया तथा उनसे बातचीत कर उनके भविष्य, पढ़ाई और रुचियों के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने भी पूरे शिष्टाचार और आत्मविश्वास के साथ अपने विचार एवं अनुभव साझा किए। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की छात्रा लीबा नूर (कक्षा 7) ने राष्ट्रपति से अपनी पढ़ाई और करियर से जुड़ी आकांक्षाओं पर चर्चा की। वहीं



विचार व अनुभव किए साझा

ऐहतेशाम चांदी (कक्षा 12) ने विज्ञान क्षेत्र में अपनी रूचि के बारे में जानकारी दी और कहा कि राष्ट्रपति से मुलाकात ने उन्हें और अधिक प्रेरित किया है। छात्रा वरदा आयशा (कक्षा 12) ने बताया कि यह अवसर उनके व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। राष्ट्रपति के सरल और प्रेरणादायी व्यवहार ने उन्हें समाज के लिए बेहतर कार्य करने की प्रेरणा दी। इसी प्रकार स्पर्श सैनी (कक्षा 12, निवासी मोहल्ला खुराड़ा, शेरकोट) ने इस मुलाकात को अपने जीवन का सबसे यादगार क्षण बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रथम नागरिक से मिलना एक ऐसा अनुभव है, जो जीवनभर प्रेरणा देता रहेगा। प्रधानाचार्य पी.एस. चौहान ने कहा कि राष्ट्रपति से बच्चों की मुलाकात विद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि छात्रों का चयन उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा, अनुशासन और विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। प्रधानाचार्य ने यह भी कहा कि ऐसे अनुभव बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका समझने में मदद करते हैं। शिक्षिका जैनब बानो ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से छात्रों की यह मुलाकात उनके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भरेगी और उन्हें उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय प्रबंधक शादाब खान ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस मुलाकात ने विद्यालय का मान बढ़ाया है। बच्चों के अभिभावकों ने भी गर्व प्रकट करते हुए कहा कि उनके बच्चों को यह सम्मान मिलना अत्यंत सौभाग्य की बात है।

मुलाकात के बाद बच्चे राष्ट्रपति भवन के विभिन्न प्रांगणों का अवलो. कन कर भारत की कला, संस्कृति और विरासत से रूबरू हुए। वही विद्यालय प्रबंधक शादाब खान ने बताया गया कि आने वाले समय में भी बच्चों को ऐसे ही अवसर प्रदान करने के लिए विद्यालय लगातार प्रयासरत रहेगा।

## एक नजर

### विश्व उर्दू दिवस पर कार्यक्रम

**नगीना।** विश्व उर्दू दिवस के अवसर पर सामरी साहित्य कला अकादमी के तत्वावधान में ए.के. मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कवि और साहित्यिक हस्तियों ने भाग लिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता शिक्षाविद् डॉ. आलमगीर काजमी ने की। जबकि संचालन प्रसिद्ध उर्दू लेखक और कॉलम लेखक डॉ. शेख नगीनवीं ने बखूबी निभाया। इस अवसर पर तनवीर आलम अंसारी को 'सामरी साहित्य पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि, विश्व प्रसिद्ध कवि अथर शकील ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि उर्दू सिर्फ भारतीय उपमहाद्वीप की नहीं, बल्कि एक वैश्विक भाषा है, जो पूरी दुनिया में बोली जाती है। उन्होंने कहा कि उर्दू भारत की साझा संस्कृति, प्रेम, सहिष्णुता और भाईचारे की प्रतीक है। उर्दू हमारी पहचान है। डॉ. आलमगीर काजमी ने कहा कि उर्दू दिवस हमारी भाषा, संस्कृति और पहचान के उत्सव का दिन है। उन्होंने कहा कि उर्दू सिर्फ एक भाषा नहीं बल्कि प्रेम, संस्कृति और मानवता की आवाज है। यह हमारी साझा गंगा-जमुनी तहजीब का सुंदर उदाहरण है। प्रसिद्ध उर्दू साहित्यकार डॉ. शेख नगीनवीं ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि उर्दू के विकास के लिए आवश्यक है कि भाषा को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियां जारी रहें। नए लेखकों की रचनाओं को प्रकाशित कर उन्हें प्रेरित किया जाए और आधुनिक तकनीक अपनाकर इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बढ़ावा दिया जाए। समाजवादी पार्टी के नेता शमशाद रशीद ने भी उर्दू की अस्तित्व और संरक्षण पर प्रकाश डाला।

### बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्यक्रम



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में वनवासी हुतात्मा बिरसा मुंडा जयंती पर विविध सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय गतिविधियों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बिरसा मुंडा की फोटो पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इसके बाद आदिवासी संस्कृति को दर्शाने वाली मनमोहक आदिवासी नृत्य प्रस्तुति हुई, जिसमें आयशा, गौरी और वंशिका ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। छात्राओं सिमरन, भूमि, मीनाक्षी, राशि और जोया ने प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर बिरसा मुंडा के संघर्ष, जनहित के संदेश और समाज सुधार के विचारों को सजीव किया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर अपनी कला प्रतिभा का परिचय दिया। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम प्रधानाचार्य रेखा देवी के निर्देशन में किए गए। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं मार्गदर्शन में शिक्षिका जॉली, सुषमा कुमारी, उषा रानी, सारिका, रीना यादव, अर्चना गुलाटी, विनोद शर्मा और धर्मवती का विशेष सहयोग रहा।

### बाल दिवस पर बच्चों को किया सम्मानित




**धामपुर।** हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति के संरक्षक डा. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक द्वारा सार्थक रस्तौगी, रुद्रांश सैनी, वेद सैनी, राज सैनी, लक्ष्य सैनी आदि बच्चों को बाल दिवस पर मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया व बिस्कुट टॉफी भेंट किये गए। डा. जितेन्द्र कौशिक ने बताया हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति द्वारा बाल दिवस के शुभ अवसर पर बच्चों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा बाल दिवस के गीतों पर सुंदर सुंदर प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम के अंत मे सभी बच्चों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। निर्मला कौशिक ने बताया की समिति का उद्देश्य बच्चो कों सम्मानित करके आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को उनके जन्मदिन के अवसर पर नमन किया गया। साथ ही उनके जीवन के कुछ मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया।

### भाकियू भानू का परिचय सम्मेलन



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन भानू का कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में संगठन के विस्तार, नई कार्यकारिणी के गठन तथा सभी ब्लॉक व तहसील स्तर पर दायित्व निर्धारण पर चर्चा की गई। जो साथी बैठक में उपस्थित नहीं हो सके, उनसे शीघ्र संपर्क कर संगठन को और मजबूत बनाने पर बल दिया गया। युवा जिला अध्यक्ष अचल शर्मा ने जिलाध्यक्ष इकबाल राइन का स्वागत किया। उसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों से किसी भी प्रकार की घटतौली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष इकबाल राईन, युवा जिला अध्यक्ष अचल शर्मा, प्रदेश महासचिव राजेंद्र सिंह, मुख्य जिला प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार, जिला संगठन मंत्री अशोक कुमार, एससी/एसटी जिला अध्यक्ष सुनील कुमार, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीना सिंह सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। युवा जिला अध्यक्ष अचल शर्मा द्वारा मौहम्मद नईम अहमद को नजीबाबाद नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के अंत में इकबाल भाई ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद व्यक्त किया।

### बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नगीना।** बाल दिवस के अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन रावलहेड़ी उच्च प्राथमिक विद्यालय में बड़े उल्लास के साथ बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई, जिसके बाद उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्राओं के गीतों ने पूरे वातावरण को खुशनुमा और देशभक्ति के रंग में रंग दिया। शिक्षक परवेज आदिल ने बच्चों को संबोधित करते हुए पंडित नेहरू के जीवन और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेहरू जी को बच्चों से बहुत प्रेम था, इसीलिए उनके जन्मदिन को 'बाल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर परवेज आदिल, सौरभ शुक्ला, स्वाति वर्मा, रेनू रानी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## पहला टेस्टः कोलकाता में लगी विकेटों की पतझड़ के बीच

# भारतीय टीम को मिली जीत की सुगंध



**कोलकाता, वार्ता।** रवींद्र जडेजा (चार विकेट) और कुलदीप यादव (दो विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भारत ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के दूसरी पारी में 93 पर सात विकेट झटक कर मैच में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। दक्षिण अफ्रीका अभी 63 रनों से आगे है और उसके तीन विकेट बाकी हैं। भारत को पहली पारी में 189 रन पर समेटने के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की एक बार फिर शुरुआत अच्छी नहीं रही और वह भारतीय स्पिन गेंदबाजी आक्रमण के आगे बेबस नजर आया। लेफ्टआर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा ने 29 रन पर चार लेकर मेहमान टीम को झकझोर दिया। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने 12 रन पर दो विकेट निकाले। लेफ्टआर्म स्पिनर अक्षर पटेल को 30 रन पर एक विकेट मिला। दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में कप्तान टेम्बा बावुमा ने सर्वाधिक नाबाद 29 रन बनाए। रायन रिकलटन (11), वियान मुल्डर (11) और मार्को यानसन (13) ही दहाई की संख्या में पहुंच सके। स्टंप्स के समय बाबुमा के साथ कॉर्बिन बॉश एक रन बनाकर क्रीज पर थे। मैच के दूसरे दिन कुल 15 विकेट गिरे और भारत को इस मुकाबले में जीत की सुगंध नजर आने लगी है। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 189 रन बनाकर 30 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की थी। भारत ने कल के एक विकेट पर 37 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में भारत का दूसरा विकेट 75 रन के स्कोर पर वाशिगटन सुंदर के रुप में गिरा। उन्हें साइमन हार्मर ने आउट किया। इसके बाद केशव महाराज ने केएल राहुल 39 रन को आउट किया। ऋषभ पंत (27 रन) को कॉर्बिन बॉश ने अपना शिकार बनाया। 49वें ओवर में हार्मर ने धुव जुरेल (14) को अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया। उन्होंने रवींद्र जडेजा (27) को भी अपना शिकार बनाया। इस दौरान मैच में आक्रामक बल्लेबाजी और धैर्यपूर्ण डिफेंस का मिश्रण देखने को मिला। राहुल ने केशव महाराज की गेंद पर एक छक्का और कई चौके लगाए, जबकि पंत शानदार फॉर्म में थे और आउट होने से पहले उन्होंने दो छक्के और इतने ही चौके लगाए। सुंदर ने भी अपनी पहुंच और टाइमिग का अच्छा इस्तेमाल करते हुए एक छक्का और दो चौके लगाकर प्रभावित किया। भारत का सातवां विकेट कुलदीप यादव (एक) का विकेट 172 के स्कोर पर गिरा। उन्हें मार्को यानसन ने आउट किया। मोहम्मद सिराज (एक) को भी यानसन ने अपना शिकार बनाया। 63वें ओवर की दूसरी

**लेफ्टआर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा ने 29 रन पर चार विकेट लेकर मेहमान टीम को झकझोरा**

गेंद पर साइमन हार्मर ने अक्षर पटेल (16) को आउटकर नौ विकेट पर 189 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। इससे पहले शुभमन गिल स्वीप शॉट लगाने के प्रयास में 79/2 के स्कोर पर चोटिल होकर पवेलियन लौट गए थे और वह दोबारा बल्लेबाजी करने मैदान पर नहीं उतरे। दक्षिण अफ्रीका के लिए साइमन हार्मर ने चार विकेट लिए। मार्को यानसन को तीन विकेट मिले। कॉर्बिन बॉश और केशव महाराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## गिल चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए

- **द. अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन के खेल के सुबह के सत्र में गर्दन में ऐंठन के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए थे**



**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन के खेल के सुबह के सत्र में गर्दन में ऐंठन के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए। बीसीसीआई ने शनिवार दोपहर इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है।

गिल ड्रिक्स ब्रेक के ठीक बाद बल्लेबाजी करने आए जब साइमन हार्मर ने वाशिगटन सुंदर को आउट किया। दाएं हाथ के स्पिनर ने भारत के चौथे नंबर के बल्लेबाज को राउंड द स्टंप्स से गेंदबाजी जारी रखी, जिन्होंने पहली गेंद पर डिफेंस किया और फिर अगली गेंद पर स्लॉग स्वीप किया। उन्होंने अच्छी तरह से गेंद को हिट किया और अपना पहला चौका भी लगाया, लेकिन शॉट लगाने के तुरंत बाद ही वह असहज महसूस करने लगे। फज़ियो गिल को देखने आए, जिन्होंने अपनी गर्दन के पिछले हिस्से को पकड़ रखा था और अपना सिर खुलकर नहीं हिला पा रहे थे।

त्वरित जांच के बाद, गिल रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए, और उनकी जगह ऋषभ पंत मैदान पर आए। वह भारत की पहली पारी के दौरान पूरी पारी में बल्लेबाजी के लिए नहीं लौटे, जो अगले डेढ़ सत्र में 189/9 पर समाप्त हुई - 30 रनों की बढ़त के साथ। बीसीसीआई ने कहा कि आज (शनिवार) उनके खेल में भाग लेने पर भी मेडिकल स्टाफ की निगरानी रहेगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी बैंकॉक में होगी

**दुबई, वार्ता।** चार महाद्वीपों की आठ टीमों के बीच नया वैश्विक टूर्नामेंट 'आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी' 20 से 30 नवम्बर तक बैंकॉक में खेला जाएगा। महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के पहले संस्करण में थाईलैंड, पापुआ न्यू गिनी, नीदरलैंड, यूएई, स्कॉटलैंड, नामीबिया, तंजानिया और युगांडा हिस्सा लेंगे। पहले दिन 20 नवम्बर को थाईलैंड बनाम नीदरलैंड और पापुआ न्यू गिनी बनाम यूएई के बीच मैच खेले जाएगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इस टूर्नामेंट का आयोजन भारत और श्रीलंका में हाल ही में हुए संपन्न हुए एकदिवसीय महिला विश्व कप की सफलता को देखते हुए किया जा है। इस दौरान 'भारत में 50 करोड़ से अधिक दर्शकों ने इसे देखा और 'विभिन्न देशों में दर्शकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि' भी हुई थी।

### टेनिस प्रीमियर लीग की रेस टू गोल्ड मास्टर्स दिल्ली में शुरू

**नई दिल्ली, वार्ता।** टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) रेस टू गोल्ड मास्टर्स टूर्नामेंट का पहला चरण शनिवार को दिल्ली लॉन टेनिस एसोसिएशन में शुरू हुआ। दिल्ली में उत्तरी क्षेत्र से शुरू होकर, यह टूर्नामेंट तीन शहरों में खेला जाएगा, जिनमें गुजरात (22 व 23 नवंबर) और मुंबई (29 व 30 नवंबर) शामिल हैं, और यह टूर्नामेंट संबंधित राज्य टेनिस संघों के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। टीपीएल की एक पहल, यह टूर्नामेंट उभरती हुई टेनिस प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करता है, जिससे उन्हें टीपीएल के अनूठे और रोमांचक 25-पॉइंट प्रारूप का उपयोग करके अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। इसका उद्देश्य भारत के टेनिस प्रतिभाओं को सामने लाना और खेल के लिए एक मजबूत घरेलू पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद करना है।

# लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में हारे



- **लक्ष्य सेन दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी केंटा के खिलाफ चले मुकाबले में 21-19, 14-21, 21-12 से हार गए**

**जापान, वार्ता।** भारतीय शटलर लक्ष्य सेन को शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले में स्थानीय बैडमिंटन खिलाड़ी केंटा निशिमोटो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा और इसी के साथ कुमामोटो मास्टर्स जापान 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

यहां कुमामोटो प्रीफेक्चुरल जिम्नेजियम में प्रतिस्पर्धा करते हुए लक्ष्य सेन, दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी केंटा निशिमोटो के खिलाफ एक घंटे 17 मिनट तक चले मुक. ाबले में 21-19, 14-21, 21-12 से हार गए। केंटा निशिमोटो के खिलाफ छह मुक. ाबलों में लक्ष्य सेन की यह तीसरी हार है। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन ने शानदार शुरुआत की और 8-4 की बढ़त बना ली, लेकिन केंटा निशिमोटो ने वापसी करते हुए पहला गेम नौ-नौ से बराबर कर दिया। इसके बाद उतार-चढ़ाव भरा मुक. ाबला चला, जिसमें कोई भी खिलाड़ी जीत हासिल नहीं कर सका।

स्कोर 18-18 से बराबर था जब निशिमोटो ने दो महत्वपूर्ण अंक बनाए और कुछ ही क्षणों बाद गेम को अपने नाम कर लिया। लय को बरकरार रखते हुए केंटा निशिमोटो ने दूसरे गेम में जोरदार वापसी की और 7-3 की बढ़त बना ली। हालांकि, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने अगले नौ में से आठ अंक जीतकर मध्यांतर तक 11-8 की बढ़त बना ली। गेम दोबारा शुरू होने के बाद, लक्ष्य ने तीन अंकों की बढ़त बरकरार रखी और फिर लगातार चार अंक बनाकर निर्णायक गेम में जगह बना ली। निर्णायक गेम एकतरफा मुकाबले में बदल गया। मध्यांतर तक निशिमोटो ने चार अंकों की बढ़त बनाए रखी और उसके बाद अपनी पकड़ और मजबूत करते हुए लगातार अंतर बढ़ाते हुए मैच को आसानी से अपने नाम कर लिया।

## वेस्ट जोन ने नॉर्थ जोन को हराकर जीता खिताब

- **सीनियर वुमेंस इंटर जोनल टी-20 के फाइनल में वेस्ट जोन ने 25 रनों से मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सीनियर वुमेंस इंटर जोनल टी20 ट्रॉफी 2025 के फाइनल में शुक्रवार को वेस्ट जोन ने नॉर्थ जोन को 25 रनों से हराकर पहला खिताब अपने नाम किया। खिताबी मुकाबला सोविमा के नागालैंड क्रिकेट एसोसिएसन स्टेडियम में खेला गया।

यह वेस्ट जोन का घरेलू महिला टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला इंटर-जोनल खिताब था। इससे पहले के दो संस्करणों में वह क्रमशः सेंट्रल जोन और ईस्ट जोन के बाद रनर-अप रही थी। कप्तान तानिया भटिया की अगुवाई में नॉर्थ जोन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने फैसला किया। हुमैरा काजी की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत वेस्ट जोन महिला टीम ने 20 ओवर में 169/4 का स्कोर दर्ज किया। इसके जवाब में नॉर्थ जोन महिला टीम 20 ओवर में लक्ष्य को पूरा नहीं कर सकी और 4 विकेट खोकर 144 रन ही बना सकी। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट जोन ने शानदार शुरुआत की। सलामी बल्लेबाजों हुमैरा काजी और किरण नवगीरे ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए टीम की नींव मजबूत की। केपी नवगीरे 245 रन बनाकर टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर रहीं। छठे ओवर में वेस्ट जोन को पहला झटका अमनदीप कौर ने दिया। अमनद. ीप ने किरण को अपना शिकार बनाया। किरण ने 18 गेंदों में 34 रनों की पारी खेली, जिसमें चार चौके और दो छक्के भी जड़े। इसके बाद हुमैरा का साथ तेजल हसबनीस ने दिया और पारी को आगे बढ़ाया। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 77 रनों की अहम साझेदारी की। 15वें ओवर में वेस्ट जोन को दूसरा झटका हुमैरा के रूप में नजमा खान ने दिया। हुमैरा ने तूफानी अर्द्धशतकीय पारी खेलते हुए आठ चौके और एक छक्के की मदद से 44 गेंदों में 58 रन बनाए। इसके बाद तेजल भी ज्यादा देर मैदान पर अनुजा पाटिल का साथ नहीं दे सकी और 18वें ओवर में नजमा ने उन्हें अपना शिकार बनाया। तेजल ने भी तेजी से रन बटोरे, लेकिन वह अर्द्धशतक बनाने से चूक गई। तेजल ने 35 गेंदों में 43 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल रहा।

## अर्जुन एरिगैसी-पी हरिकृष्णा ने पहला गेम ड्रॉ खेला

**पणजी, वार्ता।** यहां जारी फिडे विश्व कप 2025 के पांचवें राउंड के पहले गेम में शुक्रवार को ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन के डिफेंस को भेदने की ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी की कोशिशें नाकाम रहीं, जबकि ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने ड्रा खेला। सफेद मोहरों से खेलते हुए, अर्जुन डबल रूक एंड गेम में अपनी मामूली बढ़त को भुना नहीं पाए और 41 चालों के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच अंक बराबर हो गए।

इससे पहले, हरिकृष्णा ने काले मोहरों से दमदार खेल दिखाया और सुनिश्चित किया कि जाइंट किलर ग्रैंडमास्टर जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अल्कांतारा को सफेद मोहरों से जीतने का कोई मौका न मिले। कुल 24 भारतीय खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता की शुरुआत की, जिसमें 82 देशों के 206 खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। चार राउंड के बाद, केवल दो भारतीय ही खिताब जीतने और प्रस्तावित कैंडिडेट स्पॉट हासिल करने की दौड़ में बचे हैं। शुक्रवार को, अर्जुन दो बार के चैंपियन अरोनियन के खिलाफ सफेद मोहरों से बढ़त हासिल करने के लिए बेताब थे। ऐसा लग रहा था कि अर्मेनियाई मूल के अरोनियन मुश्किल में पड़ गए हैं क्योंकि उन्हें अपनी 21वीं चाल खेलने में लगभग 30 मिनट लग गए। उनकी तारीफ की बात यह है कि उन्होंने मुश्किल से निकलने का रास्ता खोज लिया और फिर मजबूत शतरंज खेलकर यह सुनिश्चित किया कि सफेद मोहरों से खेलते हुए वे सै(ांतिक रूप से बढ़त के साथ दूसरे गेम में जाएं। हरिकृष्णा के लिए ऐसी कोई मुश्किल नहीं थी क्योंकि वे अल्कांतारा की योजना के लिए पूरी तरह तैयार थे क्योंकि दोनों खिलाड़ी तेज़ी से रूक-पॉन एंडगेम की ओर बढ़े।

## भारतीय कुश्ती महासंघ ने अमन सहरावत पर निलंबन हटाया, राहत मिली

- **भारतीय पहलवान से माफी नामा मिलने और देश के शीर्ष कोचों से परामर्श के बाद महासंघ ने अपना फैसला वापस लिया**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने अमन सहरावत पर लगाया गया एक साल का निलंबन वापस ले लिया है, क्योंकि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता इस साल की शुरुआत में विश्व चैंपियनशिप में अपने इवेंट के दौरान अधिक वजन के पाए गए थे। पेरिस 2024 में भारत के सबसे कम उम्र के ओलंपिक पदक विजेता बने अमन सहरावत का वजन क्रोएशिया के जागरेब में 2025 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग के आधिकारिक वजन के दौरान निर्धारित सीमा से 1-7 किग्रा अधिक पाया गया। अमन, जो 14 सितम्बर को अपने मुक. ाबले से 18 दिन पहले क्रोएशिया में भारत के तैयारी शिविर में शामिल हुए थे, कथित तौर पर अस्वस्थ थे और समय पर अपना वजन कम नहीं कर पाए। डब्ल्यूएफआई, जिसने पेरिस 2024 में विनेश फोगाट के निराशाजनक परिणाम के बाद से असफल वजन माप पर कड़ा रुख अपनाया है, ने शुरुआत में अमन को कारण बताओ नोटिस जारी किया और बाद में उनके जवाब को 'असंतोषजनक' पाए जाने पर उन्हें निलंबित कर दिया। हालांकि, भारतीय पहलवान से माफीनामा मिलने और देश के शीर्ष कोचों से परामर्श करने के बाद महासंघ ने अपना फैसला वापस ले लिया है। युवा नेहा सां. गवान, जिन्हें बुल्गारिया में अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अधिक वजन होने के कारण डब्ल्यूएफआई द्वारा निलंबित कर दिया गया था।

## आरआर ने जडेजा और करन के लिए संजू को किया सीएसके से ट्रेड



- **संजू सैमसन सीएसके जाएंगे, जबकि आरआर को ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और सैम करन मिलेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने ऐसे खिलाड़ियों के ट्रेड को अंतिम रूप दे दिया है, जिसके तहत संजू सैमसन सीएसके जाएंगे, जबकि आरआर को ऑलराउंडर्स रवींद्र जडेजा और सैम करन मिलेंगे। यह आईपीएल इतिहास के सबसे हाई-प्रोफाइल ट्रेड्स में से एक है। 2021 से लेकर पिछले सीजन तक आरआर की कप्तानी करने वाले सैमसन को आईपीएल 2025 से पहले 18 करोड़ रुपये में रिटेन किया गया था। सीएसके ने भी जडेजा को इतने ही मूल्य पर रिटेन किया था, जबकि करन को उन्होंने नीलामी में 2-4 करोड़ रुपये में खरीदा था। सैमसन सीएसके में उसी शुल्क पर शामिल होंगे, लेकिन जडेजा का शुल्क संशोधित होकर 14 करोड़ रुपये कर दिया गया है। करन का शुल्क जस का तस है। सैमसन ने आरआर के साथ 11 साल बिताए, लेकिन आईपीएल 2025 के बाद संकेत दिया था कि वह बदलाव चाहते हैं और फ्रेंचाइजी से रिलीज किए जाने की इच्छा जताई थी। जडेजा के लिए यह उस फ्रेंचाइजी में वापसी है जिसके साथ उन्होंने 2008 में पहले सीजन में अपना आईपीएल करियर शुरू किया था। जडेजा 2012 से सीएसके के साथ थे, सिवाय 2016 और 2017 के जब फ्रेंचाइजी निलंबित थी। उन्हें 2022 में कप्तान भी बनाया गया था, लेकिन खराब शुरुआत के बाद उन्होंने नेतृत्व एमएस धोनी को वापस सौंप दिया था। करन के लिए यह तीसरी आईपीएल फ्रेंचाइज़ी होगी। वह 2019 से 2025 के बीच सीएसके और पंजाब किंग्स के बीच आते-जाते रहे। आरआर के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट कुमार संगकारा ने कहा जडेजा का रॉयल्स में वापस आना हम सभी के लिए बेहद ख+ास है। वह फ्रेंच. इजी और फैंस को अच्छी तरह समझते हैं, क्योंकि वह आरआर के आईपीएल जीतने वाले अभियान का हिस्सा रहे हैं। इतने सालों में वह ऐसे खिलाड़ी बने हैं जो खेल को हर विभाग में प्रभावित कर सकते हैं। उनका अनुभव, संयम और प्रतिस्पर्धी रवैया हमारे ग्रुप के लिए बेहद मूल्यवान साबित होगा। शमी, नितीश राणा, फरेरा, तेंदुलकर किए गए ट्रेड जैसा कि बीते शुक्रवार को ईएसपीएन क्रिकइंफो ने रिपोर्ट किया था अब मोहम्मद शमी आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए खेलेंगे।

## बाबर का शतक सूखा समाप्त, पाक ने जीती सीरीज

- **पाक ने मेहमान टी को 288 रनों पर रोकने के बाद, बाबर आजम ने नाबाद 102 और फखर के 78 के अर्द्धशतक की बदौलत पाक ने आसानी से यह लक्ष्य हासिल किया**



**रावलपिडी, वार्ता।** पाकिस्तान ने रावलपिडी में दूसरे वनडे में श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज अपने नाम कर ली। यह मैच पहले गुरुवार को होना था, लेकिन सुरक्षा कारणों से इसे एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। मेहमान टीम को 288 रनों पर रोकने के बाद, बाबर आजम के शतक (नाबाद 102) और फखर जमान (78) के अर्द्धशतक की बदौलत पाकिस्तान ने आसानी से यह लक्ष्य हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका के सलामी बल्लेबाजों ने 51 रनों की साझेदारी करके एक मज़बूत नींव रखी। हालांकि दोनों बल्लेबाज क्रीज पर अच्छी स्थिति में दिख रहे थे, लेकिन 10वें ओवर में तीसरा रन लेने की कोशिश में पथुम निसंका के रन आउट होने के बाद उनकी साझेदारी अचानक टूट गई। इसके बाद 14वें ओवर की शुरुआत में अबरार अहमद की गुगली का शिकार कामिल मिशारा स्टंप आउट हो गए। कुसल मेंडिस भी ज़्डादा देर तक नहीं टिक पाए और 20वें ओवर में अबरार की गेंद पर पुल-शॉट लगाकर मिड-विकेट पर आउट हो गए। इस लेग स्पिनर ने एक ओवर बाद ही चरिथ असलांका को कैच देकर मेहमान टीम का स्कोर 98/4 कर दिया। सदीरा समरविक्रमा और जनिथ लियानागे के बीच 61 रनों की साझेदारी के बाद श्रीलंका की साझेदारी की जरूरत कुछ हद तक पूरी हुई। 32वें ओवर में हारिस रऊफ की गेंद पर समरविक्रमा ने लाइन पार करने की कोशिश में अपना ऑफ स्टंप गंवा दिया, लेकिन श्रीलंका की वापसी कामिडु मेंडिस ने की, जो सकारात्मकता के साथ मैदान पर उतरे। लियानागे के अर्द्धशतक के साथ 73 रनों की एक और महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। हालांकि, पाकिस्तान ने लगातार दो ओवरों में कामिडु और लियानागे को आउट करके जवाबी हमला किया और 44वें ओवर की समाप्ति पर श्रीलंका का स्कोर 241/7 हो गया। अगले ही ओवर में दुष्मंथा चमीरा गोल्डन डक पर आउट हो गए, जिन्हें रऊफ ने एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। लेकिन वानिदु हसरंगा और प्रमोद मदुशन के बीच 44 रनों की शानदार साझेदारी ने सुनिश्चित किया कि श्रीलंका की पारी बिना संघर्ष के समाप्त न हो। अंतिम ओवर में श्रीलंका ने तीन चौकों सहित 18 रन बटोरे और 288/8 का स्कोर बनाया। जवाब में, पाकिस्तान की शुरुआत शानदार रही और मदुशन ने उनकी मदद की, जिन्होंने दूसरे ओवर में 11 वाइड दिए। फखर जमान और सैम अयूब दोनों ने लगातार ढीली गेंदों का फायदा उठाया। श्रीलंका की लापरवाही उनके क्षेत्ररक्षण में भी दिखाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन ने 1000 टन का सोने का भंडार खोजा

**बीजिंग।** चीन ने शिनजियांग के कुनलुन पहाड़ों में सोने का विशाल भंडार खोजा है। इस सर्वे में शामिल भू-विज्ञानियों के मुताबिक शुरुआती अनुमान बताते हैं कि यहां कुल सोने का भंडार 1000 टन से भी ज्यादा हो सकता है। साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट के मुताबिक एक साल में यह तीसरी बार है जब चीन को 1000 टन से ज्यादा का सोने का भंडार मिला है। इससे पहले ऐसे दो बड़े भंडार लियाओनिंग और हुनान में मिले थे। दुनिया में सिर्फ 5 सोने के भंडार ऐसे हैं जो 1000 टन से ज्यादा बड़े हैं। ऐसे में इसे एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। इसकी कीमत लगभग 1164 लाख करोड़ भारतीय रुपये होगी।

### शेनझोउ-20 अंतरिक्ष यात्री बीजिंग पहुंचे

**बीजिंग।** शेनझोउ-20 का चालक दल अपना अंतरिक्ष स्टेशन मिशन पूरा करने के बाद विमान से बीजिंग पहुंच गया है। तीनों अंतरिक्ष यात्री-चेन डोंग, चेन झोंगरुई और वांग जी शेनझोउ-21 अंतरिक्ष यान से पृथ्वी पर शुक्रवार को सुरक्षित उतर गए। उल्लेखनीय है कि जिस वापसी यान में वे सवार थे वह अंतरिक्ष मलबे से टकराने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि टीम ने अपने शेनझोउ-20 अंतरिक्ष यान को कक्षा में छोड़ दिया और शेनझोउ-21 का इस्तेमाल करके वापस लौटे हैं। सीएमएसए ने कहा कि 204 दिनों तक कक्षा में रहने के बाद तीनों अंतरिक्ष यात्री स्वस्थ हैं और उनका वापसी मिशन सफल रहा।

### पूर्वी अफगानिस्तान में जल आपूर्ति नेटवर्क शुरू

**काबुल।** अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत नांगरहार में एक नए जल आपूर्ति नेटवर्क शुरू किया गया है। सरकारी न्यूज एजेंसी बख्तर ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि लाल. पुर जलि में निर्मित इस परियोजना का उद्देश्य 665 परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है, जिन्हें हाल ही में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ा है। इस नेटवर्क से पानी की कमी से प्रभावित निवासियों की दैनिक कठिनाइयां कम होने उम्मीद है।

### रूस में सड़क हादसे में सात की मौत, 15 घायल

**मास्को।** रूस के पर्म क्षेत्र में एक छोटी यात्री बस और ट्रक में टक्कर होने की वजह से सात लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। रूस की तास न्यूज एजेंसी ने ने शुक्रवार को क्षेत्रीय आपातकालीन सेवाओं के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार यह दुर्घटना आर-243 कोस्त्रोमा- शार्या-किरोव-पर्म सड़क के 55 किलोमीटर दूर पर हुई। घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

# बांग्लादेश में हिंसा जारी, 5 जिलों में हाईवे जाम

## हसीना को सजा सुनाए जाने से पहले आगजनी, राजधानी ढाका में सेना की 12 टुकड़ियां तैनात

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को दो दिन बात मानवता के खिलाफ अपराध मामले में सजा सुनाई जाने वाली है। इससे पहले राजधानी ढाका में जारी आगजनी और हिंसा की घटनाओं के बाद सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई है। हसीना के समर्थकों ने ढाका समेत पांच जिलों में हाईवे जाम कर रखा है। सरकार ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बार्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) की 12 अतिरिक्त टुकड़ियां शहर में तैनात की हैं, जो लगातार गश्त कर रही हैं।

राजधानी के प्रमुख इलाकों में पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती बढ़ाई गई है। यहां हाल के दिनों में वाहनों में आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई थीं। इससे पहले भी बांग्लादेश सरकार ढाका और आसपास के जिलों में बीजीबी की 14 टुकड़ियां तैनात कर चुकी है ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे और किसी तरह की अराजकता न फैले। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के समर्थकों के तेवर और तीखे हो गए हैं। उनकी मांग है कि पूर्व पीएम हसीना के खिलाफ झूठे मामले वापस



■ राजधानी के प्रमुख इलाकों में पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती बढ़ाई गई

लिए जाएं। साथ ही फरवरी में चुनाव की तारीख का ऐलान किया जाए। शुक्रवार को अवामी लीग के कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ भी झड़पें हुईं। अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास दो बम विस्फोट हुए। इससे पहले 13 नवम्बर को हसीना के खिलाफ फैसले की तारीख के ऐलान से पहले अवामी लीग ने विरोध में पूरे देश में प्रदर्शन किए। इसके जवाब में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ता ढाका के कई इलाकों में सड़कों पर उतर आए और कुछ जगहों पर जुलूस भी निकाले। इंटरनेशनल क्राइम्स कोर्ट (आईसीटी) 17 नवम्बर को हसीना के खिलाफ मानवता के विरुद्ध अपराध के मामले में फैसला सुनाएगी। हसीना पर 2024 में छात्र आंदोलन में हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है। जमात भी यूनुस सरकार के खिलाफ उतरी कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी ने भी यूनुस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ढाका की बड़ी मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद जमात के नायब-ए-अमीर सैयद अब्दुल्ला ने कहा कि फरवरी में चुनाव और जनमत संग्रह (रेफरेंडम) एक साथ नहीं कराया जाए। जनमत संग्रह के मुद्दे पर यूनुस सरकार को नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) का साथ मिल गया है। एनसीपी के चीफ कोआर्डिनेटर नसीरुद्दीन पटवारी ने शुक्रवार को कहा कि फरवरी में चुनाव के साथ जनमत संग्रह कराया जाना ठीक रहेगा।




**हैदराबाद, तेलंगाना। आवारा कुत्तों के समर्थन में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान नारे लगाते पालतु पशु प्रेमी और पीपुल फॉर एनिमल (पीएफए) अभया के सदस्य।**

## चीन ने अपने नागरिकों से जापान नहीं जाने का आग्रह किया

**बीजिंग।** चीन ने अपने नागरिकों से जापान की यात्रा न करने का आग्रह किया है और प्रधानमंत्री साने ताकाइची की ताइवान संबंधी टिप्पणियों को लेकर बीजिंग स्थित जापान के राजदूत को तलब किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार चीन और जापान के बीच इस हफ्ते वाकयुद्ध तेज हो गया है, जिसकी शुरुआत ताकाइची के उस बयान से हुई है, जिसमें अगर चीन ताइवान पर हमला करता है तो जापान अपनी आत्मरक्षा सेना के साथ जवाब दे सकता है। इसके बाद दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों ने एक-दूसरे के समक्ष गंभीर विरोध दर्ज कराया है। यह विवाद चीन और जापान के बीच ऐतिहासिक दुश्मनी के साथ-साथ स्वशासित ताइवान की संप्रभुता पर लंबे समय से चले आ रहे अस्पष्ट दृष्टिकोण को भी अभिव्यक्त करता है।

# दो राज्यों में हार के बाद टैरिफ पर पलटे ट्रम्प

## बीफ-कॉफी और फलों से टैरिफ हटाया, अमेरिकियों का सालाना खर्च 8 लाख बढ़ने के बाद लिया फैसला

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प वर्जीनिया और न्यू जर्सी में हुए चुनावों में हारने के बाद टैरिफ से पीछे हट रहे हैं। ट्रम्प ने शुक्रवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसमें बीफ, काफी और फलों सहित दर्जनों एग्रीकल्चर प्रोडक्ट पर लगे टैरिफ हटा दिए गए हैं। इसके पीछे मंहगाई बड़ी वजह है। ट्रम्प प्रशासन के अनुसार यह कदम उत्पादों की कीमतों को स्थिर करने के लिए उठाया गया है। इन पर लगाए गए टैरिफ का बोझ सीधे उपभोक्ताओं पर पड़ रहा था। बीफ, काफी, चाय, फलों का जूस, कोको, मसाले, केले, संतरे, टमाटर और कुछ खाद उत्पादों को टैरिफ फ्री कैटेगरी में शामिल किया गया है।

द गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक खाद्य पदार्थों की कीमतें अप्रैल से सितम्बर 2025 तक 2.7 प्रतिशत बढ़ीं, जिसमें बीफ 7 प्रतिशत और केले 7 प्रतिशत महंगे हुए हैं। अमेरिकियों का कहना है कि उनकी मासिक लागत में एवरेज 9 हजार रुपये से 66 हजार रुपये तक बढ़ोतरी हुई है। कुल मिलाकर, टैरिफ ने अमेरिकी परिवार के सलाना खर्च को एवरेज 2 से 8 लाख रुपये तक बढ़ा दिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने बीफ, काफी और दूसरे वस्तुओं पर टैरिफ हटाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। पिछले महीनों में बीफ सहित कई खाद्य उत्पादों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। अप्रैल में ट्रम्प ने कई देशों पर टैरिफ लगाए थे। उनके प्रशासन का दावा था कि इनसे उपभोक्ता कीमतें नहीं बढ़तीं। लेकिन नतीजा इसके उलट आया। ब्राजील जैसे बड़े बीफ निर्यातक देश पर टैरिफ को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया। यह फैसला इक्वाडोर, ग्वाटेमाला, एल साल्वाडोर और अर्जेंटीना के साथ हुए समझौतों के तुरंत बाद आया। इनसे इन देशों से कृषि उत्पादों पर आयात टैक्स कम होगा। इस हफ्ते ट्रम्प ने काफी पर टैरिफ कम करने का संकेत दिया था, जिससे इम्पोर्ट आगे बढ़ सके। 2025 में अमेरिका का सबसे बड़ा कृषि व्यापारिक साझेदार मेक्सिको है, जो एक्सपोर्ट और आयात दोनों के मामले में टाप पर है। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट आफ एग्रीकल्चर (यूएसडीए) के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में अमेरिका ने मेक्सिको को रिकॉर्ड 30.3 अरब डालर के कृषि उत्पाद एक्सपोर्ट किए, जो 2023 से 7 प्रतिशत ज्यादा था। कुल व्यापार मूल्य के लिहाज से, 2020-24 के एवरेज में मेक्सिको ने अमेरिका को 41.6 अरब डालर के इम्पोर्ट किए, जो सभी कृषि आयातों का लगभग 25 प्रतिशत है, जबकि कनाडा दूसरे स्थान पर 35 अरब डालर के साथ है। मुख्य एक्सपोर्ट में मक्का (5.51 अरब डालर), सूअर का मांस, डेयरी उत्पाद, सोयाबीन और मुर्गी मांस शामिल हैं, जबकि इम्पोर्ट में टमाटर, एवोकाडो, बेरीज और सब्जियां प्रमुख हैं। समझौते के कारण मेक्सिको के ज्यादातर उत्पादों पर टैरिफ शून्य हैं, जिससे यह व्यापार आसान और तेजी से बढ़ा है। पिछले चार वर्षों में निर्यात 65 प्रतिशत ऊपर हो गया। ट्रम्प ने 5 मार्च को अमेरिकी संसद के जाइंट सेशन में दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि हमारी इकोनामी लगातार घाटे में जा रही है। इस नुकसान से बचने के लिए हम उन सभी देशों पर टैरिफ लगाएंगे, जो हमारे सामानों पर टैरिफ लगाते हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने करीब एक महीने बाद 2 अप्रैल को भारत समेत 69 देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। यह 9 अप्रैल से लागू होने वाला था, लेकिन ट्रम्प ने तब इसे टाल दिया। बाद में 31 जुलाई को ट्रम्प ने 100 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाया, जो अगस्त में पूरी तरह लागू हो गया। भारत और अमेरिका के बीच डेयरी प्रोडक्ट्स को लेकर विवाद है। अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं।



■ ट्रम्प प्रशासन के अनुसार यह कदम उत्पादों की कीमतों को स्थिर करने के लिए उठाया गया है
■ इन पर लगाए गए टैरिफ का बोझ सीधे उपभोक्ताओं पर पड़ रहा था

### ट्रम्प दायर करेंगे बीबीसी के खिलाफ मुकदमा

**वाशिंगटन।** अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह पैनोरमा द्वारा उनके भाषण को संपादित किए जाने को लेकर बीबीसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। गौरतलब है कि इस मामले में पैनोरमा मीडिया ने ट्रम्प से माफी तो मांग ली है लेकिन उन्हें नुकसान की भरपाई (मुआवजे) करने से इनकार किया है। ट्रम्प ने शुक्रवार शाम एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हम उन पर एक से पांच अरब डॉलर के बीच के मुआवजे का मुकदमा करेंगे। संभवत: अगले हफ्ते कभी भी यह कदम उठा सकते हैं। बीबीसी ने गुरुवार को कहा था कि छह जनवरी 2021 के भाषण के संपादन में अनजाने में यह गलती हो गई कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने हिंसक कार्रवाई का सीधा आह्वान किया था और कहा कि इसे फिर से प्रसारित नहीं किया जाएगा। बीबीसी ने ट्रम्प से माफी मांगी, लेकिन कहा कि वह आर्थिक मुआवजा नहीं देगा। बीबीसी ने यह बयान ट्रम्प के वकीलों की धमकी दिए जाने के बाद जारी किया, जिसमें उनके वकीलों ने कहा था कि अगर बीबीसी ने अपना बयान वापस नहीं लिया, माफी नहीं मांगी और उन्हें मुआवजा नहीं दिया, तो वे बीबीसी पर एक अरब डॉलर का मुक़दमा करेंगे।

# विदेशी कर्मचारियों को जेडी वेंस न सस्ता नौकर बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एच-1बी वीजा विवाद के बीच विदेशी मजदूरों को लेकर छिड़ी बहस अब और तेज हो गई है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने विदेशी कर्मचारियों को सस्ता नौकर बताया और कहा कि हमें उनकी जरूरत नहीं है।

वेंस ने विपक्षी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि डेमोक्रेट्स का मॉडल कम वेतन वाले प्रवासियों को देश में लाने पर जोर देता है। इससे अमेरिकी लोगों के रोजगार, वेतन और समृद्धि को नुकसान पहुंचेगा। वेंस ने कहा कि ट्रम्प का मॉडल दूसरा है जो अमेरिका में डेवलपमेंट का रास्ता खोलेगा। उन्होंने कहा: अमेरिकी मजदूरों को तकनीक से मजबूत बनाना चाहिए, न कि सस्ते विदेशी श्रम पर निर्भर होना चाहिए। वहीं एच-1बी वीजा को लेकर ट्रम्प की पार्टी एक विधेयक लाने की तैयारी कर रही है, जिससे अमे. रिका में भारतीयों की एंट्री मुश्किल हो सकती है। राष्ट्रपति ट्रम्प की करीबी और अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सदस्य मार्जोरी टेलर ग्रीन ने कहा है कि जल्द ही एच-1बी खत्म करने को लेकर विधेयक लाया जाएगा। रिपब्लिकन पार्टी की मार्जोरी का आरोप है कि एच-1बी वीजा का गलत इस्तेमाल हो रहा है। अमे. रिका फर्स्ट की नीति के तहत

■ **अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा- हमें इनकी जरूरत नहीं, एच-1बी वीजा खत्म करने की तैयारी**

एच-1बी वीजा कैटेगरी को खत्म किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि अगले 10 साल तक हर साल 10 हजार डाक्टरों को एच-1बी वीजा जारी होंगे। अभी हर साल 85 हजार एच-1बी वीसा में से लगभग 70 प्रतिशत वीसा भारतीयों को जारी होते हैं। इससे पहले ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका में कुछ खास प्रतिभाओं की कमी है। ट्रम्प ने कहा था कि देश में कई अहम नौकरियों के लिए पर्याप्त टैलेंटेड लोग नहीं हैं, इसलिए विदेशी स्किल्ड वर्कर्स की जरूरत पड़ती है। हाल ही में फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने जार्जिया की एक बैटरी फैक्ट्री का उदाहरण दिया था। उन्होंने बताया कि दक्षिण कोरिया की कंपनी ने 500-600 विशेषज्ञों को बैटरी बनाने और अमेरिकी कर्मचारियों को ट्रेनिंग देने के लिए भेजा था। सितम्बर में इमिग्रेशन छापे में इन्हें अवैध बताकर देश से निकालने की कोशिश हुई। ट्रम्प बोले, श्बैटरी बनाना मुश्किल और खतरनाक काम है। अमेरिका में ऐसी प्रतिभाओं की कमी है, इसलिए एच-1बी जैसी वीजा जरूरी हैं।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कामकाज में पारदर्शिता होः भारत

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कामकाज में अधिक पारदर्शिता की जोरदार मांग की है।

न्यूयॉर्क में आयोजित यूएनएससी की खुली बहस में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की सबसे महत्वपूर्ण संस्था है, इसलिए इसके कामकाज का ईमानदार, स्पष्ट और पारदर्शी होना बेहद जरूरी है। हरीश ने कहा कि यूएनएससी की कई सहायक संस्थाओं का कामकाज अभी भी अस्पष्ट है। खासकर आतंकियों व प्रतिबंधित

■ **सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की सबसे महत्वपूर्ण संस्था:पार्वथानेनी हरीश**

संस्थाओं को सूचीबद्ध करने के प्रस्तावों को खारिज किए जाने की प्रक्रिया बहुत 'धुंधली' है। उन्होंने बताया कि जिस तरह डीलिस्टिंग (सूची से हटाने) का निर्णय स्पष्ट रूप से दर्ज होता है, उसी तरह सूचीकरण प्रस्तावों को खारिज किए जाने की जानकारी सार्वजनिक नहीं होती। उन्होंने कहा कि जो देश सुरक्षा परिषद में नहीं हैं, उन्हें तो इस प्रक्रिया की कोई जानकारी ही नहीं मिलती।

# यूक्रेन में रूसी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हुई

**कीव।** यूक्रेन में राजधानी कीव और अन्य शहरों में शुक्रवार तड़के रूस के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है और 35 घायल हुए हैं। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि रूस ने रातभर यूक्रेन की राजधानी पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया, जिससे कई महत्वपूर्ण ठिकानों को नुकसान पहुंचा। हमलों में कई शहरों को निशाना बनाया गया, जिसमें लवीव, लुत्स्क और चेर्नित्सि जैसे शहरों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा। उन्होंने बताया कि यूक्रेन पर कुल मिलाकर 430 ड्रोन और 19 मिसाइलों से हमला किया गया।

# भारत के पड़ोसी देश चीन से नोट छपवा रहे

## नेपाल ने 13 करोड़ नोट प्रिंटिंग का टेंडर दिया, सस्ती छपाई से अमेरिका-ब्रिटेन का बाजार छीन रहा

**वाशिंगटन।** भारत के अधिकांश पड़ोसी देशों की तरह ही नेपाल भी अब अपनी करेंसी प्रिंटिंग के लिए चीन का रुख कर रहा है। नेपाल राष्ट्रीय बैंक (एनआरबी) ने 7-8 नवम्बर को 1000 रुपये के 43 करोड़ नोटों की प्रिंटिंग के लिए एक टेंडर जारी किया था।

इस टेंडर को चीन की एक कंपनी ने जीत लिया है। इसके बाद नेपाली बैंक ने चाइना सीबीपीएमसी को टेंडर दे दिया। 1945 से 1955 तक नेपाल के सभी नोट भारत की नासिक स्थित सिक्योरिटी प्रेस में छपे और उसके बाद भी भारत ही मुख्य साझेदार बना रहा। हालांकि, 2015 में नेपाल राष्ट्रीय बैंक (एनआरबी) ने वैश्विक टेंडर के जरिए चाइना बैंक नोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कार्पोरेशन (सीबीपीएमसी) को कान्ट्रैक्ट दे दिया, जिसके बाद नेपाल के ज्यादातर नोट चीन में ही छपने लगे। नेपाल के अलावा श्रीलंका, मलेशिया, बांग्लादेश, थाईलैंड भी अपनी करेंसी चीन में छपवाते हैं। पिछले कुछ सालों में चीन एशियाई देशों की करेंसी का बड़ा केंद्र बन चुका है। इससे अमेरिका-ब्रिटेन के मुद्रा छापने वाले बाजार पर नेगेटिव असर पड़ रहा है। भारत में दूसरे देशों को प्रिंटिंग लागत ज्यादा पड़ती है। इसके कारण ये देश सस्ते विकल्पों की तलाश करते हैं। बांग्लादेश की टका मुद्रा 2010 से चीन में छप रही है, जहां कम लागत और उन्नत सुरक्षा फीचर्स ने इसे बढ़ावा दिया है। श्रीलंका की रुपया 2015 के बाद से मुख्य रूप से चीन पर निर्भर है। इससे पहले बांग्लादेश और श्रीलंका की करेंसी ब्रिटेन में छपते थे। अफगानिस्तान ने भी 2000 के दशक से अपनी अफगानी मुद्रा के लिए चीन को चुना। अफगानी मुद्रा 2000 के दशक से पहले रूस और 2002 से जर्मनी में छपते थे। साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के पड़ोसियों में थाईलैंड और मलेशिया भी चीन में नोट छपवा रहे हैं।



■ **नेपाल के अलावा श्रीलंका मलेशिया, बांग्लादेश, थाईलैंड भी अपनी करेंसी चीन में छपवाते हैं**

# गाजा को दो हिस्सों में बांटेगा अमेरिका

## ग्रीन जोन पर इजरायल का कंट्रोल, ग्रीन जोन दोबारा बसाया जाएगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका गाजा पटी को दो हिस्सों में बांटने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए एक लान्ग टर्म प्लान बनाया गया है। एक हिस्से पर इंटरनेशनल फोर्स (आईएसएफ) और इजरायली सेना का कंट्रोल रहेगा। इसे ग्रीन जोन कहा जाएगा।

फलस्तीनी आबादी वाले दूसरे हिस्से को फिलहाल खंडहर अवस्था में ही रहने दिया जाएगा। इसे रेड जोन नाम दिया गया है। लगभग सभी फलस्तीनी रेड जोन में विस्थापित हो गए हैं। यह दावा द गार्डियन की एक रिपोर्ट में किया गया है। इस रिपोर्ट को अमे. रिकी सेना के खुफिया दस्तावेजों और अधिकारियों के निजी बयानों के आधार पर तैयार किया गया है।

■ **फलस्तीन को खंडहर रेड जोन मिलेगा**

रिपोर्ट के मुताबिक इस प्लान को लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। गाजा के पूर्वी हिस्से में ग्रीन जोन बनाया जाएगा। यहां इजरायली सैनिकों के साथ विदेशी सैनिक भी तैनात होंगे।

यहां पर री-डेवलपमेंट का काम होगा। अमेरिका यहां तैनात होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा बलों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से औपचारिक मंजूरी दिलाने की को. शिश कर रहा है। प्लान के मुता. बिक यहां शुरुआत में कुछ सौ सैनिक तैनात होंगे। बाद में इनकी संख्या बढ़ाकर 20000 तक की जा सकती है। ग्रीन जोन से बाहर जाने की अनुमति किसी विदेशी सेना को नहीं होगी। इजरायल के नियंत्रण वाली येलो लाइन के पश्चिम का हिस्सा रेड जोन कहलाएगा।

यहां कोई री-डेवलमेंट नहीं किया जाएगा। 2 साल की जंग में सबसे ज्यादा नुकसान इसी इलाके को पहुंचा है। यहां लगभग 20 लाख की आबादी फंसी हुई है। यह पूरा प्लान हाल ही में हुए सीजफायर और डोनाल्ड ट्रम्प के उन्हीं वादों पर सवाल खड़ा करता है। ट्रम्प प्रशासन की तरफ से कहा गया था कि गाजा को एकजुट कर फलस्तीनी शासन को बहाल किया जाएगा। ट्रम्प ने 13 अक्टूबर को मिस्र के शहर शर्म अल शेख में गाजा शांति समझौते पर साइन किए थे। इस दौरान 20 से ज्यादा देशों के नेता वहां मौजूद थे, लेकिन इजरायल और हमास को नहीं बुलाया गया था। शांति प्रस्ताव पर साइन करने के बाद ट्रम्प ने समझौते का आखिरी पेज प्रेस को दिखाया था। इसपर लिखा था कि हर व्यक्ति को सम्मान, शांति और बराबर मौके मिलने चाहिए। हम चाहते हैं कि यह क्षेत्र ऐसा हो जहां हर कोई शांति और सुरक्षा में अपने सपने पूरे कर सके चाहे वह किसी भी धर्म या नस्ल का हो। ट्रम्प ने प्रेस कान्फ्रेंस में बताया था कि इस प्लान में गाजा में युद्ध रोकना, सभी बंधकों को छोड़ना और गाजा में प्रशासन चलाने के लिए एक अस्थाई बोर्ड बनाने का प्रस्ताव है।

# रियो डी जेनेरियो में गोलीबारी, छह की मौत, एक घायल

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के रियो डी जेनेरियो स्थिति एक पार्टी हॉल में कथित प्रतिद्वंद्वी आपराधिक गिरोहों के बीच शुक्रवार को हुई गोलीबारी में कम से कम छह लोग मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी उत्तरी होनोरियो गुरगेल इलाके में हुई, जहां कथित तौर पर आपराधिक गिरोह कोमांडो वर्मेलो के सदस्य एक पार्टी कर रहे थे। शुरुआती जांच के अनुसार, प्रतिद्वंद्वी गिरोह टेरसीरो कोमांडो पुरो ने आयोजन स्थल पर धावा बोला, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच भीषण गोलीबारी हुई।

# ट्रम्प प्रशासन को जज ने दिया झटका

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि ट्रम्प प्रशासन फिलहाल कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूसी) की संघीय फंडिंग न तो तुरंत रोक सकता है और न ही उस पर जुर्माना लगा सकता है। यह रोक सैन फ्रांसिस्को की संघीय जज रीटा लिन ने लगाई, जिन्होंने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली यूनियनों की याचिका पर अस्थाई निषेधाज्ञा जारी की। यूनियनों का आरोप है कि ट्रम्प प्रशासन कैलिफोर्निया विश्व. विद्यालय पर फंडिंग कटौती का दबाव डालकर अलग-अलग विचारों, खासकर विरोधी आवाजों, को चुप कराना चाहता है। उनका कहना है कि यह संविधान और संघीय कानूनों का उल्लंघन है।

■ **प्रशासन फिलहाल कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय की संघीय फंडिंग न तो तुरंत रोक सकता है और न ही उस पर जुर्माना लगा सकता है**

व्हाइट हाउस और न्याय विभाग ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इस साल गर्मियों में यूसीएलए पर 1.2 बिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही, उसके अनुसंधान फंड को भी फ्रीज कर दिया गया। प्रशासन का आरोप था कि यूसीएलए ने कैंपस में यहूदी-विरोधी घटनाओं को रोकने में विफलता दिखाई। यूसीएलए पहला सार्वजनिक विश्वविद्यालय था जिस पर इस तरह की कार्रवाई हुई। निजी विश्वविद्यालयों, जैसे कोलंबिया, पर भी प्रशासन ने फंड रोकने जैसी कार्रवाई की है। कैलिफोर्निया विवि के अध्यक्ष जेम्स बी. मिलिकेन ने कहा है कि यूसीएलए पर लगाया गया इतना बड़ा जुर्माना पूरे कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय सिस्टम को आर्थिक रूप से झकझोर देगा। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय प्रशासन फिलहाल ट्रम्प प्रशासन के साथ बातचीत कर रहा है, लेकिन वह वर्तमान मुकदमे में शामिल नहीं है। प्रशासन ने यूसीएलए के सामने कुछ सख्त शर्तें रखी हैं, जिनमें लैंगिक पहचान पर प्रशासन के विचारों के अनुसार नीति बदलना, विदेशी छात्रों को एडमिशन देने से पहले यह सुनिश्चित करना कि वे अमेरिका-विरोधी, पश्चिम-विरा. ेधी या यहूदी-विरोधी गतिविधियों में शामिल न हों।

# फिल्म फौजी दो भागों में बनाई जाएगी

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगास्टार प्रभास की फिल्म फौजी दो-भागों में बनेगी। फिल्म फौजी प्रभास की सबसे बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्मों में से एक है, जिसमें वह 'सीता रामम' के निर्देशक हनु राघवपुडी के साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से ही यह चर्चा में है, क्योंकि इसमें दर्शकों को प्रभास को आज़ाद हिंद फोर्स के एक सैनिक के रूप में देखने का अवसर मिलेगा। फिल्म ऐतिहासिक घटनाओं का काल्पनिक पुनर्कथन है। भारत की सबसे बड़ी प्रोडक्शन हाउस में से एक, मैत्री मूवी मेकर्स ने आध्किारिक तौर पर अपनी अगली मैग्नम ओपस फौजी की घोषणा की है। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म सुपरस्टार प्रभास और सीता रामम के निर्देशक हनु राघवपुडी को एक साथ लेकर आ रही है। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म का दमदार टाइटल पोस्टर जारी किया, जिसमें प्रभास को एक उग्र और प्रभावशाली लुक में दिखाया गया है, जो इंटरनेट पर तुरंत वायरल हो गया। दिलचस्प बात यह है कि फौजी की दुनिया बहुत विशाल है, और स्वयं निर्देशक हनु राघवपुडी ने पुष्टि की है कि फिल्म दो भागों में रिलीज़ होगी। निर्देशक हनु राघवपुडी ने कहा, हम इस मूवी में प्रभास की एक दुनिया को दिखा रहे हैं और दूसरा इंस्टॉलमेंट एक अलग आयाम की खोज करेगा। हमारे औपनिवेशिक अतीत में इतना व्यापक कंटेंट है,ऐसी कहानियां जो दुखद रूप से समाप्त हुईं, पर किसी और वास्तविकता में परी-कथा जैसी हो सकती थीं।

# पारुल गुलाटी हनी सिंह के साथ फिर से करेंगी काम



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री पारुल गुलाटी ने कपिल शर्मा के साथ अपनी अगली फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 के लिए यो यो हनी सिंह के साथ दस साल बाद फिर से काम करने पर बात की है। पारुल गुलाटी और संगीत स्टार यो यो हनी सिंह दस साल बाद एक बार फिर साथ काम करने जा रहे हैं। दोनों ने आखिरी बार 2016 की पंजाबी एक्शन फ्ल्मि ज़ोरावर में साथ काम किया था, जो हनी सिंह की पहली फ्ल्मि भी थी। इस बार ए जोड़ी किस किस को प्यार करूं 2 के लिए एक जोशीले प्रमोशनल गाने की शूटिग कर रही है। इस आने वाली कॉमेडी फ्ल्मि में कपिल शर्मा और पारुल गुलाटी मुख्य भूमिका में नज़र आएंगे। हनी सिंह के साथ दोबारा काम करने को लेकर पारुल ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, इतने साल बाद जब मैं हनी से मिली, तो लगा जैसे समय वहीं रुक गया हो। हम दोनों तुरंत ज़ोरावर के दिनों में लौट गए - रिहर्सल, हंसी-मज़ाक, सेट की वो मस्ती। उसके साथ दस साल बाद दोबारा काम करना एक तरफ़ पुरानी यादों जैसा था और दूसरी तरफ़ बहुत नया-नया भी लगा। उनमें आज भी वही ऊर्जा, वही जोश है, और साथ ही एक कलाकार के तौर पर वो और भी निखर गए हैं। इस गाने की शूटिग ने कई यादें ताज़ा कर दीं, और इससे बेहतर री-यूनियन मैं चाह नहीं सकती थी। सच में ऐसा लगा जैसे एक पूरा चक्र पूरा हो गया। किस किस को प्यार करूं 2 में कपिल शर्मा की पसंदीदा कॉमेडी स्टाइल और पारुल गुलाटी का सहज अंदाज़ देखने को मिलेगा। वहीं पारुल और हनी सिंह की यह जोड़ी फिर से साथ आते ही प्रशंसकों में उत्साह बढ़ गया है। यह सिर्फ़ एक संगीत सहयोग नहीं, बल्कि दोनों कलाकारों की दस साल की यात्रा का जश्न भी है, जो अब एक नई शुरुआत को जन्म दे रहा है।

# पहली बार मस्जिद जाने के लिए उत्साहित हुई सोनाक्षी

## पति जहीर ने कहा- कोई धर्म परिवर्तन के लिए नहीं जा रहा है



**मुंबई।** एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इकबाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। दोनों इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर कई रील्स और व्लाग्स शेयर करते रहते हैं। हाल ही में दोनों का अबू धाबी का नया व्लाग सामने आया है। व्लाग की शुरुआत में सोनाक्षी बताती हैं कि वह एक्टिंग और बिजनेस के साथ अपनी डेली लाइफ भी शेयर करती हैं।

उन्होंने कहा, आज हम अबू धाबी में हैं और यह ट्रिप थोड़ी अलग रहने वाली है। अबू धाबी टूरिज्म ने हमें शहर घूमने के लिए इनवाइट किया है और उन्होंने हमारे लिए सब तैयार किया है। वीडियो में आगे सोनाक्षी बताती हैं कि वे अबू धाबी की मशहूर शेख जायद ग्रैंड मस्जिद देखने जा रहे हैं। यह पहली बार है जब मैं किसी मस्जिद के अंदर जा रही हूं। मैं इससे पहले कभी नहीं गई। मैं चर्च गई हूं, मंदिर गई हूं, लेकिन मैं कभी मस्जिद नहीं गई, इसलिए मैं इसे देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं। शेख जायद ग्रैंड मस्जिद अरब अमीरात की सबसे बड़ी और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी मस्जिद है।

इस पर जहीर कहते हैं, क्लेरीफाई कर दूं, कोई सोनाक्षी कंवर्ट होने नहीं जा रहा है। हम सिर्फ मस्जिद देखने जा रहे हैं। वह बहुत खूबसूरत है और जैसे हम चर्च और मंदिर देखने जाते हैं, वैसे ही हम मस्जिद देखने जा रहे हैं। इसके बाद सोनाक्षी कहती हैं, स्पेशल मैरिज एक्ट, जिंदाबाद। बता दें कि सोनाक्षी और जहीर की शादी 23 जून 2024 को मुंबई में हुई थी। दोनों की पहली मुलाकात 2017 में सलमान खान के घर पर हुई थी। दोस्ती के बाद दोनों करीब आए। अलग धर्म से होने की वजह से उन्होंने शादी का रजिस्ट्रेशन स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 के तहत कराया था। शादी सोनाक्षी के बांद्रा स्थित घर में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई थी।



# सलमान ने धर्मेंद्र की सेहत की दुआ मांगी

**मुंबई।** दो दिनों तक हॉस्पिटल में रहने के बाद धर्मेंद्र को ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया था। अब उनका घर में ही इलाज जारी है। उन्हें डाक्टरों की निगरानी में रखा गया है। फैंस के साथ-साथ बॉलीवुड इंडस्ट्री के लोग धर्मेंद्र के जल्दी पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। एक्टर सलमान खान ने भी धर्मेंद्र के जल्दी ठीक होने की दुआ की। दबंग टूर के दौरान कतर में जब सलमान से पूछा गया कि उनकी फिटनेस इंस्पिरेशन कौन हैं, इस पर सलमान ने कहा कि मेरे आने से पहले सिर्फ एक ही आदमी थे, वो हैं धरम जी। उन्होंने आगे यह भी कहा कि वो मेरे लिए पिता जैसे हैं, बस बात खत्म। मैं उन्हें बहुत प्यार करता हूं और बस यही चाहता हूं कि वो जल्दी ठीक होकर वापस आ जाएं। सलमान के दबंग टूर में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस और तमन्ना भाटिया भी शामिल हैं। इसी बीच मुंबई पुलिस ने ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के एक स्टाफ को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप लगा कि उसने धर्मेंद्र के साथ मौजूद देओल परिवार का एक प्राइवेट वीडियो रिकॉर्ड कर लीक किया। परिवार उस समय भावुक था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आया।

# कामिनी कौशल का हुआ अंतिम संस्कार

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कामिनी कौशल का 98 वर्ष की उम्र में शुक्रवार को निधन हो गया। शनिवार को परिवार की मौजूदगी में उनके अंतिम संस्कार की रस्में शुरू हुईं। फिर उनका अंतिम संस्कार हुआ। बता दें कि कामिनी कौशल हिंदी सिनेमा की सबसे उम्रदराज एक्ट्रेस थीं। आखिरी बार वो आमिर खान और करीना कपूर स्टारर फिल्म लाल सिंह च्ढा में नजर आई थीं। इसके अलावा वो साल 2023 में शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म कबीर सिंह में शाहिद की दादी का किरदार निभा चुकी हैं। कामिनी कौशल 40 के दशक की सबसे कामयाब एक्ट्रेसेस में शामिल थीं। बाक्स आफिस इंडिया की टाप एक्ट्रेस लिस्ट में 1947 और 1948 में वो टाप एक्ट्रेस रही हैं। उन्हें साल 2022 में आउटलुक इंडिया की 75 बेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेसेस में शामिल किया गया था। 16 जनवरी1927 को कामिनी कौशल का जन्म लाहौर में हुआ था। उनके पिता प्रो। शिव राम कश्यप पंजाब विश्वविद्यालय, लाहौर में प्रोफेसर थे। उन्हें भारत में काई विज्ञान द्धब्रायोलाजीऋ का जनक भी कहा जाता है। उन्होंने पौधों की छह नई प्रजातियों की खोज की थी। कामिनी दो भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटी थीं। सात साल की उम्र में कामिनी के पिता का निधन हो गया था। कम उम्र में ही कामिनी कौशल ने आकाशवाणी के लिए प्रोग्राम करना शुरू कर दिया था, जिसके लिए उन्हें हर महीने 10 रूपए तनख्वाह मिलती थी। इसी के साथ कामिनी ने लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज से अंग्रेजी साहित्य में बी।ए। द्धआनर्सऋ किया। इसी दौरान 1946 में चेतन आनंद ने उन्हें अपनी फिल्म नीचा नगर में काम करने का आफर दिया।



# शाहरुख खान के नाम पर दुबई में बनेगी बिल्डिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की लोकप्रियता दुनिया भर में है। अब दुबई में उनके नाम पर एक बिल्डिंग बनाई जा रही है। मुंबई में एक इवेंट में शाहरुख के नाम पर बन रही बिल्डिंग की घोषणा हुई है। यह 56 मंजिला बिल्डिंग करीब 4।5 लाख वर्ग फीट में बनने वाली प्रीमियम आफिस स्पेस प्रापर्टी होगी। वहीं, इवेंट के दौरान मां को याद कर शाहरुख इमोशनल हो गए।

एक्टर ने कहा, मेरी मां आज जिंदा होती तो बहुत खुश होती। यह मेरे लिए बड़ा सम्मान है। जब मेरे बच्चे आएंगे, तो मैं उन्हें बताऊंगा कि पापा का नाम लिखा है, यह पापा की बिल्डिंग है।ष इवेंट में एंटरटेनमेंट की भी कमी नहीं रही। शाहरुख ने अपने अंदाज में मेहमानों को एंटरटेन किया। उन्होंने अपनी फिल्म ओम शांति ओम और डान के आइकोनिक मोमेंट्स भी किए।

## बॉलीवुड एक्टर इवेंट में मां को याद कर हुए इमोशनल, कहा- मां जिंदा होती, तो बहुत खुश होती

इवेंट में फराह खान भी मौजूद थीं। शाहरुख ने इवेंट में मजाक करते हुए कहा कि वह अब ईद का चांद बन गए हैं। कम दिखता हूं, लेकिन जब दिखता हूं तो अच्छा लगता है। उन्होंने आगे कहा कि मैं खुद को इतना जरूरी नहीं मानता कि फिल्मों के अलावा मेरे नाम पर कुछ हो। फिल्में मेरे प्रोफेशन और पूजा का हिस्सा हैं। बता दें कि शाहरुख के नाम पर बन रही बिल्डिंग में हेलीपैड और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं होंगी।

इस प्रोजेक्ट के तीन से चार साल में तैयार होने की उम्मीद है। इसके एंट्रेंस पर शाहरुख का एक स्टैच्यू भी लगाया जाएगा, जहां लोग फोटो ले सकेंगे। बता दें कि शाहरुख जल्द सिद्धार्थ आनंद की फिल्म किंग में नजर आएंगे। इसमें दीपिका पादुकोण, सुहाना खान, रानी मुखर्जी, अभय वर्मा और अभिषेक बच्चन भी अहम भूमिकाओं में हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108